www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, गुरुवार, 12 अक्टूबर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -187 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



लड़कियां हमारे देश की तस्वीर व तकदीर : मुर्मू 02
■ भ्रष्टाचार खत्म करना केंद्र का मकसद नहीं : केजरीवाल
■ लाल किले पर अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित 03
■ इजरायल-हमास संघर्ष में लेबनान भी कूदा
■ चीन समेत 15 देश यूएन मानवाधिकार परिषद के ... 07
वजन घटाने वालों के लिए अदा शर्मा की एक्सपर्ट ... 10

## सार संक्षेप

### माफिया की तरह काम कर रही है केंद्र सरकार : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि वह माफिया की तरह काम कर रही है और जो सच बोलता है उसे सजा दी जाती है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक हैंडल पर ट्वीट कर आज कहा कि इस सरकार में हालात यह हो गए हैं कि जो सच बोलेगा, उसे सजा मिलेगी। पिछले दिनों कैग ने प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के भ्रष्टाचार और बड़े घोटालों को उजागर किया था इस संस्थान के जिन अधिकारियों ने इस मामले की जांच की उनका अब स्थानांतरण कर दिया गया है।

### सीबीआई ने न्यूजक्लिक के खिलाफ मामला दर्ज किया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने कथित तौर पर विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के उल्लंघन को लेकर समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के खिलाफ मामला दर्ज किया है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दो स्थानों पर तलाशी ली है। बुधवार को सीबीआई की एक टीम दिल्ली में न्यूजक्लिक के फाउंडर और एडिटर प्रबीर पुरकायस्थ के घर गई और तलाशी ली। टीम ने पुरकायस्थ की पत्नी गीता हरिहरन से पूछताछ की।

### मध्य प्रदेश में टेरर फंडिंग को लेकर कई जगह दबिश




**भोपाल।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने टेरर फंडिंग को लेकर देश के अन्य हिस्सों की तरह मध्य प्रदेश में भी कई स्थानों पर दबिश दी है। राजधानी भोपाल में जहां एक परिवार के दो सदस्यों से पूछताछ की गई। वहीं, एटीएस ने नीमच में एक व्यापारी को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, एनआईए ने भोपाल के अलावा कई स्थानों पर दबिश दी है। भोपाल के खानू गांव इलाके में एक परिवार के दो सदस्यों से पूछताछ की।

### दुष्कर्म मामले में दिल्ली कोर्ट ने शाहनवाज को समन



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित बलात्कार और धमकी के एक मामले में भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन को समन भेजा है।

### पंजाब में ड्रग तस्कर गिरफ्तार 4.94 करोड़ जब्त



**चंडीगढ़।** अंतरराज्यीय मादक द्रव्य नेटवर्क को बड़ा झटका देते हुए, जम्मू-कश्मीर पुलिस और पंजाब पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में पंजाब के मुल्लांपुर दाखा से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक रिवाल्वर के साथ 4.94 करोड़ जब्त किए।

## वनडे विश्व कप




### भारत की लगातार दूसरी जीत

#### अफगानिस्तान को 8 विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** भारत ने वनडे विश्व कप-2023 में लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ली है। टीम ने बुधवार रात अफगानिस्तान को 8 विकेट से हरा दिया। भारत ने पहला मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 विकेट से जीता था। अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 273 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया ने 35 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया।

### जस्टिस नागरत्ना ने केंद्र सरकार को लगाई फटकार, कहा

# कोर्ट की हर बेंच का आदेश सुप्रीम कोर्ट का आदेश

#### खंडपीठ द्वारा पारित आदेश को वापस लेने के लिए आवेदन का मौखिक रूप से किया था उल्लेख

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बीवी नागरत्ना ने बुधवार को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के समक्ष जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस बीवी नागरत्ना की खंडपीठ द्वारा पारित आदेश को वापस लेने के लिए आवेदन का मौखिक रूप से उल्लेख करने के लिए केंद्र सरकार को फटकार लगाई। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि वह बिना आवेदन दायर किए किसी अन्य पीठ द्वारा पारित आदेश में हस्तक्षेप के लिए सीजेआई से संपर्क करने वाले संघ की कार्रवाई से 'परेशान और चिंतित' हैं। जस्टिस नागरत्ना ने चिंता व्यक्त की कि यदि ऐसी मिसाल कायम की गई तो अदालत की व्यवस्था चरमरा जाएगी। जस्टिस नागरत्ना ने संघ की ओर से उपस्थित एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, हम इसकी सराहना नहीं करते। यदि भारत संघ ऐसा करना शुरू कर देगा तो निजी पक्षकार भी ऐसा करने लगेंगी। हम अभिन्न न्यायालय हैं। सुप्रीम कोर्ट की प्रत्येक पीठ सुप्रीम कोर्ट है। हम एक न्यायालय हैं, जो अलग-अलग पीठों में बैठे हैं। अपनी ओर से बोलते हुए मैं भारत संघ की ओर से इसकी सराहना नहीं करती हूं। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस बीवी नागरत्ना की खंडपीठ ने 9 अक्टूबर को विवाहित महिला को 26 सप्ताह में अपनी अनियोजित प्रेग्नेंसी को टर्मिनेट कराने की अनुमति दी थी। याचिकाकर्ता को प्रेग्नेंसी के मेडिकल टर्मिनेशन के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली से संपर्क करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, मंगलवार की शाम 4 बजे एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के समक्ष आदेश के खिलाफ मौखिक उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की राय के बाद कि भ्रूण के जीवित पैदा होने की संभावना है, संघ आदेश को वापस लेने की मांग कर रहा है।



**यदि ऐसी मिसाल कायम की गई तो अदालत की व्यवस्था चरमरा जाएगी: जस्टिस बीवी नागरत्ना**

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह विवाद में जनहित याचिका खारिज

मथुरा की श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में दाखिल जनहित याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में बुधवार को खारिज कर दी गई। इस जनहित याचिका में विवादित परिसर हिंदुओं को सौंपे जाने की मांग की गई थी। आज दोपहर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए इसे खारिज कर दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर और जस्टिस आशुतोष श्रीवास्तव की डिवीजन बेंच ने फैसला सुनाते हुए इस याचिका को खारिज कर दिया है।

### क्रिप्टो करेंसी के जरिए हो रहा अवैध फंडिंग का बड़ा खेल

# भारत से चुराकर हमास को भेजी गई क्रिप्टो करेंसी!

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। इजरायल और हमास के बीच चल रही जंग सिर्फ गोले-बारूद से ही नहीं लड़ी जा रही है, बल्कि इसमें क्रिप्टो करेंसी के जरिए हो रही अवैध फंडिंग का भी बडा खेल है। दिल्ली पुलिस के सामने एक मामले की जांच से अब ये सवाल खड़ा हुआ कि क्यों भारत से भी क्रिप्टो करेंसी के जरिए हमास और उससे जुड़े संगठनों को फंडिग हो रही थी या डिजिटल करेंसी के चोर लोगों के वॉलेट से क्रिप्टो करेंसी चुराकर फ़िलिस्तीनी आतंकवादी संगठनों के खातों में डायवर्ट कर रहे थे। भारत की तमाम एजेंसियां अब इस बात का पता लगाने में जुट गई हैं। क्रिप्टो करेंसी की चोरी के ऐसे कितने मामले देशभर में पिछले दिनों सामने आए हैं, जिनमें फंड ट्रांसफर का रूट संदेह से भरा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल का आईएफएसओ से जुड़े सूत्रों के मुताबिक 2022 में एक बिजनेसमैन के वायलेट से करीब 30 लाख की क्रिप्टोकरेंसी चोरी की शिकायत मिली थी। आईएफएसओ की जांच में अब तक सामने आया है कि वॉलेट से चुराए गए क्रिप्टो को हमास आतंकवादियों के खातों में भेज दिया गया था। बता दें हमास के इस्राइल पर हमले के बाद जब ये बात सामने आई है कि हमास ने क्रिप्टोकरेंसी के जरिए धन जुटाने का अभियान शुरू किया है। तो आईएफएसओ ने इस पुराने मामले को पिफर से खंगालना शुरू किया है। आशंका जताई जा रही है कि फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन क्रिप्टो करेंसी से फंड जुटाने के साथ चुराने का भी काम कर रहा था।



■ **दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को मिले क्रिप्टो चोरी के एक मामलें से सुराग**

#### मोसाद की मदद से मिली जानकारी

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बाद में इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद की मदद से पता चला था कि क्रिप्टोकरेंसी हमास की सैन्य शाखा अल-कसम ब्रिगेड द्वारा बनाए गए वॉलेट में पहुंच गई थी। क्रिप्टोकरेंसी का एक बड़ा हिस्सा मिस्र में अहमद मरजूक और फिलिस्तीन के अहमद क्यूएच सफी सहित अन्य के खातों में स्थानांतरित किया गया है।
अधिकारियों ने बताया कि ये वॉलेट मिस्र के गीजा से संचालित किए जा रहे थे। क्रिप्टो को मोहम्मद नसीर इब्राहिम अब्दुल्ला के वॉलेट में भी जमा किया गया था, लेकिन खातों को इजराइल द्वारा आतंक-वित्तपोषण कार्रवाई में जब्त कर लिया गया था।

# राजस्थान में अब 25 नवम्बर को होगा मतदान

#### सामाजिक संगठ्नों के सुझाव के मद्देनजर लिया फैसला

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के सुझाव के मद्देनजर राजस्थान विधानसभा चुनाव में मतदान की तिथि 23 नवम्बर की जगह 25 नवम्बर रखने की बुधवार को घोषणा की।

आयोग ने एक बयान में कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों से मिले सुझावों तथा मीडिया में 23 नवंबर के दिन विवाह के शुभ मुहुर्त और सामाजिक कार्यक्रमों के कारण आम लोगों को मतदान में भाग लेने में परेशानी से जुड़े मुद्दों को उठाए जाने के मद्देनजर राज्य में मतदान की तारीख में बदलाव का यह निर्णय लिया है। आयोग के अनुसार, इन सुझावों में कहा गया था कि 23 नवंबर को बड़ी संख्या में शादी-विवाह के कार्यक्रमों के कारण मतदान पर असर पड़ सकता है। चुनाव आयोग द्वारा राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए संशोधित कार्यक्रमों के अनुसार, चुनाव की अधिसूचना 30 अक्टूबर को गजट में प्रकाशित की जाएगी।

नामांकन छह नवंबर तक किए जा सकेंगे। सात नवंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और उम्मीदवार नौ नवंबर तक नाम वापस ले सकेंगे। राज्य में 25 नवंबर को होने वाले मतदान की गणना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तीन दिसंबर को ही करायी जाएगी। चुनाव आयोग ने नौ अक्टूबर को राजस्थान विधानसभा के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा चार अन्य राज्यों मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और तेलंगाना विधानसभा के चुनाव कार्यक्रमों के साथ ही की थी।




■ **चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव की तारीख बदली**
■ **राजनीतिक दलों ने भी तारीख बदलने की मांग की थी**

# पुरानी पेंशन को लेकर फिर हुंकार भरेंगे कर्मचारी

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र एवं राज्य सरकारों के कर्मचारी संगठन, पुरानी पेंशन को लेकर फिर हुंकार भरने की तैयारी कर रहे हैं। केंद्रीय कर्मियों की दो विशाल रैलियों के बाद अब तीन नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में ही तीसरी बड़ी रैली होने जा रही है। कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्पलाइज एंड वर्कर्स के बैनर तले होने वाली इस रैली में ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन सहित कई दूसरे कई संगठन हिस्सा लेंगे। रैली में केंद्र सरकार के समक्ष सात मांगें रखी जाएंगी। इनमें पहली मांग 'एनपीएस' की समाप्ति और 'पुरानी पेंशन' व्यवस्था को बहाल कराना है। इसके अलावा केंद्र सरकार में रिक्त पदों को नियमित भर्ती के जरिए भरना, निजीकरण पर रोक, आठवें वेतन आयोग का गठन और कोरोनाकाल में रोके गए 18 महीने के डीए का एरियर जारी करना, ये बातें भी कर्मचारियों की मुख्य मांगों में शामिल हैं।

#### पहले ही हो चुकी दो रैलियां

केंद्र और राज्यों के कर्मचारी संगठनों ने सरकार को स्पष्ट तौर से बता दिया है कि उन्हें बिना गारंटी वाली 'एनपीएस' योजना को खत्म करने और परिभाषित एवं गारंटी वाली 'पुरानी पेंशन योजना' की बहाली से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। नई दिल्ली के रामलीला मैदान में दस अगस्त को कर्मियों की रैली हुई थी। ओपीएस के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की संचालन समिति के राष्ट्रीय संयोजक एवं स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद 'जेसीएम' के सचिव शिवगोपाल मिश्रा ने रैली में कहा था, लोकसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन लागू नहीं होती है तो भाजपा को उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। कर्मियों, पेंशनरों और उनके रिश्तेदारों को मिलाकर यह संख्या दस करोड़ के पार चली जाती है। चुनाव में बड़ा उलटफेर करने के लिए यह संख्या निर्णायक है।




■ **तीन नवम्बर को देशभर के कर्मचारी जुटेंगे**
■ **तीसरी बड़ी रैली का गवाह बनेगा रामलीला मैदान**

# पठानकोट हमले का मुख्य साजिशकर्ता ढेर

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक और 2016 के पठानकोट हमले के मुख्य साजिशकर्ता शाहिद लतीफ की बुधवार को पाकिस्तान के सियालकोट शहर में एक मस्जिद के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों के मुताबिक, 41 वर्षीय आतंकवादी को शुक्रवार की नमाज के बाद नूर मदीना मस्जिद के पास मार दिया गया। हत्या के तुरंत बाद हमलावर मौके से भाग गए। पाकिस्तान पुलिस अभी तक बंदूकधारियों की पहचान नहीं कर पाई है। भारतीय एजेंसियों के अनुसार, लतीफ पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा था। उसने 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हमले को अंजाम देने के लिए चार आतंकवादियों को निर्देशित किया था। लतीफ को 2010 में 24 अन्य आतंकवादियों के साथ भारत सरकार ने रिहा कर दिया था। 1999 में इंडियन एयरलाइंस विमान (आईसी 814) के अपहरण के मामले में जैश-ए-मोहम्मद के संस्थापक मौलाना मसूद अज़हर के साथ रिहाई की मांग करने वाले जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों की सूची में लतीफ़ का नाम भी था।



■ **शाहिद लतीफ की पाक में गोली मारकर हत्या**

# मोदी मंत्रिमंडल ने 'मेरा युवा भारत' को दी मंजूरी

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को स्वायत्त संस्थान 'मेरा युवा भारत' की स्थापना को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि मेरा युवा भारत युवाओं के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा। इससे युवाओं में कौशल विकास के साथ ही नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहाकि मेरा भारत-मेरा युवा भारत नाम से एक संस्था बनाने का निर्णय लिया गया है। मेरा युवा भारत का प्राथमिक उद्देश्य इसे युवाओं के विकास के लिए एक संपूर्ण सरकारी मंच बनाना है। यह पूरी तरह तकनीक पर आधारित रहेगा।

**युवाओं के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा**

## राजनीति

*मध्य प्रदेश में कांग्रेस की पहली सूची का हो रहा है इंतजार*

# भाजपा-कांग्रेस के बागियों पर छोटे दलों की नजर

**भोपाल, 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव का पारा धीरे-धीरे चढ़ने लगा है। भाजपा जहां उम्मीदवारों की चार सूचियां जारी कर चुकी है वहीं कांग्रेस की पहली सूची का इंतजार है। इन हालातो में छोटे दलों की पूरी नजर दोनों ही प्रमुख दलों के असंतुष्ट और बागियों पर है। बसपा ने तो भाजपा और कांग्रेस के बगियों को उम्मीदवार बनाना भी शुरू कर दिया है।**

राज्य में 17 नवंबर को मतदान होना है और दिसंबर में नतीजे आने के बाद सरकार का गठन भी हो जाएगा। राजनैतिक दलों में इन दिनों उम्मीदवार के चयन की प्रक्रिया चल रही है। राज्य में विधानसभा की 230 सीटें हैं इनमें से भाजपा चार सूचियां जारी कर 136 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है, वहीं कांग्रेस की ओर से 15 अक्टूबर को पहली सूची आने की संभावना जताई जा रही है।

भाजपा और कांग्रेस में बड़ी तादाद में ऐसे लोग हैं जो उम्मीदवार बनने के लिए दावेदारी कर रहे हैं मगर उन्हें टिकट मिलेगा या नहीं, पार्टी उम्मीदवार बनाएगी या नहीं, यह तय नहीं हो पा रहा है, लिहाजा कई नेताओं ने तो अभी से बगावती तेवर अपना लिए हैं। बहुजन समाज पार्टी ने भी उम्मीदवारों के नाम तय करना शुरू कर दिए हैं और जो सूचियां आई हैं उनमें कई बागी नेता हैं जिन्होंने बीजेपी और कांग्रेस का दामन छोड़ा है, अब वह बसपा में शामिल हो चुके हैं। बसपा ने छतरपुर से कांग्रेसी नेता रहे डीलमणी सिंह को और राजनगर विधानसभा से भाजपा के नेता रहे घासीराम पटेल को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह दोनों ही राजनीतिक दलों के असंतुष्ट और बागी नेता समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी से संपर्क बनाए हुए हैं और उम्मीदवारों की सूचियां जारी होने के बाद वे अपना रास्ता तय करेंगे। राज्य की वर्तमान विधानसभा पर गौर करें तो सपा का एक और बसपा के सिर्फ दो विधायक थे, वहीं चार निर्दलीय चुनाव जीते थे। राजनीति के जानकारों का मानना है कि राज्य के विधानसभा चुनाव में इस बार पिछले चुनाव की तुलना में दल बदल कहीं ज्यादा देखने को मिलेगा।



■ **बसपा में शामिल हो चुके हैं दोनों दलों के कई बागी**
■ **भाजपा ने 136 सीटों पर उम्मीदवार किए घोषित**

# देश

**उवाच** "आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। ऐसे में हमारा दायित्व है कि हम समय की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें।

-राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, बिहार के राज्यपाल



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.0 | 24.0 |
| मुंबई | 30.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 25.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 27.0 |

# लड़कियां हमारे देश की तस्वीर व तकदीर : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने कश्मीर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित




जितना अधिक युवा शिक्षा के प्रकाश की ओर शांति के प्रकाश की ओर बढ़ेंगे उतना ही देश प्रगति करेगा : द्रौपदी मुर्मू

**छात्रों से समाज सेवा में भी सक्रिय रूप से भाग लेने का किया आग्रह**

**श्रीनगर,**11 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि महिलाएं और लड़कियां देश के नेतृत्व में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद घाटी की पहली यात्रा पर यहां पहुंचने के बाद मुर्मू ने कश्मीर विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जितना अधिक युवा शिक्षा की रोशनी की ओर बढ़ेंगे, उतना ही देश प्रगति करेगा। उन्होंने कहा कि लड़कियां हमारे देश की तस्वीर और उसकी तकदीर पेश करती हैं। उन्होंने अपना भाषण 'यी मौज कशीर' (ओ मदर कश्मीर!) के साथ शुरू किया, जिस पर सभा में जबरदस्त तालियां बजीं। कश्मीर विश्वविद्यालय के आदर्श वाक्य जिसका अर्थ है 'आइए हम अंधकार से प्रकाश की ओर चलें' का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जितना अधिक हमारे युवा शिक्षा के प्रकाश की ओर, शांति के प्रकाश की ओर बढ़ेंगे, उतना ही हमारा देश प्रगति करेगा। मुर्मू ने कहा कि जिस समाज और देश के युवा विकास और अनुशासन के मार्ग पर चलते हैं, वह प्रगति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ता है। देश को कश्मीर के जिम्मेदार युवाओं पर गर्व है। राष्ट्रपति ने कश्मीर विश्वविद्यालय के छात्रों से अपनी पढ़ाई के साथ-साथ समाज सेवा में भी सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करके वे सामाजिक बदलाव ला सकते हैं और एक मिसाल कायम कर सकते हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि पूर्व छात्रों ने देश की सेवा करके इस विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। मुर्मू ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि कश्मीर विश्वविद्यालय में 55 प्रतिशत छात्र लड़कियां हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्ण पदक और पुरस्कार विजेताओं की कुल संख्या में से लगभग 65 प्रतिशत लड़कियां हैं। मैं यहां बैठी सभी बेटियों को हृदय से बहुत-बहुत बधाई देती हूं, आशीर्वाद देती हूं। ये होनहार बेटियां हमारे देश की तस्वीर के साथ-साथ इसकी तकदीर भी हैं। सतत विकास का जिक्र करते हुए मुर्मू ने कहा कि सतत विकास की सीख कश्मीर की विरासत का हिस्सा है। उन्होंने एक कहावत उद्धृत की जिसका अर्थ है 'जब तक जंगल हैं तभी तक भोजन रहेगा' और कहा कि पृथ्वी पर इस स्वर्ग को संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। राष्ट्रपति ने कश्मीर विवि से हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए सतर्क रहने का आग्रह किया। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि ग्लेशियोलॉजी, जैव विविधता संरक्षण और हिमालयन आइस-कोर प्रयोगशाला से संबंधित कार्य विभिन्न चरणों में हैं।

### वैष्णो देवी में स्काई वाक का उद्घाटन करेंगी राष्ट्रपति



**जम्मू।** कड़ी सुरक्षा और हाई अलर्ट के बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर पहुंची और उन्होंने कश्मीर में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। जबकि गुरुवार को वह वैष्णो देवी तीर्थस्थल पर बनाए गए अपने किस्म के पहले स्काई वाक का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति ने राजभवन में स्थानीय जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात की। गुरुवार को श्रीनगर से जम्मू पहुंचेंगी। इसके बाद वे माता वैष्णो देवी भवन पहुंचकर पार्वती भवन तथा स्काई वाक का शुभारंभ करेंगी। जानकारी के लिए वे जिस स्काईवाक का उद्घाटन करने जा रही हैं वह बनकर तैयार हो चुका है। स्काईवाक का निर्माण श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की ओर से करवाया गया है। इस पर 15 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। राष्ट्रपति द्वारा स्काई वाक को श्रद्धालुओं को समर्पित कर दिया जाएगा। 300 मीटर के स्काई वाक पर 100 मीटर की दूरी पर प्रतिक्षा हाल भी बनाया गया है। इसमें 200 श्रद्धालु बैठ सकेंगे। साथ ही प्रवेशद्वार पर 60 मीटर लंबी गुफा का निर्माण हुआ है। इसके साथ ही गुफा के दोनों ओर मां वैष्णो देवी की नौ बहनों की मूर्तियां बनाई गई है। उनके साथ ही श्लोक व मंत्र अंकित किए गए हैं। स्काई वाक में 100 मीटर दूरी पर आपातकाल निकास द्वार भी बनाए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

# हमास की निंदा पर फिलिस्तीनियों का सम्मान भी जरूरी : थरूर

## इजरायल पर हमास के हमले को बताया जघन्य आतंकवादी हमला



**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने इजरायल पर हमास के हमले को एक जघन्य आतंकवादी हमला करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की है और कहा है कि भारत ने हमेशा से चाहा है कि इजरायली एवं फिलिस्तीनी दोनों ही अपनी अपनी सुरक्षित सीमाओं में शांति और सम्मान से रहें लेकिन इसके लिए संघर्ष का रुकना एवं शांति बहाली जरूरी है। थरूर ने इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष पर कांग्रेस कार्यसमिति के बयान लेकर उठे विवाद पर पार्टी की राय विस्तार से रखी और कहा कि सबसे पहले पूरी स्थिति इजरायल में राष्ट्रीय अवकाश के दौरान हमास द्वारा अचानक किए गए हमले से भड़की है... यह एक आतंकी ऑपरेशन था। उन्होंने निर्दोष नागरिकों, बच्चों को मार डाला। बुजुर्ग लोग और युवा एक संगीत समारोह में भाग ले रहे हैं। हमास ने जो किया उसके लिए किसी भी औचित्य को स्वीकार करना वास्तव में असंभव था। मैं निश्चित रूप से आतंकवादी कृत्य की निंदा में शामिल हूं। थरूर ने कहा कि उसी समय हम समझ रहे थे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस भयावहता के समय इजरायल के लिए एकजुटता दिखाते हुए खड़े हैं। साथ ही, हमें यह भी लगा कि उनका (प्रधानमंत्री का) बयान अधूरा था... यह फिलिस्तीनियों के लिए एक कठिन स्थिति है, खासकर बस्तियों के निर्माण और नए निर्माण के बाद से कब्जे वाले क्षेत्रों में यहूदी निवासियों के लिए घर इन वर्षों में बेरोकटोक जारी रहे हैं। मैं यह केवल इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हमारे और कांग्रेस पार्टी के लिए और पारंपरिक रूप से भारत के लिए, स्थिति बहुत स्पष्ट है। हम चाहते हैं कि इजरायली और फिलिस्तीनी दोनों सुरक्षित सीमाओं और परिस्थितियों के पीछे शांति और सम्मान से रहें, जहां किसी को भी किसी भी समय अपने जीवन के लिए डर न हो।

### संघर्ष रुके व शांति बहाल की जाए : कांग्रेस

हम चाहते हैं कि इस मामले में संघर्ष रुके और शांति बहाल की जाए। गौरतलब है कि शनिवार को हमास के आतंकवादियों ने इजरायल की सीमा पार करके वहां के निहत्थे नागरिकों, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों को निशाना बनाया और इजरायली सीमा के भीतर हजारों राकेट दागे। इस हमले के बाद दोनों पक्षों के बीच संघर्ष में दोनों ओर से हजारों लोग मारे जा चुके हैं। लेबनान ने भी इजरायल पर राकेटों से हमला कर दिया है और इजरायली फौज इसका जवाब दे रही है।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में नशीले पदार्थों के नेटवर्क का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस और पंजाब पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपए और फर्जी वाहन नंबर प्लेटों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करके अंतरराज्यीय नशीले पदार्थ नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। संयुक्त पुलिस टीम ने मुल्लांपुर, दाखा से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया और उसके पास से 38 फर्जी वाहन नंबर प्लेटों के साथ 4.94 करोड़ रुपए जब्त किए। पंजाब पुलिस महानिदेशक ने 'एक्स' पर लिखा कि गिरफ्तार व्यक्ति हाल ही में जम्मू में हुई 30 किलो हेरोइन बरामदगी के मुख्य आरोपियों में से एक है। यह बरामदगी श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर पंजाब जाने वाले एक वाहन से की गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले से संबंधित जांच जारी है।

### महाराष्ट्र में पीएफआई पर एनआईए की कार्रवाई

**मुंबई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार सुबह अब्दुल वाहिद शेख के मुंबई उपनगर विक्रोली स्थित आवास और पूरे महाराष्ट्र में विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली। कार्रवाई पीएफआई की संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े होने के संदेह में इसके सदस्यों के आवासीय और कार्यालय परिसरों पर की गई। स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर ठाणे, पुणे व अन्य जगहों पर छापेमारी की है। मुंबई में अधिकारी वाहिद शेख के आवास पर तलाशी ले रहे हैं जिसे 7/11 विस्फोट मामले में बरी कर दिया गया था।

### संपत्ति कर न चुकाने पर संपत्ति को किया अटैच

**नई दिल्ली।** संपत्ति कर बकाएदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए, दिल्ली नगर निगम ने जसोला इंस्टीट्यूशनल क्षेत्र में स्थित एक संपत्ति-ऑल इंडिया एशियन एजुकेशनल फाउंडेशन-3 व 4 को अटैच कर दिया है। इस संपत्ति मालिक पर कुल 1,24,11,238 रुपए का संपत्ति कर बकाया था। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार बकाया राशि का भुगतान करने के लिए दिल्ली नगर निगम द्वारा पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद, संपत्ति मालिक 2017-18 से 2022-23, की अवधि के लिए बकाया संपत्ति कर का भुगतान करने में विफल रहे।

### भूपेंद्र पटेल से प्रशांत रुइया ने की मुलाकात

**गांधीनगर।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से मुंबई में एस्सार समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रशांत रुइया ने मुलाकात की। रुइया ने पटेल को मुलाकात में बताया कि एस्सार समूह 2003 में वाइब्रेंट समिट की शुरुआत से ही सहभागी रहा है और आगामी वाइब्रेंट समिट-2024 में वह ग्रीन हाइड्रोजन, ऊर्जा और पोर्ट सेक्टर में नए निवेश करने को तत्पर है।

# भाजपा विधायक मुनिरत्न ने की भूख हड़ताल खत्म

## उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के पैर छुए

**बेंगलुरु,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। भाजपा विधायक मुनिरत्न नायडू ने बुधवार को



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार और उनके भाई कांग्रेस सांसद डी.के.सुरेश के खिलाफ नफरत की राजनीति करने और अपने निर्वाचन क्षेत्र को आबंटित धन वापस लेने के खिलाफ शुरू की गई भूख हड़ताल खत्म कर दी। धरना खत्म करने के बाद मुनिरत्न एक कार्यक्रम में गए, जहां उपमुख्यमंत्री मौजूद थे। उन्होंने उनके पैर छुए। मुनिरत्न ने शिवकुमार को अपने निर्वाचन क्षेत्र राजा राजेश्वरी के लिए धन और विकास कार्यों की एक सूची की मांग करते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा। बाद में मुनिरत्न ने शिवकुमार से उनके आवास पर मुलाकात भी की और कई मुद्दों पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने उन्हें भूख आंदोलन खत्म करने और शिवकुमार से मिलने की सलाह दी थी। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि विधायक मुनिरत्न ने अगर उनसे मिलने का समय मांगा होता तो वह उन्हें पहले ही समय दे देते। मीडियाकर्मियों ने जब उनसे पूछा कि मुनिरत्न ने आपके पैर छुए तो आपको कैसा लगा, तो शिवकुमार ने चौंकते हुए कहा कि क्या उन्होंने सचमुच मेरे पैर छुए। मैं कोई धार्मिक संत तो नहीं हूं।

## शिवराज पर आपत्तिजनक टिप्पणी पर बोले कमलनाथ

# भाजपा को हर चीज के पीछे कांग्रेस ही क्यों दिखती है



कांग्रेस ने नहीं किया है शिवराज के संबंध में कोई पोस्ट, ईश्वर उन्हें दीर्घायु करे : कमलनाथ

**भोपाल,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू होने के साथ ही आरोप-प्रत्यारोप भी तेज होते जा रहे हैं। श्राद्ध पक्ष में टिकट मिलने पर मुख्यमंत्री शिवराज पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवाद शांत ही नहीं हो रहा है। भाजपा नेताओं के कांग्रेस पर आरोप लगाने के बाद अब कमलनाथ ने भी जवाब दिया। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने बुधवार को कहा कि ईश्वर शिवराज चौहान को दीर्घायु दे और कांग्रेस ने उनके संबंध में कोई पोस्ट नहीं की है। कमलनाथ ने एक्स पर चौहान को संबोधित करते हुए पोस्ट किया, ईश्वर आपको दीर्घायु दे।

मेरी समझ में यह नहीं आता कि आपको हर चीज के पीछे कांग्रेस पार्टी ही क्यों नजर आती है। कांग्रेस पार्टी की ओर से वैसा कोई भी ट्वीट नहीं किया गया है, जैसा कि आप जिक्र कर रहे हैं। अगर आपको वाकई लगता है कि आपके खिलाफ किसी ने ट्वीट किया है तो आप उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करिए।

बता दें भाजपा ने श्राद्ध पक्ष में अपनी चौथी सूची जारी की है। इसमें 57 प्रत्याशी के नाम हैं। इसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह समेत 25 मंत्रियों को टिकट दिया गया। इस सूची के आने के बाद एक हैंडलर से सोशल मीडिया पर लिखा गया कि मामा का श्राद्ध, इसमें शिवराज के फोटो के साथ नीचे लिखा कि श्राद्ध में भाजपा ने दिया शिवराज मामा को टिकट। इस आपत्तिजनक पोस्टर पर शिवराज के बेटे कार्तिकेय ने नाराजगी जताते हुए कांग्रेस का नाम लेकर लिखा कि ऐसी हरकत के बाद क्या आप लोग अपने बच्चों से आंख मिला पाएंगे। वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश कांग्रेस ने वन मंत्री विजय शाह के इस्तीफे की मांग उठाई है।

कांग्रेस की ओर से भोपाल में राष्ट्रीय वक्ता आलोक शर्मा ने मंत्री शाह और लघु वनोपज संघ के एमडी पर कई गंभीर आरोप लगाए। शर्मा ने कहा कि इन दोनों की मिली भगत से वन विभाग में 60 करोड़ का छाता घोटाला किया गया है। हमास के समर्थन से जुड़े सवाल पर राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि वैसे तो इजराइल और हमास के युद्ध का मप्र चुनाव से कोई लेना देना नहीं। लेकिन मैं एक बात साफ करना चाहता हूं कि सीडब्ल्यूसी की बैठक में जो रेजुलेशन पास किया गया है, उसमे ऐसी कोई बात नहीं की गई है, जिसका जिक्र किया जा रहा है। हमने सिर्फ अपील और सुखद सबंधो की बात कही है। कांग्रेस हमेशा आतंकवाद के खिलाफ रही है। हमने अपने दो दो पीएम खोए हैं।

जातिगत जनगणना का समर्थन करते हुए आलोक शर्मा ने कहा कि भाजपा जाति के नाम पर विद्वेष फैलाने का काम करती है। हम तो चाहते हैं कि जातिगत जनगणना होना चाहिए।

### आपके व्यक्तिगत दुश्मन आपकी पार्टी में हैं

कमलनाथ ने आगे लिखा कि बिना किसी तथ्य के कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाना राजनीति का निचला स्तर है। सहानुभूति हासिल करने के लिए झूठा दुष्प्रचार करना नैतिकता नहीं है। श्राद्ध पक्ष में आपको टिकट आपकी पार्टी ने दिया है, कांग्रेस पार्टी ने नहीं दिया है। आप बखूबी जानते हैं कि आपके व्यक्तिगत दुश्मन आपकी पार्टी में बैठे हैं और आपका अहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। दूसरों पर झूठे आरोप लगाने से अच्छा है, अपनी पार्टी में अनुशासन स्थापित करें।

# बिहार में जातीय गणना के नाम पर हो रहा फर्जीवाड़ा : भाजपा



■ पूर्व विधान पार्षद रणबीर नंदन ने समर्थकों के साथ की भाजपा में घर वापसी

**पटना,**11 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर आयोजित स्मृति समारोह में जदयू के पूर्व विधान पार्षद रणबीर नंदन ने 11 साल बाद अपने समर्थकों के साथ भाजपा में घर वापसी की। इस मौके पर डॉ.नंदन व दरभंगा से प्रत्याशी रहे शंकर झा सहित कई अन्य नेताओं ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, विधानमंडल दल के नेता विजय कुमार सिन्हा, विधान परिषद में प्रतिपक्ष के नेता हरि सहनी, सांसद राधामोहन सिंह व रविशंकर प्रसाद के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि जदयू में कोई स्वाभिमानी व्यक्ति अब नहीं रह सकता रणबीर नंदन ने वहां कैसे 11 साल काट लिए यह सोचनीय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जातीय गणना के नाम पर फर्जीवाड़ा हो रहा है।

### भ्रष्टाचार मुक्त समाज के पक्षधर थे जेपी : विजय सिन्हा

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर चलती है। जेपी ने जातिविहीन, भ्रष्टाचार मुक्त व कांग्रेस मुक्त भारत का सपना देखा था। आज उनके एक अनुयायी प्रदेश जातिगत गणना में उलझा रहे है दूसरे भ्रष्टाचार में लिप्त है कांग्रेस के साथ सरकार चला रहे हैं।

# ईडी के सामने पेश हुई अभिषेक की पत्नी रुजिरा

**कोलकाता,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं के संबंध में तृणमूल कांग्रेस के महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा बनर्जी बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय के जांच अधिकारियों के सामने पेश हुईं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।



ईडी के समन के अनुसार बनर्जी सुबह करीब 11 बजे साल्ट लेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स पहुंची। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी योग्य उम्मीदवारों को वंचित करके अयोग्य उम्मीदवारों को स्कूलों में नौकरियों के लिए कथित नकदी के लेन-देन की जांच कर रही है। यह पहली बार है कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे व डायमंड हार्बर लोकसभा सदस्य बनर्जी की पत्नी इस मामले में संघीय जांच एजेंसी के सामने पेश हुईं। मामले की निगरानी कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा की जा रही है। रुजिरा बनर्जी इससे पहले राज्य में कथित कोयला तस्करी मामले में जांच एजेंसी के सामने पेश हुई थीं।

# भाजपा से मुक्ति मिलेगी तो देश बहुत आगे बढ़ेगा : नीतीश

## लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**पटना,**11 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि इनसे मुक्ति मिलेगी तो देश बहुत आगे बढ़ेगा।

कुमार ने बुधवार को यहां लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददताओं से बातचीत में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सभी क्षेत्रीय दलों का अस्तित्व समाप्त हो जाने संबंधित बयान पर कहा, हम शुरू से कह रहे हैं कि भाजपा वालों ने मीडिया पर कब्जा कर रखा है। वे लोग सरकार के पैसे का सही इस्तेमाल भी नहीं कर रहे हैं। वे लोग केवल अपना प्रचार-प्रसार करते हैं। हम उन लोगों का कोई बयान न देखते हैं और न ही पढ़ते हैं। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि उनलोगों के चाहने से कुछ नहीं होगा। आगामी चुनाव के लिए वह सब विपक्षी पार्टियों को एकजुट कर रहे हैं और जनता निर्णय लेगी। इनसे मुक्ति मिलेगी तो देश बहुत आगे बढ़ेगा।हम उन लोगों के ऊपर कुछ नहीं कहना चाहते हैं। हम बचपन से अखबार पढ़ते थे और न्यूज चैनल भी देखते थे लेकिन आज पूरे मीडिया पर उन लोगों का कब्जा हो गया है इसलिए कुछ नहीं देखते हैं, जब उन लोगों से मुक्ति मिल जाएगी तो फिर पहले की तरह सब कुछ देखेंगे।

## राजनीति

### करगिल की हार के बाद भाजपा ने तीनों संसदीय क्षेत्रों का मूल्यांकन किया शुरू

# बूथ व निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर पार्टी को मजबूत करना होगा उद्देश्य

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। करगिल के हिल काउंसिल चुनावों में करारी हार के बाद प्रदेश भाजपा ने अगले साल मार्च-अप्रैल में होने वाले महत्वपूर्ण लोकसभा चुनावों से पहले केंद्र शासित प्रदेश के सभी तीन संसदीय क्षेत्रों का व्यापक मूल्यांकन शुरू कर दिया है।**

पार्टी के जम्मू-कश्मीर प्रमुख रविंदर रैना ने रणनीति, योजना तैयार करने और सार्वजनिक आउटरीच कार्यक्रमों को बेहतर बनाने के लिए तीनों संसदीय क्षेत्रों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। पार्टी सूत्रों के अनुसार, रैना ने पिछले कुछ दिनों में पार्टी की नब्ज नहीं जांची, बल्कि गंभीर निर्देश दिए, जिनमें कमियों को दूर करना, समाज के सभी वर्गों तक पहुंचना और शामिल हैं। बूथ और निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर पार्टी को मजबूत करना। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि रैना ने पार्टी कार्यकर्ताओं की एक के बाद एक बैठकों की अध्यक्षता की। जम्मू-कश्मीर भाजपा प्रमुख की कश्मीर यात्रा का प्राथमिक ध्यान अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर था। इस नेता का कहना था कि दक्षिण कश्मीर पर विशेष फोकस रहेगा जिसके लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को प्रभारी बनाया गया है। भाजपा नेता के अनुसार रैना ने मूड भांपने और जमीनी हालात का प्रत्यक्ष जायजा लेने के लिए बनिहाल से बारामुल्ला तक ट्रेन में यात्रा भी की। भाजपा नेताओं के बकौल, उत्तरी कश्मीर संसदीय क्षेत्र के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने से पहले उन्होंने सीधे ग्राउंड जीरो से फीडबैक लेने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं सहित कई लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दूसरे दौर में, भाजपा जम्मू-कश्मीर प्रमुख ने महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। जिसे उन्होंने राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लोकसभा क्षेत्र-अन्नतनाग-राजौरी तथा तीसरे दौर में, उन्होंने श्रीनगर-बडगाम-गांदरबल निर्वाचन क्षेत्र की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। पार्टी सूत्र कहते थे कि करगिल की शिकस्त के बाद घबराई भाजपा ने अनंतनाग निर्वाचन क्षेत्र के लिए, भाजपा जम्मू-कश्मीर प्रमुख रैना ने महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश पारित किए जिनमें रणनीति तैयार करना, योजना बनाना और सार्वजनिक पहुंच बनाना शामिल है। बैठक से जुड़े एक सूत्र ने कि अनंतनाग-राजौरी सीट के लिए, नागरिक समाज के सदस्यों, छात्रों, बुजुर्गों, युवाओं, टट्टूवालों, धार्मिक नेताओं और खानाबदोशों तक भी पहुंचने के निर्देश दिए गए थे। पार्टी सूत्रों के बकौल, चूंकि अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र बहुत बड़ा है और जम्मू क्षेत्र के पुंछ जिले तक फैला हुआ है, इसलिए भाजपा नेताओं, मध्य स्तर के नेताओं और कार्यकर्ताओं को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने और भाजपा के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए कहा गया था।



■ जनवरी व फरवरी के मध्य में मोदी को अनंतनाग में आमंत्रित किया जाएगा

उल्टा पुल्टा

सोनू : यार मेरी बीवी गुस्सा बहुत करती है
मोनू : मेरी भी पहले करती थी, अब नहीं करती,
सोनू : तुमने क्या इलाज किया ?
मोनू : एक दिन गुस्से में थी, मैंने कह दिया कि बुढ़ापे में गुस्सा आ ही जाता है, बस वो दिन है और आज का दिन है, तेज आवाज में भी बात नहीं करती।

# भ्रष्टाचार खत्म करना केंद्र का मकसद नहीं : केजरीवाल

## केंद्र की मोदी सरकार पर लगाया आम आदमी पार्टी को खत्म करने का आरोप

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मकसद भ्रष्टाचार खत्म करना नहीं है। वह दूसरी पार्टियों के सारे भ्रष्टाचारियों को अपनी पार्टी में शामिल कर ली है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में हमने महाराष्ट्र में इसका उदाहरण देखा है। गुजरात के अंदर मोरबी ब्रिज गिर गया और कई लोगों की मौत हो गई। वहां ईडी-सीबीआई की कोई छापेमारी नहीं हुई। प्रधानमंत्री की पूरी कोशिश है कि आम आदमी पार्टी को कुचलकर खत्म कर दिया जाए। ओखला से आप विधायक अमानतुल्लाह खान ने मंगलवार को हुई प्रवर्तन निदेशालय ईडी की कार्रवाई को लेकर बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अमानतुल्लाह खान के यहां ईडी की छापेमारी हुई। यह पहला मौका नहीं है, जब प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी के नेताओं पर



- आप के नेताओं पर चल रही सारी जांच फर्जी
- आप विधायक अमानतुल्लाह खान ने ईडी की कार्रवाई को लेकर केजरीवाल से की मुलाकात

छापेमारी कराई है। जब से हमारी दिल्ली के अंदर सरकार बनी है, प्रधानमंत्री की पूरी कोशिश यही है कि किसी भी तरह से आम आदमी पार्टी को कुचल दिया जाए, खत्म कर दिया जाए। वर्ष 2015 में दिल्ली में हमारी सरकार बनी और वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री ने हमारे खिलाफ शुंगलू कमेटी बैठाई। शुंगलू कमेटी हमारी सरकार द्वारा किए गए सभी कार्यों की फाइल मंगाई, जो तकरीबन चार सौ थीं। बड़े-बड़े अफसरों ने सारी फाइलों की जांच की और एक पैसे का भी घोटाला नहीं निकला। उन्होंने कहा कि शुंगलू कमेटी की जांच में कोई भ्रष्टाचार नहीं मिलने के बाद मोदी ने हमारे ऊपर झूठे केस करने शुरू कर दिए।

**अभी तक आप विधायकों पर 170 से ज्यादा केस कर चुके हैं मोदी**

प्रधानमंत्री अभी तक आम आदमी पार्टी के विधायकों पर 170 से ज्यादा केस कर चुके हैं। इसमें से 140 से अधिक केस में कोर्ट का फैसला आ चुका है जिसमें निर्णय पार्टी के पक्ष में आए हैं। अब पिछले दो साल से प्रधानमंत्री ने हमारे मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार करना शुरू किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप के नेताओं पर चल रही सारी जांच फर्जी हैं।

उन्होंने कहा कि आज देश का माहौल बहुत ज्यादा खराब हो चुका है। पहली बार हो रहा है कि भारत छोड़-छोड़कर लोग दूसरे देशों की नागरिकता ले रहे हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। बहुत बड़े स्तर पर लोग भारत छोड़-छोड़ कर जा रहे हैं। व्यापार और उद्योग बर्बाद हो चुका है। व्यापारी-उद्योगपति, मीडिया और आम जनता डरी हुई। इसके बाद भी आप डटी हुई है। यह देशभक्तों और ईमानदार लोगों की पार्टी है। इस दौरान विधायक ने कहा कि ईडी हमारे घर पर 12 घंटे तक रही और इस दौरान पूरा परिवार परेशान रहा। हम लोग पूरे दिन खाना तक नहीं खा पाए।

## एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों से मिले मुख्यमंत्री


**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एशियाई खेलों में भारत के लिए मेडल लाने वाले दिल्ली के खिलाड़ी पवन सहरावत और अभिषेक वर्मा से बुधवार को अपने आवास पर मुलाकात करके उन्हें बधाई दी और मेडल पहनाकर सम्मानित भी किया। सहरावत ने कबड्डी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है और वह भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान भी हैं, जबकि वर्मा ने तीरंदाजी में स्वर्ण और सिल्वर पदक जीता है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को शाबाशी देते हुए कहा कि ऐसे ही दिल्ली और देश का नाम रौशन करते रहे। उन्होंने कहा कि ये खिलाड़ी दिल्ली सरकार के मिशन एक्सिलेंस स्कीम का हिस्सा हैं। इस स्कीम का हमारे खिलाड़ियों को बहुत फायदा हो रहा है और नतीजे भी शानदार आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दोनों ही खिलाड़ियों से खेलों को लेकर काफी बातें कीं और उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में भी जाना। खिलाड़ियों ने केजरीवाल का आभार जताते हुए कहा कि अगर हमें दिल्ली सरकार से वित्तीय मदद नहीं मिलती तो वह आज इस उपलब्धि को हासिल नहीं कर पाते।



## साल के आखिर तक रेलवे लांच करेगा वंदेभारत साधारण रेलगाड़ी

- सामान्य कोचों की रहेगी ज्यादा संख्या
- नवम्बर के अंत तक परीक्षण शुरू होने की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। वंदेभारत स्लीपर रेलगाड़ी चलाने के बाद अब भारतीय रेलवे वंदेभारत साधारण यात्री रेलगाड़ी चलाने की तैयारी कर रही है। अभी तक यह वंदेभारत रेलगाड़ी सिर्फ वातानुकूलित कुर्सीयान के रूप में चल रही है। इसका किराया शताब्दी जैसी रेलगाड़ियों के मुकाबले डेढ गुना ज्यादा है। ऐसे में अब इस रेलगाड़ी को जन साधारण तक पहुंचाने के लिए वंदेभारत साधारण रेलगाड़ी तैयार की गई है। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 से पहले लांच कर दिया जाएगा। इस गाड़ी में एक भी वातानुकूलित कोच नहीं होंगा। बावजूद इसमें कई अन्य सुविधाएं रहेंगी। यह एक सेमी हाईस्पीड रेलगाड़ी होगी। इसमें दो इंजन लगाए जाएंगे और इसका किराया भी कम होगा।



इसके कोच को इंटीग्रल कोच फैक्ट्री चेन्नई में तैयार किया जा रहा है। 22 कोच की इस रेलगाड़ी में 12 साधारण शयनयान श्रेणी के कोच होंगे। जबकि 8 सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे और 2 गार्ड के कोच लगाए जाएंगे। नवम्बर के अंत तक इसका परीक्षण शुरू हो जाएगा और लोकसभा चुनाव तक यह पटरी पर होगी। बता दें कि अभी तक भारत में 34 जोड़ी वंदेभारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियां चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2019 में पहली वंदेभारत एक्सप्रेस रेल गाड़ी को हरी झंडी दिखाई थी। जो कि नई दिल्ली से वाराणसी के बीच चल रही है।

## फेस्टिवल सेल से अमेजन की खरीदारी 18 गुना बड़ी

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। अमेजन इंडिया पर रिकॉर्ड 9.5 करोड़ ग्राहकों की विजिट के साथ अब तक की सबसे बड़ी 48 घंटों की खरीदारी देखी गई। पीईए बनाम औसत दैनिक खरीदारी के पहले 24 घंटों में प्राइम सदस्यों की खरीदारी 18 गुना बढ़ गई, जो अब तक की सबसे अधिक है। ये कहना है मनीष तिवारी, उपाध्यक्ष और कंट्री मैनेजर, इंडिया कंज्यूमर बिजनेस, अमेजन का। उन्होंने बताया कि अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 के पहले 48 घंटे बिल्कुल उल्लेखनीय रहे हैं हम रिकॉर्ड ग्राहक विजिट के साथ अब तक की सबसे बड़ी शुरुआत और प्राइम अर्ली एक्सेस के 24 घंटों के दौरान प्राइम सदस्यों की सबसे अधिक संख्या में खरीदारी देखकर उत्साहित हैं। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 की इस शानदार शुरुआत के लिए हमारे ग्राहकों, ब्रांड और बैंक भागीदारों, विक्रेताओं और डिलीवरी सहयोगियों को बहुत-बहुत धन्यवाद।

## लाल किले पर अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित

### भारत सहित 6 देशों के 120 कलाकारों की यादगार प्रस्तुति ने लोगों का मन मोहा

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली के लाल किला में अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम व 9वें जेम्स ऑफ इंडिया सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अयोजन भारत मंच द्वारा ली रिदम, एमएसएमई, पीसीआई एवं लव कुश रामलीला कमेटी के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के एमएसएमई राज्य मंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा एवं गणमान्य अतिथि के रूप में कजाकिस्तान दूतावास के हेड ऑफ प्रोटोकॉल यर्लेन शाखेय, उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री सुनिल भराला, कैप्टन विकास गुप्ता सहित देश भर से कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। भारत मंच के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि भारत मंच द्वारा 2013 से लगातार जेम्स आफ इंडिया सम्मान समारोह वह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, यह पहली बार है की लाल किला जैसे प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक जगह पर देश के व अंतरराष्ट्रीय कई देशों के कलाकारों द्वारा कला व संस्कृति का बेजोड़ नमूना प्रस्तुत करते हुए नृत्य वह संस्कृति कला को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम किया जा गया। इस बार जिन लोगों को जेम्स ऑफ इंडिया अवॉर्ड से सम्मानित किया गया उनमें पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी,समाजसेवी आई सी बंसल, डॉक्टर रामगोपाल गोयल, डॉ. एच बी एस लंबा, डॉ. विनय कुमार सिंघल, डॉक्टर श्रेयांश जैन, प्रकाश चंद अग्रवाल आदि प्रमुख थे।



**राजीव मुखोपाध्याय ने स्मृति चिह्न किया प्रदान**

अतिथियों का स्वागत भारत मंच के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत द्विवेदी एवं ली रिदम के सह संस्थापक राजीव मुखोपाध्याय ने स्मृति चिह्न प्रदान कर किया। कार्यक्रम में भारत के साथ-साथ रूस, बॉल्विया, कजाकिस्तान, तजाकिस्तान, बांग्लादेश एवं थाईलैंड के लगभग 120 कलाकारों ने अपनी मनोरम प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 24 व्यक्तियों को जेम्स ऑफ इण्डिया सम्मान से सम्मानित किया गया।

## महिलाओं को सम्मोहित कर यौन शोषण करनेवाला बाबा गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंधविश्वास की आड़ में महिलाओं को फंसाकर उनका यौन शोषण करने के आरोप में 33 साल के एक बहुरूपिया बाबा उर्फ विनोद कश्यप को द्वारका नॉर्थ थाने की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए द्वारका के पुलिस उपायुक्त एम.हर्षवर्धन आरोपी के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि विनोद कश्यप द्वारका नॉर्थ थाना इलाके के ककरोला एरिया में माता मसानी चौकी दरबार के नाम से अपना अड्डा चल रहा था। वह एक यूट्यूब चैनल भी इसी नाम से पिछले दो साल से चला रहा है, जिसके बड़ी संख्या में फॉलोअर्स हैं। दो महिलाओं ने इस बाबा के खिलाफ यौन शोषण का आरोप द्वारका नॉर्थ पुलिस में लगाया था। उस आरोप पर छानबीन करने के बाद पुलिस ने आईपीसी की तहत एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू की और फिर इस बाबा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार यह फर्जी बाबा महिलाओं के पारिवारिक और व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान करने का प्रलोभन देता था। वह इन महिलाओं को सम्मोहित करता था। उनकी मदद करने की बहाने गुरु की सेवा करने के लिए प्रेरित करता था। फिर उसी की आड़ में यौन शोषण करके धमकी भी देता था कि यदि इस बात की जानकारी किसी को दी तो उसका अंजाम अच्छा नहीं होगा।



- किसी को बताने पर अंजाम अच्छा नहीं होने की देता था धमकी



- नई दिल्ली स्थित अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को भारत-अफगानिस्तान के मध्य आईसीसी विश्वकप के नौवें एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले के दौरान आईटीओ सर्कल पर लगे ट्रैफिक जाम का दृश्य। फोटो इम्तियाज खान

## 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियां जोरों पर

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। 28 अक्टूबर से संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में में होने जा रहे 76वां वार्षिक संत समागम की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। संत निरंकारी मिशन के अनुसार पिछले 75 वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्यतापूर्वक दिनांक 28, 29 एवं 30 अक्तूबर को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के सान्निध्य में आयोजित होने जा रहा है। समागम अर्थात् संतों का संगम, इस पावन अवसर की तैयारियां पूर्ण समर्पण एवं चेतनता के साथ भक्तों द्वारा की जा रही है। हजारों की संख्या में नि:स्वार्थ भाव से सभी श्रद्धालु भक्त सूर्य की पहली किरण से लेकर सांय ढलने तक सतगुरु के साकार रूप में दीदार कर, अपनी सेवाओं को आनंदपूर्वक निभा रहे है।

संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में 28 अक्टूबर से होगा समागम



## केबीसी के फर्जी वीडियो पर सोनी ने साइबर सेल में की शिकायत

- लोगों को किया आगाह
- प्रतिभागी ने खुद सामने आकर वीडियो को बताया था फर्जी

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोनी टीवी ने अपने लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का एक मनगढ़ंत वीडियो ऑनलाइन वायरल होने के बाद एक बयान जारी किया है। सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर चैनल ने कहा है कि उन्होंने इस मुद्दे पर साइबर क्राइम सेल में शिकायत की है। साथ ही इस फेक वीडियो को साझा करने से भी लोगों को आगाह किया है।

दरअसल वीडियो में अमिताभ बच्चन की नकली वॉयस ओवर में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर अपमानजनक सवाल पूछा गया था। जिसे कांग्रेस नेता वायरल कर रहे थे। केबीसी ने कहा कि हमें हमारे शो कौन बनेगा करोड़पति के एक अनाधिकृत वीडियो के प्रसार के बारे में सतर्क किया गया है। यह वीडियो भ्रामक रूप से हमारे होस्ट की मनगढ़ंत वॉयस-ओवर को ओवर लेप करता है और विकृत सामग्री प्रस्तुत करता है। हमारे लिए शो की ईमानदारी और हमारे दर्शकों के भरोसे को कायम रखना सर्वोपरि है, और हम साइबर क्राइम सेल के साथ इस मामले को सक्रिय रूप से संबोधित कर रहे हैं। हम ऐसी गलत सूचनाओं की कड़ी निंदा करते हैं, अपने दर्शकों से सतर्क रहने और असत्यापित सामग्री साझा करने से बचने का आग्रह करते हैं। सोनी टीवी ने जिस वीडियो का हवाला दिया है कांग्रेस सदस्य रितु चौधरी ने साझा किया था। यह कौन बनेगा करोड़ पति की नियमित प्रोग्रामिंग की एक क्लिप जैसा लग रहा था। हालांकि, एक बार जब अमिताभ बच्चन ने सवाल पूछा, तो आवाज थोड़ी बदल गई और यह उनके लिप-सिंक के साथ मेल नहीं खा रही थी, जैसा कि वीडियो में देखा जा सकता है। पहली नजर में ही ये वीडियो फर्जी समझ आ रहा है, इसके बावजूद कांग्रेस नेताओं ने इस वीडियो को साझा कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की छवि धूमिल करने की कोशिश की। भारतीय जनता पार्टी के लीगल सेल ने एक्शन लेते हुए सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे केबीसी के फर्जी वीडियो पर रविवार को शिकायत दर्ज करवाई थी।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा करते हैं।

**शुद्धिपत्र 1: – बोली जमा करने की अंतिम तिथि का विस्तार**

**निविदा संख्या :-6-SEfile-167799-40**

कार्य के दायरे के अनुसार आरसीएनके/एसएनपी में 40 राजधानी (20 एलडब्ल्यूएससीएन, 17 एलडब्ल्यूएसीसीडब्ल्यू और 03 एलडब्ल्यूएफएसी) एलएचबी कोचों के नवीनीकरण/एमएलआर शेड्यूल के प्रावधान के लिए टर्नकी अनुबंध।

**निविदा लागत:** रु. 184555092.13/- जीएसटी सहित
(Rs. अठारह करोड़ पैंतालीस लाख पचपन हजार बानबे और तेरह पैसे मात्र)

| कार्यक्षेत्र नाम | मौजूदा तारीख | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| निविदा समापन तिथि समय | 10.10.2023 11:00 | 20.10.2023 11:00 |

उपरोक्त निविदा जमा करने की नियत तिथि बढ़ा दी गई है।
पत्र सं. 6-SEfile-167799-40 दिनांक : 09.10.2023 3155/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

**कार्य का नाम:** दिल्ली मण्डल में पावर कारों के निर्माता- कमिन्स सीपीसीबी-I/सीपीसीबी II डीजल इंजन की प्रमुख मरम्मत का कार्य तीन वर्ष के लिए। **निविदा संख्या:** 30-विद्युत – 5टी-कोचिंग-2023-24; **कार्य का अनुमानित लागत (रू० में):** 3,03,87,627.82/- रू०; **निविदा फार्म की मूल्य:** 0.00/- रू०; **कार्यालय का पता:** वरि० मण्डल विद्युत अभियंता/ कोचिंग, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली; **बयाना राशि:** 3,01,900/-रू०; **कार्य समाप्ति की अवधि:** 36 महीने: **निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय:** 03.11.2023 15:00 बजे तक; **निविदा खोलने की तिथि व समय:** 03.11.2023 15:01 बजे; **वेबसाइट व नोटिस बोर्ड:** www.ireps.gov.in व वरि० मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग/दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3141/23

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | निविदा सं० | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 19232446 | ब्रश होल्डर असेंबली कम्पलीट | 1071 नग | 02-11-23 |
| 02 | 77236028 | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट ऑफ प्रे-स्ट्रेस्ड मोनो-ब्लॉक कंक्रीट स्लीपर्स स्पेशल टाइप्स | 435100 नग | 06-11-23 |
| 03 | 03232226 | डेकोरेटिव थर्मोसेट्टिंग सिंथेटिक रेसिन बांडेड लैमिनेटेड शीट (एल.पी. शीट) | 35097 नग | 06-11-23 |
| 04 | 09232036 | एडाप्टर | 53427 नग | 06-11-23 |
| 05 | 19230135 | ए ओ एच/टी ओ एच किट फॉर एल्गी कंप्रेसर | 308 सेट | 06-11-23 |
| 06 | 16234551A | डब्ल्यू डब्ल्यू गवर्नर मेंटेनेंस किट | 77 सेट/नग | 08-11-23 |
| 07 | 06235038 | रेक्टेंगल होलो सेक्शन | 292000 किलोग्राम | 09-11-23 |
| 08 | 15235110 | लाइट वेट टोइंग इक्यूपमेन्ट | 04 नग | 09-11-23 |
| 09 | 09232181A | ब्रेक बीम | 2179 नग | 13-11-23 |
| 10 | 08235634 | 24 फाइबर अर्मरड ऑप्टिकल फाइबर केबल | 188 KM | 14-11-23 |
| 11 | 07231356 | कुशन फॉर ट्रांसवर्स मिडिल बर्थ | 16572 नग | 20-11-23 |
| 12 | 07231530 | एयर ब्रेक होस कपलिंग | 22520 नग | 23-11-23 |
| 13 | 09232384 | लोड सेंसिंग वाल्व | 7049 नग | 23-11-23 |
| 14 | 09232386 | आटोमेटिक ट्विस्ट लॉक | 6068 नग | 04-12-23 |
| 15 | 09232305 | 'के' टाइप कम्पोजीशन ब्रेक ब्लॉक | 36442 नग | 11-12-23 |

निविदा शर्तें -1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं० 59/2023-24 दिनांक 11.10.2023 3156/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**भारतीय रेल**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

इसके द्वारा रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि उत्तर रेलवे के निम्नलिखित 25000 वोल्ट 50 हर्ट्ज ए.सी सिरोपरी उपकरण तारों को खंड के खिलाफ निर्दिष्ट तिथियों पर और बाद में सक्रिय किया जायेगा। उसी तारीख को और उसके बाद ओवरहेड ट्रैक्शन लाइनों को हर समय लाइव माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइनों के निकटता में संपर्क या काम नहीं करेगा।

| अनुभाग | दिनांक |
|---|---|
| शकूरबस्ती में अतिरिक्त ट्रेन हैंडलिंग सुविधाओं के विकास के विद्युतीकरण कार्य के लिए 25 केवी एसी सिंगल फेज ओएचई का विद्युतीकरण (सामान्य लूप लाइनों संख्या 1,2,3,4, रेत कूबड़, रोड साइडिंग, शंटिंग लाइन का विस्तार, संबंधित एक्स/ओ एवं टर्न आउट, 04 नग सहायक परिवर्तक का विद्युतीकरण और शकूरबस्ती यार्ड में किमी संख्या BS-1 चेनेज संख्या 8/192 to किमी संख्या 13/13 चेनेज संख्या 13/412.00) | 11.10.23 |

**25 केवी एसी कर्षण को चालु करना**
**"सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए चेतावनी"**

जनता की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि खंड पर 25 केवी एसी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन की नव विद्युतीकृत शकूरबस्ती यार्ड में। **"शकूरबस्ती में अतिरिक्त ट्रेन हैंडलिंग सुविधाओं के विकास के विद्युतीकरण कार्य के लिए 25 केवी एसी सिंगल फेज ओएचई का विद्युतीकरण (सामान्य लूप लाइनों संख्या 1,2,3,4, रेत कूबड़, रोड साइडिंग, शंटिंग लाइन का विस्तार, संबंधित एक्स/ओ एवं टर्न आउट, 04 नग सहायक परिवर्तक का विद्युतीकरण और शकूरबस्ती यार्ड में किमी संख्या BS-1 चेनेज संख्या 8/192 to किमी संख्या 13/13 चेनेज संख्या 13/412.00)** उत्तर रेलवे ने सभी समपारों पर स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई **4.76 मीटर** के साथ ऊंचाई पर गेज लगाए हैं और संपर्क तार सड़क स्तर से न्यूनतम **5.5 मीटर** की ऊंचाई पर होंगे ताकि अत्यधिक ऊंचाई वाले भार को संपर्क में आने से रोका जा सके या लाइव ट्रैक्शन तार के खतरनाक निकट आने से रोका जा सके।

जनता को यह अधिसूचित किया जाता है कि वे लोडिंग वाहन के उद्देश्य से ऊपर निर्दिष्ट ऊंचाई का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि सड़क वाहनों में ले जाया गया भार किसी भी परिस्थिति में ऊंचाई गेज का उल्लंघन न करे।

**अत्यधिक ऊंचाई के भार का खतरा इस प्रकार है :**

1. ऊंचाई गेज के लिए खतरा और इसके परिणामस्वरूप सड़क के साथ-साथ रेलवे लाइन में बाधा।
2. ले जाने वाली सामग्री या उपकरण या वाहन के लिए खतरा।
3. कंडक्टरों के संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का खतरा।

उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/
गति शक्ति/दिल्ली उत्तर रेलवे
डीआरएम कार्यालय नई दिल्ली

3158/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2023 की संख्या में वृद्धि**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित दुर्गापूजा / दीपावली / छठ पूजा त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ियाँ नीचे दशाई गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगी:-

**03257/03258 दानापुर - आनन्द विहार (ट) - दानापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष (साप्ताहिक)** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 03257 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 03258 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 07:30 | दानापुर | 20:45 | ---- |
| 00:30 | ---- | आनन्द विहार (ट) | ---- | 05:00 |

**चलने के दिन: 03257 दानापुर** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 26.11.2023 से 10.12.2023 एवं **03258 आनन्द विहार (ट)** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 27.11.2023 से 11.12.2023 तक।
**ठहराव:** आरा, बक्सर, प. दीन दयाल उपाध्याय, प्रयागराज जं. एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**05577/05578 सहरसा - अम्बाला छावनी - सहरसा एक्सप्रेस विशेष (साप्ताहिक)** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 05577 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05578 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:10 | सहरसा | 09:45 | ---- |
| 23:15 | ---- | अम्बाला छावनी | ---- | 03:40 |

**चलने के दिन: 05577 सहरसा** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 24.11.2023 से 08.12.2023 एवं **05578 अम्बाला छावनी** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 26.11.2023 से 10.12.2023 तक।
**ठहराव:** सिमरी बख्तियारपुर, मानसी जं., खगड़िया जं., हसनपुर रोड, समस्तीपुर जं., दरभंगा जं., कमतौल, जनकपुर रोड, सीमामढ़ी, बैरगनियां, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., बगहा, गोरखपुर जं., सीतापुर, मुरादाबाद एवं सहारनपुर स्टेशन।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

**05531/05532 रक्सौल जं. - आनन्द विहार (ट) - रक्सौल जं. एक्सप्रेस विशेष (साप्ताहिक)** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 05531 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05532 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22:25 | रक्सौल जं. | 14:30 | ---- |
| 18:00 | ---- | आनन्द विहार (ट) | ---- | 20:00 |

**चलने के दिन: 05531 रक्सौल जं.** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 26.11.2023 से 10.12.2023 एवं **05532 आनन्द विहार (ट)** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 27.11.2023 से 11.12.2023 तक।
**ठहराव:** सगौली जं., बेतिया., नरकटियागंज जं., बगहा, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।
**स्थान:** सामान्य।

**05273/05274 मुजफ्फरपुर - आनन्द विहार (ट) - मुजफ्फरपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस एसी विशेष (सप्ताह में दो दिन)** — 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 05273 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05274 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 18:00 | मुजफ्फरपुर | 07:00 | ---- |
| 11:00 | ---- | आनन्द विहार (ट) | ---- | 13:25 |

**चलने के दिन: 05273 मुजफ्फरपुर** से प्रत्येक बुद्धवार एवं शनिवार को दिनांक 22.11.2023 से 09.12.2023 एवं **05274 आनन्द विहार (ट)** से प्रत्येक वीरवार एवं रविवार को दिनांक 23.11.2023 से 10.12.2023 तक।
**ठहराव:** हाजीपुर जं., सोनपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, प. दीन दयाल उपाध्याय, प्रयागराज जं. एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता, वाता.-2, टीयर, वाता.-3 टीयर, वाता.-3 टीयर इकोनॉमी।

**05005/05006 गोरखपुर जं. - अमृतसर - गोरखपुर जं. एक्सप्रेस विशेष (साप्ताहिक)** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 05005 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05006 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:40 | गोरखपुर जं. | 08:50 | ---- |
| 09:30 | ---- | अमृतसर | ---- | 12:45 |

**चलने के दिन: 05005 गोरखपुर जं.** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 20.10.2023 से 01.12.2023 एवं **05006 अमृतसर** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 21.10.2023 से 02.12.2023 तक।
**ठहराव:** खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., भूरवाल, सीतापुर जं., बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर जं., यमुनानगर जागाधरी, अम्बाला छावनी, लुधियाना जं., जालंधर शहर एवं ब्यास स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे आपकी सुविधा – हमारा ध्येय हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें 3161/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “ उद्यान विभाग द्वारा सेक्टर-108 में मास्टर ग्रीन बैल्ट का विकास एवं शासन द्वारा निर्देशित 'नक्षत्र वन' को विकसित किया जाना था। ये काम ठेकेदार कंपनी कर रही थी। इसी ग्रीन बैल्ट का एक भाग लगभग 2.77 एकड का क्षेत्रफल सोशल एक्शन फॉर फारेस्ट एंड एनवायरमेंट (SAFE) के द्वारा एडोप्टेशन के लिए अनुरोध किया। संस्था के आवेदन पर उन्हें 11 महीने के लिए ग्रीम बेलट का ये हिस्सा दिया गया : **वंदना त्रिपाठी, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा प्राधिकरण**

## किसानों ने एडिशनल कमिश्नर लॉ एंड आर्डर से की मुलाकत

### बोले प्राधिकरण ने उनके साथ की वादाखिलाफी, अब शुक्रवार को होगा धरना प्रदर्शन



**नोएडा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। किसानों की मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (मंच) के प्रतिनिधियों ने पुलिस कमिश्नरेट में एडिशनल कमिशनर लॉ एंड आर्डर आनंद कुलकर्णी और अपर जिला अधिकारी नितिन मदान से मुलाकात की। भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने कहा कि प्राधिकरण किसानों के साथ बार-बार लिखित समझौते करता है। लेकिन समझौते पर अमल नहीं करता है। इससे किसानों में भारी रोष है। पूर्व में पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन ने भी किसानों की समस्या के समाधान में सहयोग करने का आश्वासन दिया था। लखनऊ में नोएडा प्राधिकरण के अध्यक्ष से मीटिंग भी कराई थी। इसके बाद भी अब तक कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया।

भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण ने 29 दिसंबर 2021 को नोएडा प्राधिकरण, पुलिस अधिकारियों, सांसद डॉक्टर महेश शर्मा व नोएडा विधायक पंकज सिंह की उपस्थिति में नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले 81 गांवों के किसानों के साथ लिखित समझौता किया। जिसमें नोएडा प्राधिकरण ने लिखा था कि 15 दिन से लेकर 6 माह के अंदर सभी मांगों पर कार्य किया जाएगा। लेकिन धरातल पर कोई भी कार्य अमल में नहीं लाया गया। इस कारण नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आने वाले 81 गांव के किसानों में भारी रोष है। इसलिए 13 अक्टूबर को नोएडा प्राधिकरण पर बड़ा आंदोनल किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन मंच की यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष चौहान ने बताया की 8 अक्टूबर को शाहपुर गोवर्धनपुर गांव के मंदिर में भारतीय किसान यूनियन मंच की मीटिंग का आयोजन हुआ था। जिसमें सर्व सहमति से निर्णय लिया गया की शुक्रवार को किसान भारी संख्या में नोएडा प्राधिकरण पर पहुंचकर विरोध दर्ज करायेगे। क्योंकि पूर्व में जो आंदोलन नोएडा प्राधिकरण पर किये गये उनमें किसानों को नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि अक्टूबर में होने वाली बोर्ड मीटिंग में किसानों का 10 फीसदी का मुद्दा पास कर दिया जाएगा। जबकि नोएडा प्राधिकरण ने ऐसा नहीं किया। किसानों के साथ वादाखिलाफी की।

## भारत की प्रथम रीजनल रेल के संचालन में महिलाएं निभाएंगी महत्वपूर्ण भूमिका

**गाजियाबाद,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर का 17 किलोमीटर लंबा प्राथमिक खंड जल्द ही जनता के लिए परिचालित होने जा रहा है। इन आधुनिक हाई स्पीड, हाई-फ्रीक्वेंसी रैपिडएक्स ट्रेनों के संचालन में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इस खंड के परिचालन में महिला कर्मचारियों की भागीदारी पुरुष कर्मचारियों से अधिक होगी।



के आईआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स के मुताबिक पारंपरिक रूप से पुरुष प्रधान माने जाने वाले परिवहन सेक्टर में देश की आधी आबादी की बराबर की भागीदारी सुनिश्चित कर एनसीआरटीसी ने स्थापित लिंग मानदंडों को तोड़ने की तरफ एक सशक्त कदम उठाया है। इस प्रकार भारत की प्रथम रीजनल रेल द्वारा न सिर्फ तकनीक के क्षेत्र में कदम बढ़ाया जा रहा है बल्कि महिला सशक्तिकरण के प्रयासों द्वारा आधुनिक भारत की एक नई तस्वीर भी गढ़ी जा रही है।

उन्होंने बताया कि प्राथमिक खंड में रैपिडएक्स ट्रेनों के संचालन के लिए नियुक्त ट्रेन संचालकों में पुरुष संचालकों की तुलना में महिला संचालकों की संख्या अधिक है। इसके अलावा, स्टेशन कंट्रोल, प्रबंधन, संचालन एवं रखरखाव, ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर, ट्रेन अटेंडेंट, आदि के रूप में भी महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

शहरी परिवहन प्रणाली से परिचित कराने एवं प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए पहले इन संचालकों को तीन महीने के लिए क्लासरूम स्टडीज के साथ-साथ सिमुलेटर पर ट्रेन चलाने और ट्रेन की गति पर नियंत्रण करने समेत अन्य जरूरी प्रशिक्षण दिए गए। इस प्रशिक्षण में उन्हें आरआरटीएस प्रणाली में विश्व में पहली बार प्रयोग की जा रही ईटीसीएस लेवल-2 सिग्नलिंग प्रणाली, इसके रोलिंग स्टॉक, ट्रेन कंट्रोल सिस्टम आदि के बारे में प्रशिक्षित किया। रैपिडएक्स ट्रेनों की परिचालन गति 160 किमी प्रति घंटा है, इन महिला संचालकों के लिए इतनी तेज़ रफ्तार पर ट्रेन चलाना बहुत रोमांचक है।

## शहर की स्वच्छता तथा वायु की गुणवत्ता को लेकर मशक्कत, नगर आयुक्त ने किया दौरा



**गाजियाबाद,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शहर को बेहतर करने के लिए ग्राउंड लेवल पर भी कार्य करते दिखाई दे रहे हैं जिसके क्रम में प्रतिदिन शहर का भ्रमण कर रहे हैं, नगर आयुक्त ने वसुंधरा जोन का भ्रमण किया, सफाई व्यवस्था के साथ-साथ निर्माण कार्य का भी जायजा लिया गया मौके पर सभी संबंधित विभागीय अधिकारी गण भी उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त द्वारा वसुंधरा के आंतरिक वार्डों में भी भ्रमण किया गया साथ ही मुख्य मार्गों पर विशेष ध्यान देते हुए चल रहे गड्ढा मुक्त अभियान का जायजा लिया सड़क रिपेयर को लेकर नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी को कार्य की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए साथ ही प्रतिदिन चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग करने का भी आदेश दिया, वसुंधरा जोन के सभी मुख्य मार्गों पर जायजा लिया गया कनवानी पुलिया से लेकर यूपी गेट तक विशेष अभियान चलाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

वायु की गुणवत्ता को सुधारने के लिए लगातार दौरे पर रहते हैं नगर आयुक्त जिसमें मैकेनाइजिंग सिस्टम से हो रही सफाई तथा पानी के छिड़काव पर नजर बनाए हुए हैं स्प्रिंकलर, एंटी स्मोक् गण के माध्यम से कार्य को बेहतर करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को नगर आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गए ।

### जलकल तथा जल निगम के अधिकारी-आपसी समन्वय कर समस्याओं पर तत्काल दे समाधान : नगर आयुक्त

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के दिशा निर्देश अनुसार विभागीय अधिकारी शहर हित में बेहतर कार्य कर रहे हैं जिसके लिए समय-समय पर अधिकारियों के कार्यों की मॉनीटरिंग भी जारी है, जनसुनवाई के दौरान प्राप्त समस्याओं पर भी नगर आयुक्त तत्काल प्रभाव से कार्य कर रहे हैं। जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त के समक्ष जलकल विभाग संबंधित समस्याएं आई जिसमें नंदग्राम, घुकना, संजय नगर व अन्य क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा हुई, पार्षदों तथा क्षेत्रीय निवासियों द्वारा पानी की पाइपलाइन डालने, पानी की पाइपलाइन मरम्मत करने, तथा समय पर पंप बंद करने तथा चालू करने पर, अंडरग्राउंड टैंक तथा लगी हुई टंकियां में पानी की व्यवस्था करने के लिये कहा गया, नगर आयुक्त ने महाप्रबंधक जल, आनंद त्रिपाठी को जल निगम के साथ संयुक्त सर्वे करने के आदेश दिए।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के 265 भवनों का आवंटन



**गाजियाबाद,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवासीय योजना के अंतर्गत निजी विकास कर्ता सेकंड यश कीर्ति इंफ्रासिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार किए गए 265 भावनाओं का ड्रॉ लकी से आवंटन हिंदी भवन सभागार में लकी ड्रॉ द्वारा किया गया। इसके साथ ही इस योजना के जो वेटिंग आवेदन को का द्रव्य इस मौके पर शासन से गठित समिति के संयोजक जीडीए के अपर सचिव त्रिपाठी परियोजना अधिकारी जोड़ा समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

## भारतीय अंतरिक्ष कॉन्क्लेव 2023 में छात्रों ने प्रस्तुत किए रिसर्च

### नौ ये ज्यादा प्रस्तुत की तकनीक, वैज्ञानिकों के बीच बना चर्चा का विषय

**नोएडा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। एमिटी विश्वविद्यालय उप्र के शोधार्थी छात्रों ने नई दिल्ली के दिल्ली कैंट के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय भारतीय अंतरिक्ष कॉन्क्लेव 2023 में हिस्सा लिया। यहां स्टॉल के माध्यम से अपने शोध व नवाचार का प्रदर्शन किया। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में एमिटी विश्वविद्यालय के शोधार्थियों की ओर से विकसित की गई तकनीकी को प्रस्तुत किया गया। जिसमें देश विदेश के वैज्ञानिकों ने काफी रुचि दिखाई। बता दे इस तीन दिवसीय अंतरिक्ष कॉन्क्लेव का आयोजन भारतीय अंतरिक्ष संघ द्वारा किया गया है। एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वा मूर्ती ने कहा कि वर्तमान समय अंतरिक्ष में अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिए हर देश द्वारा कार्य किया जा रहा है। इसमें अकादमिक सहयोग आवश्यक है। एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में काफी कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत कुछ विकसित की गई तकनीक को भारतीय अंतरिक्ष कॉन्क्लेव 2023 प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा एमिटी विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया है।

**शोधार्थियों ने इन तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी**

- प्रोजेक्ट दिव्य दृष्टि
- इंटेलिजेंट सैटेलाइट इमेज एनालिसिस सिस्टम
- इंटेलिजेंट ऑटोनॉमस अनमैनड ग्राउंड व्हीकल
- कॉगनेटिव स्पेस क्राफ्ट हेल्थ मॉनिटरिंग
- डार्क वेसल डिटेक्शन यूजिंग एसएआर इमेज एनालिसिस
- लो कॉस्ट ड्रोन डिटेक्शन एंड ट्रैकिंग सिस्टम
- हाइपर सोनिक फ्लाइट प्रोजेक्ट
- प्लेनेट लैंडर प्रोजेक्ट और ह्युमन स्पेस फ्लाइट प्रोजेक्ट

## जिस ग्रीन बेल्ट को सवारने के लिए एडाप्ट किया उसी पर जमाया कब्जा

- **प्राधिकरण ने जेसीबी के जरिए हटाया निर्माण**
- **सेफ संस्थान के प्रतिनिधि को दी गई थी ग्रीन बेल्ट सवारने की जिम्मेदारी**

**नोएडा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा में जिस पर्यावरण विद् ने ग्रीन बेल्ट को सवारने के लिए उसे एडाप्ट किया था। उसने वहां पेड़ पौधे लगाने की बजाए वहां बाउंड्री और गेट लगाकर ताला बंद कर दिया। प्राधिकरण के आला अधिकारियों को इसकी जानकारी मिली। मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से उन्होंने दीवार तुड़वाई और ग्रीन बेल्ट को कब्जा मुक्त कराया।

नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा सेक्टर-108 में मास्टर ग्रीन बैल्ट का विकास एवं शासन द्वारा निर्देशित 'नक्षत्र वन' को विकसित किया जाना था। ये काम ठेकेदार कंपनी कर रही थी। इसी ग्रीन बैल्ट का एक भाग लगभग 2.77 एकड का क्षेत्रफल सोशल एक्शन फॉर फारेस्ट एंड एनवायरमेंट (SAFE) के द्वारा एडोप्टेशन के लिए अनुरोध किया। संस्था के आवेदन पर उन्हें 11 महीने के लिए ग्रीम बेलट का ये हिस्सा दिया गया। प्राधिकरण ने नक्षत्र वन को विकसित करने की योजना पर काम करना शुरू किया। इस दौरान तो SAFE के प्रतिनिधि और पर्यावरण विद् विकान्त तोंगड ने कार्य रूकवा दिया। यही नहीं ठेकेदार कंपनी पर यहां काम नहीं करने का दबाव बनाया गया। साथ ही बताया गया कि उनके द्वारा इस भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। इसलिए प्राधिकरण द्वारा अब कोई भी कार्य नहीं कराया जाएगा। इनकी संस्था द्वारा ही यहां पर सीएसआर फंड के जरिए फाईकस के पौधों का रोपण कर विकास किया जाएगा।

इस संबंध में संविदाकार द्वारा विभाग को मौखिक एवं फोन पर सूचित किया गया। जिसका संज्ञान लेते हुए सहायक निदेशक, प्रबंधक (सिविल) एवं उद्यान निरीक्षक उद्यान विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने एनजीओ द्वारा 2.77 एकड़ क्षेत्रफल के अतिरिक्त भूमि पर बनाई गई अवैध ऊंची दीवार के गेट पर ताला लगाकर बंद किए गए रास्ते को खुलवाया और काम शुरू किया गया। इस दौरान शाम करीब 5 बजे विक्रांत तोंगड (SAFE के प्रतिनिधि) द्वारा कार्य न कराए जाने की चेतावनी दी और काम को बंद कराते हुए अभद्र व्यवहार किया।

जबकि उनके द्वारा एडोप्ट की गई जमीन पर कोई भी वृक्षारोपण नहीं कराया गया था। बुधवार को ठेकेदार कंपनी द्वारा दोबारा से सूचित किया गया कि गेट पर ताला लगाकर बड़े-बड़े पत्थर रखकर एक बड़ा खोदकर साइट को बंद कर दिया गया है। प्राधिकरण अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मौके पर पहुंचे उन्होंने निरीक्षण किया। जिस पर संस्था की मंशा अतिक्रमण करने की प्रतीत हुई। एसीईओ के आदेश पर जेसीबी लगाकर पत्थर को हटाया गए और रास्ता खुलवाया गया। इसके कारण जो भी वित्तीय हानि हुई उसकी भरपाई भी सेफ की ओर से जाएगी। इस मामले में विक्रांत तोंगड़ ने कहा कि प्राधिकरण की ओर से लगाए जा रहे आरोप निराधार है। उन्होंने कहा कि हम एडाप्ट की गई जमीन पर पेड़ लगा रहे है और मैनटेन कर रहे है।

**सार** संक्षेप

### बाइक सवार बदमाशों ने छीना मोबाइल

**नोएडा।** नोएडा में बाइक सवार बदमाशों का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। वीडियो में बदमाश सड़क किनारे खड़े एक युवक के हाथ से मोबाइल छीन कर फरार हो जाते है। ये घटना नोएडा के सेक्टर-100 की बताई जा रही है। कोतवाली सेक्टर-39 पुलिस मामले की जांच कर रही है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक युवक परिजनों के साथ सेक्टर-100 के कट पर खड़ा होकर कुछ बात कर रहा है। इस मामले में कोतवाली सेक्टर-39 जांच कर रही है। इस दौरान उसके साइड से बाइक सवार दो युवक आते है। दोनों बदमाश युवक के बिल्कुल बगल से निकलते है और उसके हाथ से मोबाइल लेकर फरार हो जाते है। युवक और उसके साथ खड़ी युवती भी बाइक के पीछे जाते है। लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। अब पुलिस बाइक नंबर और सर्विलांस के जरिए बदमाशों को पकड़ने का प्रयास कर रही है। बता दे इससे पहले भी मोबाइल और चेन छीनने की घटनाएं इसी सेक्टर के सामने मुख्य सड़क पर हो चुकी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कर वसूली बढ़ाने हेतु निगम में आयोजित हुई अहम बैठक, जोनल प्रभारियों की बढ़ाई जिम्मेदारी

**गाजियाबाद।** निगम की आय बढ़ाने के लिए टैक्स विभाग की टीम को मोटिवेट करने के लिए अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव तथा मुख्य कारण निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव को निर्देश दिए गए। जिसके क्रम में गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में सभी ज़ोन के जोनल प्रभारी, कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक तथा टैक्स ईंस्पेक्टरो से बैठक की गई। डॉ संजीव मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि ऐसी संपत्ति जिन पर अभी तक टैक्स लागू नहीं हुआ है उनका टारगेट करते हुए टैक्स लागू कर कार्यवाही की जानी है, अवकाश दिवसों में कैंप लगाकर टैक्स वसूली को बढ़ाया जाना है, कर वसूली बढ़ाने हेतु कार्य योजना बनाई गई। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने जोनल प्रभारी को भी लक्ष्य पूर्ति करने हेतु मोटिवेट किया गया निगम की आय बढ़ाने के लिए, संपत्ति कर तथा करेतर की वसूली पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया, कर अधीक्षक राजस्व निरीक्षक व अन्य टीम को लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही होने के विषय में भी अवगत कराया।

## डीएम ने स्कूली छात्राओं को किया जागरूक



**नोएडा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में 'अन्तरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कन्या इंटर कॉलेज, भंगेल में बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने बताया कि बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता की योजना 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का उद्देश्य से बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा की स्थिति को बेहतर करना, कन्या भ्रूण हत्या व बाल विवाह को समाप्त करना, प्रदेश में समान लिंगानुपात स्थापित करना, बालिकाओं के प्रति समाज व आमजन में सकारात्मक सोच विकसित करना है। आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बालिकाओं से सम्बंधित समस्याओं व मुद्दों यथा- साइबर सुरक्षा, बाल विवाह लिंग आधारित हिंसा, लैंगिक समानता, मेन्स्ट्रुअल हाइजीन मैनेजमेंट, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर जैसे 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 181, महिला हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन इत्यादि एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की पूर्ण जानकारी देकर योजना के प्रति जागरूक किया गया।

## ज्वाइंट मॉनिटरिंग टीम ने किया नोएडा का निरीक्षण



**यूनीसेफ, डब्ल्यूएचओ, डीडीडब्ल्यूएस, एमओएचयूए के अधिकारी हुए शामिल, देखे गए सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स**

**नोएडा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश में पहली बार ज्वाइंट मानिटरिंग प्रोग्राम के तहत बुधवार को यूनाइटेड नेशन इंटरनेशनल चिल्ड्रन इमरजेंसी फंड (यूनीसेफ), वर्ल्ड हैल्थ आर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ), डिपार्टमेंट ऑफ डिक्रिंग वाटर एंड सेनीटेशन (डीडीडल्यूएस) और आवासन एंव शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार (एमओएचयूए) के द्वारा नोएडा में सस्टेनेबल डेवलेपमेंट गोल्स (एसडीजीएस) का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सेक्टर-94 स्थित इंटीग्रेटड कमांड कंट्रोल सेंट्रल (आईसीसीसी) के अंतर्गत संचालित डिजिटल मोनिटरिंग सिस्टम के द्वारा हो साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण, डोर टू डोर की लाइव ट्रेकिंग, स्वच्छता कर्मियों की अटेंडेंस, शौचालय की साफ-सफाई मानिटरिंग, मैकेनिकल की लाइव ट्रैकिंग के कार्य को देखा गया। इसके बाद सेक्टर-94 स्थित इंटीग्रेटड सिक्यूरिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसटीएमएस) के अंतर्गत एनवायरमेंट मानिटरिंग सिस्टम से हो रहे शहर में प्रदूषण की निगरानी , शहर में वाहनों की निगरानी और सर्विलांस कैमरों के माध्यम से विभिन्न चौराहों की सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग के कार्यों का निरीक्षण किया गया।

इसके बाद संयुक्त टीम की ओर से नोएडा में संचालित पिंक टायलेट और पब्लिक शौचालयों का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा निरीक्षण में शौचालयों की साफ-सफाई, फीडबैक सिस्टम, सेनेट्री पैड मशीन आदि का गहनता से निरीक्षण किया। इसके बाद सेक्टर-54 स्थित एसबीआर टेक्नोलॉजी पर आधारित सिवेज ट्रीटमेंट प्लांट का संयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया। रियल टाइम मॉनीटरिंग सिस्टम द्वारा सीपीसीबी की वेबसाइट से समायोजित किया गया है। शोधक संयत्र की केपेसिटी 87 एमएलडी जिसमें 70 एमएलडी सिवेज का शोधन किया जा रहा है। टीम को बताया गया कि इस शोधित जल का प्रयोग बोटेनिकल गार्डन, स्टेडियम, ग्रीन बेल्ट, गोल्फ कोर्स, प्रदूषण नियंत्रण के लिए मार्गों का शोधित जल का छिड़काव आग्निमशन वाहनों का इत्यादि में उपयोग किया जा रहा है। प्राधिकरण के डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि पूरे देश में नोएडा एक मात्र शहर है जिसमें संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। इस टीम में डायरेक्ट मधुरानी तेवतिया (एसबीएम) महुआ, डॉक्टर विजय कुमार चौरसिया ज्वाइंट एडवाइजर (सीपीएचईईओ), टॉम स्लेमेकर, रिक जॉसटन, सुजॉय मजुंदार, मनीष वसूजा, कौशिकी बनर्जी के साथ नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## बाहरी सीमा में मांगे गए निर्माण के टेंडर पर रोक के दिए निर्देश: महापौर



**गाजियाबाद,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। कुछ समय पहले 15वें वित्त आयोग से 14 प्रस्तावित कार्य कराए जाने थे उन प्रस्तावित कार्यो में नगर निगम द्वारा कविनगर ज़ोन के अंतर्गत डंपिंग ग्राउंड पर एप्रोच सड़क का निर्माण का कोई कार्य नही दर्शाया गया था क्योंकि यह कार्य निगम सीमान्तगर्त क्षेत्र के बाहर होना था इसलिए इस पर कोई चर्चा संभव नही थी लेकिन ज्ञात हुआ है कि यह कार्य प्रस्तावित व चर्चा न होने के बावजूद भी उक्त कार्य के लिए निर्माण विभाग द्वारा निविदा मांग ली गई है,यह कार्य नगर निगम के अधिकार क्षेत्र से बाहर है और अनियमित है और ऐसा होना निगम हित मे ठीक नही है। महापौर सुनीता दयाल ने सम्बन्ध में बताया कि सड़क निर्माण कार्य को कविनगर ज़ोन के अंतर्गत लेकर टेंडर प्रक्रिया में डाला गया है जबकि पाईप लाईन रोड नगर निगम एवं कविनगर ज़ोन की सीमा से बाहर है और मैं इस सम्बन्ध में पहले ही कह चुकी हूं कि हम निगम सीमा से बाहर कार्य नही कराएंगे उसके बाद भी उक्त कार्य को निविदा हेतु ऑनलाइन डाला गया जो उचित नही है। उपरोक्त सड़क निर्माण के कार्य की टेण्डर निविदा को तत्काल रोकने के लिए निर्देश दिए गए है एवं महापौर द्वारा उपरोक्त कार्य हेतु अपनी नाराजगी जताई गई।

## जीबीसी के लिए 60 हजार करोड़ का ग्राउंड तैयार

### नोएडा से हिस्सा लेंगी 93 कंपनियां, 5 साल में करना निर्माण, 1.5 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

**नोएडा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। लखनऊ में प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के लिए नोएडा प्राधिकरण को 90 हजार करोड़ का टारगेट मिला था। इसमें 60 हजार करोड़ का टारगेट प्राधिकरण ने अचीव करने वाला पहला शहर बन गया है। सेरेमनी में नोएडा से 93 कंपनियां जाएंगी। ये कंपनियां पांच साल में निर्माण करेंगी और करीब 1.5 लाख का रोजगार देंगी। हालांकि अब भी 40 हजार करोड़ का ग्राउंड तैयार करना बाकी है। जिसके लिए नोएडा नए सेक्टरों को विकसित कर रहा है। फरवरी में इन्वेस्टर समिट के दौरान प्राधिकरण के साथ करीब 97 हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव के एमओयू हुए थे। इसमें से 90 हजार करोड़ के प्रस्ताव को जीबीसी में लाया जा रहा है। हम जिन 93 कंपनियों की बात कर रहे है उनका प्लाट का आंवटन, नक्शा पास और अन्य कागजी कार्य लगभग पूरे किए जा चुके है। इसमें प्राधिकरण के संस्थागत यानी आईटी/आईटीईएस 32 इकाई, इंडस्ट्री की 38 यूनिट, ग्रुप हाउसिंग की 11 और कमर्शियल की 12 इकाई शामिल है। प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने बताया कि जीबीसी में इतना बड़ा ग्राउंड तैयार करने वाला नोएडा पहला शहर है।

#### कामर्शियल में दो कंपनियां कर रही 11 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश

ग्रांउड ब्रेकिंग में सबसे बड़ा निवेश दो कंपनियां कर रही है। इसमें एक एम3एम है। ये कंपनी नोएडा में 7500 करोड़ का निवेश कर रही है। इस निवेश से करीब 14 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा इंजका कंपनी 4300 करोड़ का निवेश कर रही है। इससे 400 लोगों को रोगजार मिलेगा। नोएडा में इसका काम शुरू भी हो चुका है। बता दे कमर्शियल में कुल 12 कंपनियां आई है। ये कंपनियां नोएडा में आलीशान होटल, 1 सुपरमार्ट, 1 इंडस्ट्रियल टाउन शिप, 3 कमर्शियल कंप्लेक्स, रेजिडेंशियल ऑफिस, रेंटल ऑफिस और रिटेल शॉप के अलावा 4 रियल स्टेट के प्रोजेक्ट है।

#### नोएडा नहीं तो डीएनजीआईआर में मिलेगा प्लाट

अधिकारियों के मुताबिक कई कंपनियां ऐसी है जो डीएनजीआईआर में निवेश करना चाहती है। वहां जमीन अधिग्रहण और बुनियादी सुविधाओं के लिए बजट में 1000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। हालांकि इसमें देरी हो सकती है। दरअसल न्यू नोएडा का मास्टर प्लान तो बन गया है। लेकिन अभी आपत्ती और सुझाव के लिए पब्लिक डोमेन में है। आपत्तियों के निस्तारण के बाद मास्टर प्लान के अनुसार काम शुरू किया जाएगा।

#### ये कंपनियां है जो ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में जाएंगी

>> एमउएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड-7500 करोड़
>>आइकिया-4300 करोड़
>>क्लियरलेक प्राइवेट लिमिटेड-4000 करोड़
>>थीम काउंटी प्राइवेट लिमिटेड-3200 करोड़
>>थीम काउंटी प्राइवेट लिमिटेड-2000 करोड़
>>रोजबेरी एस्टेट एलएलपी-2000 करोड़
>>महागुन इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड-1800 करोड़
>>गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड-1200 करोड़
>>थीम काउंटी प्राइवेट लिमिटेड-1000 करोड़
>>ग्रेट वैल्यू प्रोजेक्ट्स इंडिया लिमिटेड-1000 करोड़
>>क्लियरलेक प्राइवेट लिमिटेड-1000 करोड़
>>एसोटेक रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड-950 करोड़
>>आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड-810 करोड़
>>एग्जेरियन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड-800 करोड़
>>आइसबर्ग इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड-800 करोड़
>>एसकेवीआर सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड-500 करोड़
>>वेब वर्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड-500 करोड़
>>द अंतरिक्ष-500 करोड़
>>धर्मपाल सतपाल लिमिटेड 100 करोड़
>>पूर्वांचल प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड 450 करोड़
>>एवेन्यू सुपरमार्ट लिमिटेड (डी मार्ट) 250 करोड़
>>आदित्य इन कारपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड 200 करोड़
>>ईटी इंफ्रा डेवलपर्स 1500 करोड़
>>आदित्य इंफ्रा कारपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड 101.5 करोड़
>>अग्रवाल एसोसिएट प्रमोटर्स 101.5 करोड़

## रेरा ने आवंटी और बिल्डर के बीच कराई मध्यस्थता

**नोएडा**, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। उ.प्र. रेरा कंसिलिएशन फोरम ने जतस्य प्रो मोटर्स प्रा.लि. की ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर स्थित 'स्काइटेक कलर ऐवन्यू' परियोजना के एक आवंटी अजय कुमार गुप्ता को निवेशित धनराशि वापस कराने के और बैंक से जारी आवास ऋण का भुगतान भी सुनिश्चित कराया। नियामक प्राधिकरण के प्रयासों एवं मध्यस्थता से आवंटी को विलम्ब अवधि का ब्याज सहित निवेश राशि प्राप्त हुआ। बैंक से जारी आवास ऋण की देनदारी से छुटकारा मिला। प्रमोटर की उक्त परियोजना में निर्माण विकास कार्य वर्षों से अवरुद्ध है। जिसके कारण आवंटी ने धनराशि वापस दिलाने और लोन की राशि बैंक को चुकाने के मांग की थी। कंसिलिएशन फोरम की मध्यस्थता से दोनों पक्षों के मध्य हुए समझौते के अनुसार आवंटी द्वारा निवेशित धनराशि व बैंक से जारी आवास ऋण की राशि मिलकर कुल रुपए 17 लाख 50 हजार प्रोमोटर द्वारा वापस किया जाएगा। इसमें से लगभग 8 लाख 30 हजार बैंक को भुगतान करके आवास ऋण चुकाया जाएगा। जबकि शेष रुपए 9 लाख 20 हजार आवंटी को प्राप्त होंगे। इस संबंध में उभयपक्ष द्वारा हस्ताक्षरित समझौता नामा नियामक प्राधिकरण में उपलब्ध कर दिया गया है। कंसिलिएशन फोरम द्वारा विवाद का समाधान होने से संतुष्ट आवंटी ने उ.प्र. रेरा के प्रयासों की सराहना की। 'एग्रीमेंट फॉर सेल' के अनुसार आवंटी ने प्रमोटर की परियोजना में जनवरी 2014 में एक इकाई बुक की थी। लगभग रुपए 23 लाख की लागत वाले इकाई के लिए आवंटी ने लगभग रुपए 2 लाख 25 हजार स्वयं से तथा बैंक के माध्यम से रुपए 7 लाख 15 हजार का भुगतान कर दिया था।

उवाच

घटना का अनावरण करने वाले पुलिस टीम को पच्चीस हजार का इनाम दिया जाएगा। पकड़े गए बदमाशों के पास से लुटी हुई एक अदद अंगूठी सफेद धातु, एक ऐटीएम कार्ड, एक मैट्रो कार्ड, एक मोबाइल फोन स्मार्ट फोन, नकद 1 लाख 7 हजार रूपये (लुटे हुए) व घटना में प्रयुक्त एक कीया सोनेट कार जो थाना मयूर विहार दिल्ली से चोरी हुई थी व अवैध तीन अदद नाजायज तंमचा व 6 जिन्दा कारतूस व 8 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए :- **हृदेश कठेरिया, डीसीपी सेंट्रल नोएडा**



# यमुना प्राधिकरण में बिजली व परियोजना विभाग में निविदा का बड़ा खेल उजागर

■ दो-दो साल पहले विकास कार्यों के लिए निकली निविदा सिर्फ फाइलों में रही लटकी

■ प्राधिकरण सीईओ ने विकास कार्यों में निविदा घोटालों की दिए जांच के आदेश

**ग्रेटर नोएडा,**11 अक्टूबर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण में आवासीय व औद्योगिक सेक्टरों में आंतरिक विकास कार्यो के निविदा को लेकर एक बड़ा खेला उजागर हुआ है। इस खेल के पीछे परियोजना व इलेक्ट्रानिक विभाग के अधिकारियों का ठेकेदारों का सांठगांठ सामने आया है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डाक्टर अरूणवीर सिंह ने बुधवार को समीक्षा के दौरान प्राधिकरण में चल रहे हैं खेल को पकड़ा। खेल सामने के बाद सीईओ ने एक अप्रैल 2022 से विकास कार्यों के लिए निकाले गए सभी निविदा की जांच कराने का निर्देष दिया है। सीईओ ने इसकी जांच कराने का आदेष दिया है। जांच प्राधिकरण के अपर मुख्यकार्यपालक अधिकारी विनीत जैन को सौंपी है। निविदा खेल में परियोजना व बिजली विभाग के जिन अधिकारियों की लापरवाही सामने आएगी उनके खिलाफविभागीय कार्रवाई करने के साथ पुलिस में मामला दर्ज कराने का भी आदेष दिया है। साथ ही ऐसे ठेकेदारों को काली सूची में डालने का निर्देष दिया है। आगे निविदा में इस तरह की कोई गड़बड़ी न हो पाए इसके लिए एक पॉलिसी बनाने का भी सीईओ ने निर्देष दिया है।



यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण ने सेक्टर-20 में ब्लाक ए, बी, सी, डी में स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए 24 नवंबर 2022 को ई-टेडर निकाला था। 19 जनवरी 2023 को निविदा जमा करने की अंतिम तिथि थी। 2 फरवरी 2023 को निविदा खोला गया। जिसमें एल-1 में पावर टेक समेत चार फर्म आई। इसके बाद भी निविदा को वार्क आर्डर का अनुबंध नहीं किया गया। नियमानुसार 90 दिन के अंदर अनुबंध होना चाहिए। प्राधिकरण के अधिकारियों ने फार्म के साथ अनुबंध नहीं किया। बिजली विभाग में फाइल लटकी रही। 90 दिन में अनुबंध न होने पर फर्म ने पैसा वापस करने के लिए आवेदन किया। यह फाइल प्राधिकरण के सीईओ के पहुंची तो उन्होंने फर्म का पैसा वापस कर निविदा निरस्त करने का आदेष कर दिया। सीईओ के आदेश पर फर्म को न पैसा किया और न ही निविदा निरस्त किया। नए सिरे से निविदा निकाला भी नहीं किया। जिससे सेक्टर 20 में स्ट्रीट लाइट लगाने का काम अटका रहा। बताया जाता है कि बिजली व परियोजना विभाग के अधिकारियों ने अपने स्तर पर फाइल लटकाए रखा। बुधवार को जब सीईओ के संज्ञान में आया था तो उन्होंने संबंधित अधिकारियां को बुलाकर जवाब मांगा तो कोई सार्थक जवाब नहीं दे पाए। इसी तरह सिविल विभाग में भी विकास कार्य के लिए दो साल पहले निकाले गए ई-टेंडर पर आज तक कोई फैसला नहीं आया। सीईओ ने जब इस बारे में अधिकारियों को फटकार लगाई तो आनन फानन में ठेकेदार की तरफ से एक पत्र सीईओ के सामने पेश कर दिया गया कि ठेकेदार ने पैसा वापस लेने के लिए पत्र भेजा है। बताया जाता है कि ठेके में अपने चेहेते को ठेका देने के लिए परियोजना विभाग के अधिकारी फाइल लटकाए रखा। इस पर सीईओ ने जांच के आदेश दिए कि एक अप्रैल 2022 से अब कितने टेंडर निकाले गए, कितने टेंडर खुले, कितने स्वीकृति हुए, कितने ने काम शुरू किया, अगर अनुबंध नहीं हुआ तो इसका क्या कारण रहा। अुनबंध कब करने का समय निर्धारित किया किया गया। सीईओ ने बताया कि इसकी एसीईओ को जांच सौंपी गई है, इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफकार्रवाई करने के साथ पुलिस में भी मामला दर्ज कराया जाएगा।

### सीईओ ने तीनों सीईओ को सौंपी जांच

प्राधिकरण में विकास कार्यों को लेकर चल रहे खेल पर सीईओ ने कड़ा कदम उठाते हुए निर्देष जारी किया गया है अब किसी भी विकास कार्य का भुगतान एसीईओ की जांच रिपोर्ट पर किया जाएगा। एसीईओ मौके पर जाकर चल रहे विकास कार्य का गूगल मैप, जियो टैगिंग, निर्माण कार्य की मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन करेंगे। उनके रिपोर्ट के आधार पर ठेकेदार का भुगतान होगा। सीईओ के इस आदेश से परियोजना विभाग में हड़कंप मचा है। सीईओ ने सफाई कर्मियों की भर्ती घोटोला सामने आने के बाद महाप्रबंधक परियोजना का सारा अधिकारी सीज कर दिया है।

# स्पोर्ट्स सिटी परियोजना को बचाने में वित्तपोषित करने वाले बैंक आए आगे

■ वित्तपोषित करने वाले बैंकों ने आवंटन रद्द पर जेपी एसोसिएट्स के समर्थन में कोर्ट में दिया हलफनामा

■ यमुना प्राधिकरण स्पोर्ट्स सिटी की एक हजार हेक्टेयर जमीन का आवंटन कर चुका निरस्त

**ग्रेटर नोएडा,**11 अक्टूबर (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र की स्पोर्ट्स सिटी परियोजना के लिए आंवटित एक हजार हेक्टेयर जमीन का आवंटन रद्द करने के मामले में वित्तपोषित करने वाले बैंकों ने विकासकर्ता जय प्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड का समर्थन किया है। अधिकतर बैंकों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में हलफनामे दायर किए हैं। इसमें अदालत से यमुना प्राधिकरण के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया है। अब मामले की सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी।

विकासकर्ता जाल की परियोजना का आवंटन रद्द करने को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में मामला चल रहा है। इस मामले की मंगलवार को उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई सितंबर में हुई थी। इसमें अदालत ने बैंकों को यमुना प्राधिकरण और जाल के बीच चल रहे मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया था। जाल के वकील ने अदालत को बताया कि अधिकांश बैंकों ने रिट याचिका का समर्थन किया है। अदालत से प्राधिकरण के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया है। वकील ने प्राधिकरण के बकाये पर सवाल उठाए। यमुना प्राधिकरण ने कहा कि जाल पर 3,621 करोड़ रुपए का बकाया है। जबकि जाल ने अपने समाधान योजना में तर्क दिया है कि बकाया राशि केवल 1,483 करोड़ रुपए है। यमुना प्राधिकरण के वकील ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता ने बकाया राशि का भुगतान करने के लिए विस्तार का अनुरोध किया है तो प्राधिकरण के पास अतिरिक्त दंडात्मक ब्याज लगाने की शक्ति है। अदालत ने बाद में जाल को तीन दिनों के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इसमें प्राधिकरण की गणना के साथ अंतर के कारणों को बताना होगा। प्राधिकरण भी इस हलफनामे का जवाब देगा। यमुना प्राधिकरण ने 12 फरवरी 2020 को सेक्टर -25 में यमुना एक्सप्रेसवे के साथ एक स्पोर्ट्स सिटी विकसित करने के लिए जाल को आवंटित 1000 हेक्टेयर भूमि आवंटन रद्द कर दिया था।

## सार संक्षेप

### मारपीट व फायरिंग का आरोप

**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक युवक के साथ बेवजह मारपीट व विरोध पर फायरिंग करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि शिकायत के बावजूद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। उधर पुलिस जांचोपरांत कार्रवाई का दावा कर रही है। गांव रौनीजा निवासी सुभाष ने पुलिस से शिकायत में कहा है कि 9 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे वह अपने पड़ोसी के यहां से अपनी ट्रैक्टर ट्राली लेने के लिए जा रहा था। इसी दौरान गांव के दो युवको ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर लाठी डंडों से उस पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस का कहना है कि अभी कोई शिकायत नहीं मिली है अगर तहरीर आती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी के मोबाइल समेत चोर गिरफ्तार

**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव चचूरा से 14 सितम्बर को कालीचरण के घर से मोबाइल चोरी हो गया था। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू की थी। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए चोरी किए गए मोबाइल के साथ आरोपित अनोज कुमार (33) गांव बांजरपुर थाना दनकौर को गिरफ्तार किया है।

### डायट में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**दनकौर।** जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में बुधवार को जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालयों के कुल 25 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। जिसमें महिला वर्ग में मोना वर्मा एवं पुरुष वर्ग में प्रवीण अत्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षक को राज्य स्तर पर होने वाली योगासन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका प्राप्त होगा। निर्णायक मंडल में योग विशेषज्ञ, अमृता चौधरी, ललिता जोशी, सुरेंद्र सिंह ने निर्णायक की भूमिका में भाग लिया। उप शिक्षा निदेशक और डायट प्राचार्य राज सिंह यादव ने बताया कि एससीईआरटी के निर्देशानुसार जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया है।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# मथुरा के दीन दयाल धाम में रैली में शामिल होने के लिए भाजपा कार्यकर्ता हुए रवाना



**ग्रेटर नोएडा,**11 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की एक विशाल ऐतिहासिक रैली मथुरा स्थित दीनदयाल धाम में आयोजित हो रही है जिसको प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा के वरिष्ठ नेतागण रैली संबोधित कर रहे हैं। बुधवार को जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने जेवर से हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना किया और जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने बताया कि रैली में जिला गौतमबुधनगर से भाजपा किसान मोर्चा के नेतृत्व में हजारों किसान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने के लिए सुबह 7 बजे दीनदयाल धाम मथुरा के लिये रवाना हुए। इस मौके पर किसान मोर्चा की जिला अध्यक्ष चौधरी चंद्रपाल सिंह, वरिष्ठ नेता सुशील शर्मा, कर्मवीर आर्य, रवि जिंदल, दुष्यंत चौधरी, नीरज गोयल, सतपाल तालान, अशोक शर्मा, उदयवीर चौधरी, रिंकू शर्मा, अमित बोड़की आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला को बंधक बनाकर लूपाट करने वाले बदमाशों व पुलिस में मुठभेड

**ग्रेटर नोएडा,**11 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना बिसरख पुलिस ने विगत दिनों में महिला के घर में घुसकर महिला को बंधक बनाकर लूटपाट कर एटीएम का पिन पूछकर एटीएम से रूपए निकालने वाले गिरोह के 3 शातिर बदमाशों को पुलिस मुठभेड किया गिरफ्तार किया है, जिनके पास से तीन अवैध तंमचा 315 बोर व 6 जिन्दा कारतूस व खोखा कारतूस व लूट का सामान बरामद किया है। बिसरख थाने की पुलिस ने घटना का सफल खुलासा करते हुए आरोपी बिट्टू कसाना निवासी ग्राम भूप खेडी थाना टीला मोड जिला गाजियाबाद, अखिल भाटी निवासी आजमपुर गढी थाना दनकौर, लव कुमार निवासी ग्राम छतनौरा थाना बाबूगढ जिला हापुड को मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कीया सोनेट कार ऐस सिटी से आती हुई दिखायी दी, जिसे चेकिंग के लिए पुलिस ने रोकने का इशारा किया गया तो कार सवार



■ पुलिस से मुठभेड में तीन गिरफ्तार, लूटपाट का सामान बरामद

तेजी से कार को लेकर जलपुरा बार्डर की तरफ भागने का प्रयास करने लगे, जिनका पीछा कर निर्माणाधीन मोरफेस सोसाइटी के पास रोकने का प्रयास किया गया तो कार सवार बदमाशों ने पुलिस वालों पर जान से मारने की नियत से फायर करने लगे। आगे से रास्ता बंद होने के कारण कार से तीन बदमाश ऊतर कर भागने लगे और पीछे मुड़ मुड़कर पुलिस वालों फायर करने लगे। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायर किया, जिसमें बदमाश बिट्टू कसाना, अखिल भाटी, लव कुमार के पैरों में गोली लगने से घायल हो गये। डीसीपी सेंट्रल नोएडा हृदेश कठेरिया ने बताया कि घटना का अनावरण करने वाले पुलिस टीम को पच्चीस हजार का इनाम दिया जाएगा। पकड़े गए बदमाशों के पास से लुटी हुई एक अदद अंगूठी सफेद धातु, एक ऐटीएम कार्ड, एक मैट्रो कार्ड, एक मोबाइल फोन स्मार्ट फोन, नकद 1 लाख 7 हजार रूपये (लुटे हुए) व घटना में प्रयुक्त एक कीया सोनेट कार जो थाना मयूर विहार दिल्ली से चोरी हुई थी व अवैध तीन अदद नाजायज तंमचा व 6 जिन्दा कारतूस व 8 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। इन बदमाशों पर हत्या, डकैती, लूट के कई मुकदमें दर्ज हैं।

# जीबीयू में स्ट्रक्चरल बायोलॉजी एण्ड ड्रग डिस्कवरी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में स्ट्रक्चरल बायोलॉजी एंड ड्रग डिस्कवरी पर दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रतिष्ठित शोधकर्ताओं और वैज्ञानिक दिग्गज शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा के स्वागत भाषण से हुई। साथ ही प्रोफेसर एन.पी. मेल्कानिया, डीन एकेडमिक्स, जीबीयू, कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी, सेक्रेटरी जनरल डॉ. नागेन्द्र सिंह, विभागाध्यक्ष, बायोटेक्नोलॉजी, जीबीयू ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. टी.पी. सिंह, एम्स, दिल्ली और मुख्य अतिथि प्रोफेसर राकेश भटनागर शामिल हुए। सम्मेलन के विभिन्न स्तरों में वैश्विक महत्वपूर्ण अनुसंधान विषयों पर व्याख्यान, नवीन दृष्टिकोण और व्यावहारिक दृष्टिकोण को चित्रित किया गया है। एम्स, दिल्ली के प्रोफेसर टी.पी. सिंह ने क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और भविष्य के मानक पर प्रकाश डाला, और 'चिकित्सीय रसायनज्ञों के लिए इम्यूनोप्रोटीन में प्रकृति-नैतिकता नवाचारों का शोषण विषय पर एक व्याख्यान दिया। दिल्ली के प्रोफेसर बी.जयराम ने संजीवनी का निर्माणष पर व्याख्यान दिया, जिसके बाद जामिया हमदर्द के प्रोफेसर फैजान अहमद ने अमीनो एसिड अनुक्रम और अद्वितीय प्रोटीन स्ट्रक्चर सहसंबंध पर व्यावहारिक प्रस्ताव दिया। एन.उ.स., सिंगापुर के प्रो. जे. शिवराम ने मोनोक्लोनल एंटीबाडीज द्वारा वायरस को निष्क्रिय करने के विषय पर अपनी बात से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसके बाद आरसीबी, फरीदाबाद के प्रो. वेंगाडेसन कृष्णन ने व्याख्यान दिया। गहन प्रश्नोत्तरी और विचारोत्तेजक संवाद शुरू हुआ, जिससे सम्मेलन और भी समृद्ध हुआ। दूसरे सत्र में लैक्टोफेरिन, कोविड वायरस आदि पर कई और पूर्ण व्याख्यान जारी रहे और सम्मेलन का पहला दिन पोस्टर प्रदर्शनी और स्ट्रक्चरल बायोलॉजी के क्षेत्र में प्रसिद्ध वैज्ञानिक-वार्ता के समविद्या सत्रों के साथ समाप्त हुआ।




■ कांफ्रेंस का उद्देश्य दुनिया भर के प्रमुख विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं एवं विद्वानों को एक साथ लाना है

# ग्रेनो में फुट ओवर ब्रिज बनाने की प्राधिकरण ने फिर शुरू की कवायद

**ग्रेटर नोएडा,**11 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर में फुट ओवर ब्रिज बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने फिर कवायद शुरू की है। बीओटी नीति पर आठ जगहों पर एफओबी बनाने के लिए आरएफपी निकाल दिए गए हैं। नवंबर महीने में कंपनी का चयन कर लिया जाएगा। शहर में एफओबी बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सलाहकार एजेंसी राइट्स से सर्वे कराया था। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर एफओबी बनाने का निर्णय लिया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने आठ जगहों पर एफओबी बनाने के लिए आरएफपी निकाला है। प्राधिकरण ओमेगा शॉपिंग कांप्लेक्स, दुर्गा टॉकिज के पास, कलेक्ट्रेट के सामने, कैलाश अस्पताल के सामने, एपीजे इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेनो वेस्ट में एक मूर्ति गोल चक्कर, निराला एस्टेट टाउनशिप एंड अर्थ एसईजेड सेक्टर टेकजोन-4 के पास और सुपरटेक इको विलेज व यर्थाथ अस्पताल के पास एफओबी बनवाएगा। एफओबी बीओटी आधार पर बनाए जाएंगे। इसमें चयनित कंपनी को पैसा लगाना होगा। बाद में विज्ञापन के जरिये अपनी लागत निकाल सकेंगे। चयनित कंपनी को 20 साल का लाइसेंस दिया जाएगा। यानी कंपनी 20 साल तक उस पर विज्ञापन लगा सकेगी। हर एफओबी में दो सीढ़ी और दो लिफ्ट लगाई जाएंगी। इनका संचालन भी कंपनी को करना होगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कंपनियों से 25 अक्टूबर तक टेंडर मांगे हैं। 27 अक्टूबर को तकनीकी निविदा खोली जाएगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बीओटी नीति पर आठ जगहों पर एफओबी बनाने के लिए निकाली आरएफपी

# नाट्य प्रदर्शन के साथ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

**जेवर,**11 अक्टूबर(देशबन्धु)। जहांगीरपुर कस्बे में बुधवार को आजादी के अमृत महोत्सव पर मनाये जा रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के विधार्थियो ने हिस्सा लिया। जिसमे उन्होंने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपना बलिदान देने वाले शहीदों की गाथा की जानकारी दी और 1857 की लड़ाई में अंग्रेजी शासन के खिलाफ़ क्रांति की बिगुल बजाने वाले राव उमराव सिंह भाटी और मजलिस जमींदार जैसे महापुरषों के बारे में भी लोगों को बताया। क्रांतिकारियों के किरदार को निभाने वाले कलाकार अवनीश चंद्र झा ने राव उमराव सिंह, शैलेश पाल ने मजलिस जमींदार, सैफ सिद्दकी ने अंग्रेज, रिया पंवार, अनूप आलोक, विवेक सिंह, चेतना आदि ने अपने अभिनय ने दिखाया। इस मौके पर जहांगीरपुर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार, टेक्स कलेक्टर बनवारी लाल शर्मा, चेयरमैन गजेंद्र मीणा, सभासद शकीला, गौरव जादौन, कुंवर सेन, मौ शाहरूख इदरीसी, चमन शर्मा आदि मौजूद रहे।






## पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 9/11/22 को सेक्टर 147 व 148 मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो लाइन के पिलर नंबर 657 के पास सड़क किनारे बने नाले में एक अज्ञात महिला का शव उम्र करीब 20 से 25 वर्ष पाया गया था जिसका नाम पता अज्ञात है है हुलिया आंख नाक कान औसत कद करीब 5 फुट रंग गोरा सर व भौह के बाल नहीं है इसके संबंध में थाना नॉलेज पार्क में मुकदमा अपराध संख्या 283/22 धारा 302 201 आईपीसी पंजीकृत है पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक मृतक अज्ञात के बारे में कोई जानकारी ,सुराग नहीं मिल पाया यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक अज्ञात महिला के बारे में कोई जानकारी सुराग मिले सूचित करें

थाना नॉलेज पार्क मो नंबर 7839869054 तथा सीयूजी नंबर 8595902542 पर सूचित करने की कृपा करें थाना अध्यक्ष थाना नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा


# डॉ. अमित कपूर बने भाकियू किसान सेना के राष्ट्रीय सचिव, गरीबों के बच्चों का होगा निःशुल्क इलाज



**ग्रेटर नोएडा,**11 अक्टूबर (देशबन्धु)। अब गरीब और किसानों के बच्चों को पावी क्लिनिक ग्रेटर नोएडा वेस्ट में फ्री इलाज मिलेगा। जाने माने बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमित कपूर ने भारतीय किसान यूनियन किसान सेना का अराजनैतिक किसान सम्मेलन में ये ऐलान किया। आम्रपाली लेजर वैली हुए किसान सम्मेलन में डॉ. अमित कपूर को किसान सेना के चिकित्सा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट समेत उत्तर प्रदेश के कई बड़े जिले डेंगू, टाइफाइड की चपेट में हैं। सबसे ज्यादा असर बच्चों पर हो रहा है। तेज बुखार की वजह से अचानक प्लेटलेट कम हो जाते हैं, और समय से प्लेटिलेट नहीं मिल पाने के कारण लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। किसान सेना ने सरकार से मांग की है कि सरकारी और निजी अस्पतालों में निःशुल्क प्लेटिलेट्स उपलब्ध कराए जाएं। मुंबई के सायन मेडिकल कॉलेज, लखनऊ के केजीएमसी और यूके के ब्रिटिश पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी एसोशिएशन से मेडिकल शिक्षा प्राप्त कर करने वाले डॉक्टर अमित कपूर एमबीबीएस, डीसीएच, पीजीएफ्एनएम (नियोनेटोलॉजी) हैं। डॉक्टर कपूर कैलाश अस्पताल जेवर में वरिष्ठ सलाहकार और बाल चिकित्सा प्रभारी रह चुके हैं। उनके पास कैलाश अस्पताल (जेवर), कैरियर मेडिकल कॉलेज (लखनऊ) और रामा मेडिकल कॉलेज (हापुड़) जैसे प्रसिद्ध नामों में क्रिटिकल केयर यूनिट, बाल चिकित्सा आईसीयू की स्थापना और संचालन का व्यापक अनुभव है। डॉक्टर कपूर यथार्थ नोएडा, कैलाश अस्पताल, ग्रेटर नोएडा और फोर्टिस नोएडा में विजिटिंग सलाहकार हैं।


## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लाट नं0-1 सैक्टर के0पी0-04, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर।
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि AWHO, Gurjinder Vihar, Sector-Chi-I, Builder's Area, Pocket-P5, Greater Noida के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-1-J-301, 3rd Floor, क्षेत्रफल-172.86 वर्ग मीटर Lt. Col. PV Ramachandran Menon S/o Shri K. Gopinath Menon & Mrs. Meena Menon W/o Lt. Col. PV Ramachandran Menon के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। सह आवंटी Mrs. Meena Menon की मृत्यु दिनांक-02.11.2020 को हो जाने के उपरान्त उनके स्थान पर उनके पुत्र Mr. Tejus Menon S/o Lt. Col. PV Ramachandran Menon ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सूनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में सह आवंटी Mrs. Meena Menon के स्थान पर उनके पुत्र Mr. Tejus Menon S/o Shri PV Ramachandran Menon के नाम दर्ज कर दिया जायेगा। मूल आवंटी का नाम Lt. Col. PV Ramachandran Menon S/o Shri K. Gopinath Menon का नाम पूर्ववत रहेगा।

महाप्रबन्धक (ग्रुप हाउसिंह )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण


# पराली, फसल अवशेष प्रबन्धन पर कार्यशाला एवं रबी गोष्ठी में किसानों को किया गया जागरूक

**ग्रेटर** नोएडा,11 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला कृषि विभाग ने शारदा विश्वविद्यालय में फसल अवशेष, पराली प्रबन्धन एवं श्रीअन्न, मोटा अनाज को बढ़ावा देने के लिए मिलेटस पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसी के साथ आगामी रबी अभियान के अन्तर्गत अपनायी जाने वाली रणनीति पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक जेवर धीरेद्र सिंह ने किसानों से पराली प्रबन्धन पर वार्ता करते हुए फसल अवशेष न जलाने और जैविक खेती अपनाने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में आये हुए लगभग सात सो कृषकों को पूसा बायो डी कम्पोजर के साथ प्रयोग विधि का साहित्य वितरण कृषकों को किया गया। उप कृषि निदेशक ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर जनार्दन सिंह ने कृषि विभाग द्वारा दी जा रही तकनीकी जानकारी एवं समस्त सुविधाओं का लाभ उठाते हुए कृषकों से अपनी आय में वृद्धि करने को कहा। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक, विनोद कुमार ने आगामी रबी में जनपद की बीज, उर्वरक एवं फसल सुरक्षा सम्बन्धी समस्त आवश्यकताओं से समय पर उपलब्धता होने के लिए आश्वस्त किया गया। जिला उद्यान अधिकारी शिवानी तोमर ने उद्यान विभाग के माध्यम से विभिन्न फल-फूल एवं सब्जी की फसलों पर दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गयी। शारदा विश्वविद्यालय एग्रीकल्चर के डीन एवं प्रोफेसर प्रो. डॉली बॉटल धर द्वारा पराली प्रबन्धन पर विस्तृत जानकारी दी गयी।



किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की कृषकों को दी गई विस्तृत जानकारी

# गाड़ी खड़ी करने के विवाद में हुए मारपीट में युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। कासना कोतवाली क्षेत्र में गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में एक युवक को रॉड और डंडों से पीट कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया, जिसकी इलाज के दौरान कल रात मौत हो गयी। दरसअल कासना थाना क्षेत्र की एक साइट में ट्रांसपोर्ट की गाड़ी चालक राजेश ने सोमवार की रात्रि में अपनी गाड़ी को रास्ते में खड़ा कर दिया। इसी दौरान मजदूरी करने वाले एक नाबालिग व गोविद वहां आ गए। इन लोगों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इन लोगों के बीच विवाद बढ़ता चला गया और मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान इन तीनों लोगों में जमकर लात और घूसे चले।


## ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. T-1/103, 1st Floor, Tower-T-1, Area-123.14 Sqm., AVJ Homes, Sector-Beta-II, Greater Noida जो की Ms. Aparna Sharma निवासी House No. E-13, Sector Beta-01, Greater Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-23.02.2013 को पंजीकृत है। Ms. Aparna Sharma की मृत्यु के उपरान्त उनके पिता Mr. Hari Chand Sharma S/o Sh. H. R. Sharma ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण प्रस्तुत वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Hari Chand Sharma S/o Sh. H. R. Sharma का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 12 अक्टूबर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# अब अरुंधति रॉय के खिलाफ मामला

13 साल पुराने एक मामले को लेकर दिल्ली पुलिस प्रसिद्ध लेखिका अरुंधति रॉय के खिलाफ मुकदमा चलाने जा रही है। दिल्ली के उपराज्यपाल विवेक सक्सेना ने इसके लिये अनुमति देकर यह साफ कर दिया है कि ऐसे सारे तमाम बुद्धिजीवी, लेखक व पत्रकार सरकार से बच नहीं सकते अगर वे उसके आलोचक हैं। उनसे गर सवाल करते हैं। भारत की जेलों में अनेक ऐसे लोग पहले से ही या तो बन्द हैं या किसी न किसी जांच एजेंसी की पूछताछ का सामना कर रहे हैं। अब प्रतिष्ठित लेखिका का नंबर आया हुआ दिखता है। उपराज्यपाल कार्यालय ने मंगलवार को सूचित किया है कि 2010 के एक भड़काऊ भाषणों से संबंधित एक मामले में लेखक-एक्टिविस्ट अरुंधति रॉय तथा एक पूर्व कश्मीरी प्रो. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई है।

रॉय तथा पूर्व प्रोफेसर के खिलाफ उक्त एफआईआर दिल्ली की मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश के बाद दर्ज हुई थी। यहां के तिलक मार्ग थाने में यह शिकायत कश्मीर के एक सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित ने 28 अक्टूबर, 2010 को दर्ज कराई थी। उनके अनुसार उसी साल 21 अक्टूबर को 'कमेटी फॉर रिलीज ऑफ पॉलिटिकल प्रिज़नर्स' के तत्वावधान में 'आज़ादी' नामक सम्मेलन में कुछ वक्ताओं ने भड़काऊ भाषण दिए थे। सम्मेलन में और भी ऐसे मुद्दों पर चर्चा की गई थी जिनका लक्ष्य कश्मीर को भारत से अलग करना था। यह भी आरोप था कि इन कथित भड़काऊ भाषणों से सार्वजनिक शांति और सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी। उल्लेखनीय है कि मामले में दो और आरोपी कश्मीरी अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी और दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक सैयद अब्दुल रहमान गिलानी भी थे जिनकी मामले की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है। उपराज्यपाल कार्यालय के मुताबिक रॉय और हुसैन के खिलाफ प्रथम दृष्टया आईपीसी की धाराओं 153ए, 153बी और 505 के तहत अपराध का मामला बनता है।

अनेक प्रसिद्ध पुस्तकों की लेखिका एवं बुकर पुरस्कार से सम्मानित अरुंधति रॉय व अन्य वक्ताओं के भाषणों के मेरिट पर तो कोर्ट गौर फरमायेगा लेकिन अगर यह मान भी लिया जाये कि उन्होंने ऐसा कहा है, तो भी सच यह है कि यह मामला एक तरह से लोग भूल चुके थे। सम्भवत: आरोपी वक्तागण भी भूल गये रहे होंगे। फिर, इन भाषणों के कारण अगर देश की शांति व सुरक्षा को किसी भी तरह से खतरा होना होता तो वह अब तक हो चुका होता और देश उसका खामियाजा भी भुगत चुका होता। इस बयान से न तो देश में कहीं शांति-व्यवस्था का मसला उठा और न ही इन बयानों से कश्मीर को भारत से अलग होने की कोई प्रेरणा मिली। उल्टे, अब तो भारत सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को समाप्त किए हुए चार साल से भी अधिक का समय हो चुका है। सरकार का दावा है कि वहां अब पूरी तरह से शांति है तो फिर शांति व सुरक्षा का मामला उठता ही कहां है? दूसरे, अगर ये बयान इतने ही खतरनाक एवं देश की एकता व अखंडता के लिये खतरा थे, तो उसका परीक्षण करने में सवा दशक से भी ज्यादा समय क्यों लगा? इसका सीधा सा अर्थ यह है कि मामला इतना गम्भीर है नहीं, उसे वैसा गम्भीर बतलाने व बनाने की यह कोशिश है। क्या सरकार को यह जानने में इतना समय लगा कि बयान खतरनाक है या नहीं? जो आरोप लगाये गये हैं वे इतने गम्भीर हैं कि इतने दिनों में तो उसका फैसला हो जाना चाहिये था। अगर सजा सुना भी दी जाती तो अब तक आरोपी सजा काटकर जेल की सींखचों से बाहर भी आ चुके होते।

जाहिर है कि देश में पिछले कुछ समय से प्रतिरोध के स्वर को दबाने के जो प्रयास हो रहे हैं, उसी की एक श्रृंखला के रूप में इसे देखा जाना चाहिये। जिस प्रकार से जनसामान्य की बात कहने या सरकार का विरोध करने के कारण वरवरा राव, सुधा भारद्वाज, गौतम नवलखा, वर्नन गोंजाल्विस, अरूण फरेरा, प्रो. जीएन साईंबाबा, सोनी सोरी, तीस्ता सीतलवाड आदि को जेलों में डाला जाता है, वैसे ही अब अरुंधति रॉय को डालने की तैयारी दिखती है। पत्रकार सिद्दीक कप्पन से लेकर हाल ही में 'न्यूज़क्लिक' के संस्थापक सम्पादक प्रवीर पुरकायस्थ की हुई गिरफ्तारी व उन्हें लम्बी हिरासत में भेजना उसी कहानी का प्रकारांतर से दोहराव है। जिनकी किस्मत अच्छी होती है उन्हें जमानत मिल जाती है, शेष या तो स्टेन स्वामी की तरह जेलों में एक स्ट्रा के लिये तरसते हुए मारे जाते हैं या फिर गौरी लंकेश की भांति अतिवादियों के हाथों मारे जाते हैं।

ये ही वे कारण हैं जिनके चलते आज भारत विभिन्न देशों में मानवाधिकारों के मामलों में काफी पिछड़ा हुआ है। यहां हो रहे मानवाधिकारों के हनन की गूंज पूरी दुनिया में जा रही है। भारत में जिस उदार विमर्श की परम्परा रही है, उसका पूरी तरह से लोप होता हुआ दिख रहा है। अरुंधति रॉय को पूरी दुनिया में बड़े सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। अपने प्रसिद्ध उपन्यास 'गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स' के लिये पुरस्कार स्वरूप मिली राशि जनांदोलनों को दान करने वाली सुश्री रॉय अपने लेखों से व्यवस्था की खामियों को लगातार उजागर करती हैं जो सत्ता की नाराजगी का कारण बनता है। गम्भीर साहित्य के साथ सामयिक विषयों पर उनके लेखों को भारत ही नहीं, विश्व भर में उत्सुकता से पढ़ा जाता है। कश्मीर का मसला लम्बे समय से चर्चा में रहा है। उस पर अगर कोई अपने विचार रखता है तो सरकार को अपना पक्ष रखना चाहिये। ढूंढ़-ढूंढ़कर मुकदमे चलाना हास्यास्पद ही है।

# चुनाव के बीच खेल

## दुनियादारी

**■ सर्वमित्रा सुरजन**

विधानसभा चुनाव सिर पर हैं और उसके बाद लोकसभा चुनाव के लिए जनता के बीच फिर से जाना है। देश के राजनैतिक माहौल में इस वक्त सारी चिंताओं से बढ़कर सबसे बड़ी चिंता चुनावों की ही नजर आ रही है। जो सत्ता में है वो उस पर किसी भी तरह से बने रहने की कोशिश में है, जो नहीं है, उसका सारा ध्यान इसी बात पर है कि किसी भी तरह सत्ता में लौटा जाए। भाजपा के लिए भी यही चिंता इस वक्त दिखाई दे रही है, लेकिन भाजपा नेता अमित मालवीय का एक ट्वीट आया है, जिसे देखकर समझ आता है कि भाजपा की चिंता सत्ता में बने रहना तो है ही, कांग्रेस और कांग्रेस के नेता उसके लिए सबसे बड़ी चिंता बने हुए हैं। तभी तो कांग्रेस की हर छोटी-बड़ी बात पर भाजपा चील जैसी पैनी निगाह रख रही है। अपने एक ट्वीट में अमित मालवीय ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की एक तस्वीर डालते हुए लिखा है-कितनी भी माथा-पच्ची कर लें, सरकार तो आनी नहीं है इसलिए कैंडी क्रश खेल रहे हैं। दरअसल प्रदेश चुनाव समिति की एक बैठक में किसी ने मुख्यमंत्री बघेल की यह तस्वीर खींची है। इस बैठक में चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा होनी थी, और इसमें श्री बघेल के अलावा चुनाव प्रभारी कुमारी शैलजा और उपमुख्यमंत्री एम टी एस सिंह देव समेत कुछ नेता भी शामिल थे। इसी दौरान किसी ने भूपेश बघेल के पीछे से यह फोटो खींच ली और अब यह फोटो वायरल हो गई है। पीछे से खींची गई फोटो से साफ है कि फोटो लेने वाला जानता था कि वह किसकी फोटो ले रहा है और किस तरह ले रहा है, जबकि श्री बघेल इससे अनभिज्ञ रहे होंगे, यह अनुमान लगाना कठिन नहीं है। इस फोटो को यूं ही नहीं खींचा गया है, ये भी जाहिर सी बात है। क्योंकि ऐसे ही खींची गई तस्वीर वायरल नहीं करवाई जाती। बैठक कांग्रेस की थी और उम्मीदवारों के चयन को लेकर थी, तो इसका मतलब इसमें बहुत सी ऐसी बातें भी हुई होंगी, जो बाहर नहीं जाना चाहिए। लेकिन अगर फोटो बाहर आ सकती है, तो क्या बैठक के दौरान की गई बातें बाहर नहीं गई होंगी, ये भी विचारणीय है। बहरहाल, ये सोचना कांग्रेस का काम है कि आखिर उसकी बंद कमरे की बैठक में क्या घर के भेदी भी शामिल हुए थे, या कोई है, जो दोनों ओर का खेल खेल रहा है। चुनावों में ऐसे खेलों से ही अक्सर बाजी पलट जाया करती है।

वैसे यह जानना भी रोचक है कि भाजपा की दिलचस्पी आखिर किस किस्म के खेल में है। क्योंकि जिस तरह से अमित मालवीय ने भूपेश बघेल पर तंज कसा कि सरकार तो आनी नहीं है, इसलिए कैंडी क्रश खेल रहे हैं। उससे यह संदेश निकल रहा है कि भाजपा अपनी जीत को लेकर आश्वस्त है। हालांकि भूपेश बघेल ने भी जवाब दे दिया है कि पहले भाजपा को ऐतराज था कि मैं गेड़ी क्यों चढ़ता हूं, भौंरा क्यों चलाता हूं, गिल्ली-डंडा क्यों खेलता हूं, प्रदेश में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक क्यों हो रहे हैं? कल एक बैठक से पहले फ़ोटो मिल गई जिसमें मैं कैंडी क्रश खेल रहा हूं। अब भाजपा को उस पर ऐतराज़ है। दरअसल उनको मेरे होने पर ही ऐतराज है। पर यह तो छत्तीसगढ़ के लोग हैं जो तय करते हैं कि कौन रहेगा कौन नहीं रहेगा। मैं गेड़ी भी चढ़ूंगा। गिल्ली-डंडा भी खेलूंगा। कैंडी क्रश भी मेरा फेवरेट है। ठीक-ठाक लेवल पार कर लिया हूं, वो भी जारी रहेगा। बाकी छत्तीसगढ़ को पता है कि किसे आशीर्वाद देना है।

मुख्यमंत्री बघेल ने बिल्कुल माकूल जवाब दे दिया है। वाकई वो कैंडी क्रश के अच्छे खिलाड़ी हैं, उनके ही ट्वीट से पता चला है कि वो 4400वें स्टेज पर पहुंच गए हैं। पाठक जानते ही हैं कि कैंडी क्रश खेल में एक ही रंग की दो कैंडी का मिलान करते हुए आगे बढ़ते हैं। कुछ लोगों के लिए ये टाइमपास है, कुछ के लिए अपनी निगाहों के पैनेपन को जांचने का तरीका और कुछ के लिए मनोरंजन। चुनाव की थकान और तनाव के बीच अगर भूपेश बघेल कैंडी क्रश खेल रहे हैं, तो उस पर किसी को क्या आपत्ति हो सकती है। वैसे बात निकली है, तो यह प्रसंग याद आ गया कि इसी साल जून में क्रिकेट सितारे एम एस धोनी का फ्लाइट में कैंडी क्रश खेलते हुए एक वीडियो वायरल हुआ, इसके बाद तीन घंटे में कुछ 30 लाख लोगों ने इस गेम को अपने फोन पर डाउनलोड किया। कैंडी क्रश ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर इसके लिए धोनी को धन्यवाद भी दिया कि आपकी वजह से हम ट्रेंड कर रहे हैं। अब शायद कैंडी क्रश एक धन्यवाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को भी दे कि उनकी वजह से वह फिर चर्चा में आ गया या इस बार का धन्यवाद अमित मालवीय के लिए रहेगा।

श्री मालवीय जिस तरह कांग्रेस नेताओं पर पैनी निगाह बनाए हुए हैं, वह भी अपने आप में एक मिसाल ही है। कभी राहुल गांधी की टी-शर्ट के नीचे कौन सा अंत:वस्त्र पहना है, इसकी पड़ताल की जाती है, कभी कांग्रेस के मुख्यमंत्री अपने मोबाइल पर कौन सा खेल खेलते हैं, इस पर चर्चा होती है। भाजपा को आश्चर्य भी हो रहा होगा कि आखिर कांग्रेस नेता ऐसा खेल क्यों खेल रहे हैं, जिसमें कोई पेचीदे नियम नहीं हैं, सीधा-सादा जोड़ी मिलाने का खेल है। भई, खेल खेलना है तो फिर ट्रोल आर्मी का खेल देखें या फेक न्यूज फैक्ट्री का, जो हर दिन नए-नए झूठ जनता के बीच परोसने का खेल खेलती है। जैसे अभी इजरायल के फिलीस्तीन पर किए हमले में भारत के राष्ट्रवादियों ने लाइन से इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की 9-10 साल पुरानी तस्वीर डाल दी और लिखा कि सच्चे देशभक्त, बहादुर नेता, जो हमास से लड़ने के लिए अपने बेटे को मोर्चे पर भेज रहे हैं। हकीकत ये है कि ये तस्वीर तब की है, जब नेतन्याहू का बेटा सेना का आवश्यक प्रशिक्षण लेकर लौटा था। राष्ट्रवादियों में से एक ने सोनिया गांधी से मांग कर दी कि वे राहुल गांधी को चीन से लड़ने के लिए भेज कर बताएं। इस बहादुर इंसान ने श्री मोदी या उनकी केबिनेट के मंत्रियों और उनके होनहार बच्चों का नाम नहीं लिखा। शहादत के नाम पर गांधी परिवार ही उसे याद आया। हमारे पत्रकार बंधु भी पिछले कई सालों से पत्रकारिता का गजब खेल खेल रहे हैं। मणिपुर जाकर जो जमीनी हकीकत का पता नहीं लगा सके, वो इजरायल की रिपोर्टिंग में दिन-रात एक कर रहे हैं। उन्हें इस खेल की प्रेरणा प्रधानमंत्री से ही मिली होगी। जिन्होंने मणिपुर पर दो लाइन कहने के लिए तीन महीने का लंबा वक्त लिया, लेकिन इजरायल पर हमले की खबर सुनते ही सदमे वाला ट्वीट कर दिया। ऐसी संवेदनशीलता लाने के लिए कौन सी राजनीति का खेल खेला जा रहा है, ये समझना कठिन नहीं है। प्रधानमंत्री ने अभी फिर कहा है कि भारत इजरायल के साथ है। वे चाहते तो कह सकते थे कि भारत फिलीस्तीन के साथ है, भारत मानवता के साथ है। लेकिन फिर उन्हें अपने ऊपर भी तो जवाब देना है। इस खेल का सबसे बड़ा खिलाड़ी अमेरिका तो अभी जंग की इस पारी को और लंबा खींचना चाहता होगा, ताकि हथियारों की बिक्री बढ़े और उसका मुनाफा भी। अमेरिका तो अपने खेल को छिपाता भी नहीं। यूक्रेन अपनी आजादी के लिए लड़े तो उसके साथ और फिलीस्तीन अपनी मुक्ति की बात करे तो वो आतंकी, ये दोहरे मापदंड बड़ी आसानी से उसने अपनाया है और उसके पिछलग्गू भी वही कर रहे हैं। अमेरिका की युद्ध वाली रिले रेस का हिस्सा हम न ही बनें तो अच्छा है, लेकिन इसके लिए सख्ती तो दिखानी होगी। वैसे इजरायल अभी भारत का साथ पाकर खुश हो जाए, लेकिन उसे भी ये खेल शायद पूरी तरह समझा नहीं है। जो लोग अभी इजरायल के साथ खड़े होने का दावा कर रहे हैं, ये वही जमात है, जिसे हिटलर के शुद्ध रक्त और नस्ल वाले विचार आकर्षक लगते हैं।

दुनिया में जंग का खेल चल रहा है, जिसमें मुनाफा कमाया जा रहा है और हमेशा की तरह औरतों, बच्चों और तमाम मासूमों के साथ पैशाचिक व्यवहार किया जा रहा है। छोटी या बड़ी जंग, हर जगह सबसे पहला निशाना औरतें ही बनती हैं। मणिपुर से लेकर इजरायल और फिलीस्तीन तक यही नजर आया है। ऐसे खूनी और विनाशकारी खेल पर पैनी निगाह होनी चाहिए, ताकि जहां इसकी शुरुआत दिखे, वहीं उसे रोक दें। कैंडी क्रश खेलने में तो किसी का नुकसान नहीं है। लेकिन भाजपा अभी कैंडी क्रश खेलने वालों की निगरानी कर रही है। उसका पसंदीदा खेल शायद यही है।

> **श्री मालवीय जिस तरह कांग्रेस नेताओं पर पैनी निगाह बनाए हुए हैं, वह भी अपने आप में एक मिसाल ही है। कभी राहुल गांधी की टी-शर्ट के नीचे कौन सा अंत:वस्त्र पहना है, इसकी पड़ताल की जाती है, कभी कांग्रेस के मुख्यमंत्री अपने मोबाइल पर कौन सा खेल खेलते हैं, इस पर चर्चा होती है। भाजपा को आश्चर्य भी हो रहा होगा कि आखिर कांग्रेस नेता ऐसा खेल क्यों खेल रहे हैं, जिसमें कोई पेचीदे नियम नहीं हैं।**

# हमास-इजरायल युद्ध पर पीएम मोदी की एकतरफा प्रतिक्रिया अशुभ संकेत

**■ नित्य चक्रवर्ती**

यह अब फ़िलिस्तीनी उग्रवादियों और इज़रायल के बीच एक पूर्ण युद्ध है। पिछले पांच दिनों में करीब दो हजार लोगों की मौत हो चुकी है। सभी संकेत इस बात की ओर इशारा करते हैं कि एक तरफ हमास के मित्रवत अन्य उग्रवादी शामिल हैं और दूसरी तरफ अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों द्वारा घोर दक्षिणपंथी नेतन्याहू शासन को बड़ी सहायता दी जा रही है। ऐसा लगता है कि हमास और इज़राइल दोनों ही अंत तक लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पिछले दो वर्षों में, 24 फरवरी, 2022 को रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले के बाद यह दूसरा बड़ा युद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने 7अक्टूबर को एक ट्वीट में इजरायल पर हमास के हमलों की खबर पर गहरा आघात व्यक्त किया। प्रधानमंत्री निश्चित रूप से अचानक हमास के हमले और निर्दोष नागरिकों की मौत पर अपना दुख व्यक्त कर सकते हैं, लेकिन युद्ध की समाप्ति की आवश्यकता के बारे में कुछ भी उल्लेख किये बिना और फिलिस्तीन मुद्दे का बिल्कुल भी उल्लेख किये बिना भारत के इजरायल के साथ एकजुटता से खड़े होने की बात करना एक अशुभ संकेत देता है। इजरायल-फ़िलिस्तीन विवाद में भारत की स्थिति में गहरा बदलाव आया है।

अरब देशों के अलावा, अफ्रीकी संघ के सदस्य, जिन्हें भारतीय प्रधानमंत्री ने सितंबर शिखर सम्मेलन में जी-20 की नई सदस्यता दी, वे प्रधानमंत्री के इजरायल समर्थक रुख से सहज नहीं होंगे।

स्थिति को अभी भी बचाया जा सकता है यदि प्रधानमंत्री या विदेश मंत्री वर्तमान पश्चिम एशियाई युद्ध पर एक विस्तृत बयान जारी करते हैं, जो कुछ गलतफहमियों को दूर करें जो निश्चित रूप से वैश्विक दक्षिण सदस्यों के बीच पैदा हुई हैं। प्रधानमंत्री इस साल नवंबर में वर्चुअल जी-20 बैठक को संबोधित करेंगे - जी-20 प्रमुख के रूप में उनका यह आखिरी कार्यभार होगा। अगर मौजूदा युद्ध जारी रहा तो भारतीय प्रधानमंत्री को इस वर्चुअल शिखर सम्मेलन में ग्लोबल साउथ सदस्यों के कई शर्मनाक सवालों का सामना करना पड़ेगा। भारतीय प्रधानमंत्री ने यूक्रेन युद्ध मामले में अपनी कूटनीतिक सफलता से जो विश्वसनीयता अर्जित की थी, वह हमास-इजरायल युद्ध पर इस रुख से चकनाचूर हो गई है। भारत की स्थिति संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले जी-7 देशों के समान है, न कि ग्लोबल साउथ के साथ-साथ रूस और चीन के समान।

कांग्रेस पार्टी ने अपने बयान में हमास के हमले और निर्दोष इज़रायली नागरिकों की मौत पर दुख व्यक्त करने के साथ ही फ़िलिस्तीन प्रश्न के स्थायी समाधान की आवश्यकता को भी रेखांकित किया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिवालय ने अपने बयान में अंतरराष्ट्रीय समुदाय, संयुक्त राष्ट्र और भारत सरकार से 1967 से पहले की सीमाओं और पूर्वी यरुशलम को फिलिस्तीन की राजधानी बनाने वाले दो राज्यों के समाधान का समर्थन करके स्थायी शांति की स्थापना के लिए प्रयास करने का आह्वान किया।

पश्चिमी देश और अंतरराष्ट्रीय मीडिया हमास को आतंकवादियों और राक्षसों के रूप में चित्रित करते रहे हैं। हमास गाजा पट्टी में मुख्य फिलिस्तीनी आतंकवादी बल है और वे पिछले कुछ वर्षों से, खासकर पिछले चुनाव के बाद से, इजरायली स्नाइपर हमलों से लड़ रहे हैं। बेंजामिन नेतान्याहू इजरायली प्रधानमंत्री के रूप में अपनी वापसी कर रहे हैं।

नेतान्याहू इजरायल के इतिहास की सबसे दक्षिणपंथी सरकार के प्रमुख हैं। यहां तक कि इज़रायल में कुछ विपक्षी दलों द्वारा भी इसे फासीवादी करार दिया गया है, जिसमें कम्युनिस्ट पार्टी भी शामिल है। इसके स्वयं के कुछ मंत्री सहमत हैं, जैसे इसके वित्त मंत्री बेजेलेलस्मोट्रिच खुद को 'फासीवादी होमोफोब' के रूप में वर्णित करते हैं। इजरायली पीएम के 2018 के कुख्यात नेशन स्टेट कानून ने अपने नागरिकों के पांचवें हिस्से की अधीनस्थ स्थिति को औपचारिक रूप दिया, जिसे 'इजरायली अरब' कहा जाता है। इस शब्द का प्रयोग इसलिए किया जाता है क्योंकि इज़रायल फिलिस्तीन को एक राष्ट्र और फिलिस्तीनियों को संप्रभु लोगों के रूप में मान्यता देने से इनकार करता है।

इसने, अवैध रूप से कब्जे वाली या घिरी हुई भूमि पर फिलिस्तीनियों के प्रणालीगत उत्पीड़न के साथ, दुनिया के सबसे प्रमुख उदारवादी मानवाधिकार संगठनों, एमनेस्टी इंटरनेशनल और ह्यूमन राइट्स वॉच को इस बात पर सहमत होने के लिए प्रेरित किया है कि इज़रायल एक रंगभेदी राज्य है। एमनेस्टी ने आकलन किया कि नियमित रूप से 'फिलिस्तीनी भूमि और संपत्ति की बड़े पैमाने पर जब्ती, गैरकानूनी हत्याएं, जबरन स्थानांतरण, कठोर आंदोलन प्रतिबंध, और फिलिस्तीनियों को राष्ट्रीयता और नागरिकता से वंचित करना' दमन की एक व्यापक प्रणाली के बराबर है 'जो अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत रंगभेद के बराबर है'। फिर भी इज़रायल ने न केवल वर्षों से ऐसी प्रणाली संचालित की है, बल्कि यह बदतर होती जा रही है। शनिवार को हमास द्वारा हमला शुरू करने से पहले सैकड़ों फिलिस्तीनी मारे गये थे। संयुक्त राष्ट्र ने पहले ही इसे 2006 के बाद से फिलिस्तीनियों के लिए सबसे घातक वर्ष माना है।

जैसे ही इजरायल-हमास युद्ध चौथे दिन में प्रवेश कर गया, नेतन्याहू के नेतृत्व वाला इजरायल गाजा पट्टी पर भारी बमबारी कर रहा है, जहां से बचने का कोई रास्ता नहीं है, जमीन और समुद्र अवरुद्ध है। अस्पताल, स्कूल, ऊंची इमारतें, विरासती मस्जिदें और यहां तक कि दुनिया का तीसरा सबसे पुराना चर्च भी धूल में मिला दिया गया है, और अपने साथ असंख्य कीमती जिंदगियां भी ले गया है। इजरायल के अंधे प्रतिशोध से गाजा के बच्चे और पत्रकार मारे जा रहे हैं। नागरिक आबादी पर इन नरसंहार हमलों में पूरे परिवारों का सफाया हो रहा है, जबकि संभवत: इस प्रक्रिया में हमास की हिरासत में इजरायली बंधकों और युद्धबंदियों की भी मौत हो रही है। गाजा, 20 लाख से अधिक फ़िलिस्तीनियों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी खुली जेल, एक बैठी हुई असुरक्षित बत्तख के समान है। इसके आलोक में, प्रधानमंत्री मोदी का स्पष्ट रूप से इज़रायल का पक्ष लेना निश्चित रूप से इतिहास में निर्णय में एक बड़ी त्रुटि के रूप में दर्ज किया जायेगा। भारत खुद को 'ग्लोबल साउथ की आवाज' के रूप में कैसे पेश कर सकता है, अगर वह इस लंबे संघर्ष यानी इजरायल-फिलिस्तीन मुद्दे के बारे में ग्लोबल साउथ की सोच से इतना दुखद रूप से भिन्न है?

> **स्थिति को अभी भी बचाया जा सकता है यदि प्रधानमंत्री या विदेश मंत्री वर्तमान पश्चिम एशियाई युद्ध पर एक विस्तृत बयान जारी करते हैं, जो कुछ गलतफहमियों को दूर करें जो निश्चित रूप से वैश्विक दक्षिण सदस्यों के बीच पैदा हुई हैं। प्रधानमंत्री इस साल नवंबर में वर्चुअल जी-20 बैठक को संबोधित करेंगे - जी-20 प्रमुख के रूप में उनका यह आखिरी कार्यभार होगा।**

## पावन प्रसंग

# सद्गुण का पुरस्कार है- सम्मान

यश और सम्मान प्राप्त करने की अभिलाषा प्रत्येक मनुष्य को होती है किंतु जिन कार्यों से सम्मान मिलना संभव होता है, उन्हें करने के लिए बहुत कम लोग राजी होते हैं। झूठे सम्मान के लोभी व्यक्तियों को बहुत प्रयास करने पर भी असफलता ही हाथ लगती है। जिस योग्यता पर यश मिलता और सम्मान बढ़ता है, उसे बढ़ाया न जाए तो यह महत्वाकांक्षा अधूरी ही बनी रहेगी। उचित योग्यता के अभाव में भला किसी को सम्मान मिला भी है? मनुष्य की बड़ी इच्छा होती है कि वह प्रधानमंत्री बन जाए। सेनापति या कोई वरिष्ठ पद पाने की कामना तो बहुत लोग करते हैं, पर राज्य संचालन,सैन्य व्यवस्था की उचित योग्यता न हुई तो यह अधिकार कैसे मिल सकेंगे? संयोगवश यदि मिल भी जाए तो बंदर के हाथ में तलवार के समान आफतों को बुलावा देना ही होगा। इस तरह मिला सम्मान दुख, क्लेश और अशांति ही दे सकता है, उससे मनुष्य की आकांक्षा किसी भी तरह पूरी नहीं होती। आप यदि यह चाहते हैं कि आप सम्मानित व्यक्ति ठहराए जाएं, आपकी प्रशंसा हो, सभी आपको आदर दें, तो आदरणीय पुरुषों की विशेषताओं का आपको अध्ययन करना होगा। जिन गुणों के आधार पर लोग आदर के पात्र गिने जाते हैं, उनका अनुसरण करेंगे तो आपका गौरव जाग्रत होगा। परन्तु आप बाहरी टीम-टाम के भ्रम में डालकर लोगों का सम्मान प्राप्त करने की कामना की तो महंगा मोल चुकाकर आपके हाथ कुछ न आएगा।

गुणों का विकास करने में प्रयत्नशील हों तो संदेह नहीं आप सम्मान प्राप्त करेंगे। लोग गुणों की पूजा करते हैं, व्यक्ति की नहीं। सच्चाई को सिर झुकाते हैं, बनावटीपन को नहीं। टेसू का फूल देखने में बड़ा आकर्षक होता है, किंतु लोग गुलाब की सुवास को अधिक पसंद करते हैं। आप में सद्गुणों का विकास हो तो आप अवश्य ही प्रशंसा के पात्र हैं। गुणों की मात्रा उतनी बढ़ती है, जितनी मनुष्य की योग्यता विकसित होती है, उसी अनुपात में लोग उधर आकर्षित होते हैं। अच्छा काम करने वालों की सर्वत्र प्रशंसा होती है। विद्वान सिसरो का कथन है-' सम्मान सद्गुण का पुरस्कार है।' यह बात अक्षरश: सत्य है कि सच्चा सम्मान गुणवान को ही प्राप्त होता है।

आपके किसी एक गुण का विकास सामान्य श्रेणी के व्यक्तियों से जितना अधिक होगा, उतना ही आपको अधिक यश मिलेगा। कर्ण के युग में दान देने की परंपरा सामान्य थी, किंतु यह प्रवृत्ति कर्ण में विलक्षणता लिए हुए थी। दान की परंपरा में वह श्रेष्ठतम प्रमाण बने इसलिए उसे 'दानवीर' कहलाने का सौभाग्य मिल सका। माता-पिता के प्रति आदर और सम्मान की भावनाएं अधिकांश लोगों में होती है। लोग अपनी श्रद्धा के अनुसार उनकी सेवा करते हैं, किंतु श्रवण कुमार की पितृभक्ति पराकाष्ठा का स्पर्श करने लगी थी, इसलिए उसे सर्वोच्च ख्याति मिली। सद्गुणों के प्रति निष्ठावान होने से ही सर्वोपरि सम्मान मिलता है।

यों मानवता के प्रति उत्सर्ग की भावना कुछ न कुछ सभी में होती है। अपनी-अपनी सामर्थ्य और योग्यता के अनुसार लोग इस आध्यात्मिक सद्गुण को अपनाते भी हैं, किंतु देवत्व की स्थापना में अपने आप को जीवित होम कर देने के कारण जो बड़प्पन गौरव और उच्च पद महर्षि दधीचि को मिल गया, वह अन्य किसी को नहीं। यश की साधना में किसी एक सद्गुण पर पूर्ण रूप से निष्ठावान होना पड़ता है। आजीवन ब्रह्मचारी भीष्म-पितामग, परमभक्त हनुमान, महासती अनसूया, तपस्वी दुर्वासा,सत्यवादी हरिश्चन्द्र अपने विशिष्ट गुणों के कारण ही उच्चतम सम्मान पाने के अधिकारी बन सके थे। गुणों की विशिष्टता के कारण ही पूज्य पद होते आए हैं। यह सनातन नियम आगे भी इसी तरह चलता रहेगा। सामान्य स्तर के व्यक्ति के लिए भी जीवन में सम्मान प्राप्त करने का एक सीधा सच्चा उपाय है और वह है-सबके प्रति आदर एवं शुभ अभिलाषा का भाव। किसी के प्रति बैरभाव, ईर्ष्या, द्वेष, और प्रतिशोध की भावना न रखना, सबके साथ मिलकर प्रेम,न्याय. दया,करुमा और सहृदयता से रहकर यह स्थिति सहज ही में प्राप्त हो जाती है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# शादी-ब्याह:बढ़ता दिखावा-घटता अपनापन

हम बात करेंगे शादी समारोहो में होने वाली भारी-भरकम व्यवस्थाओं और उसमें खर्च होने वाले अथाह धन राशि के दुरुपयोग की। सामाजिक भवन अब उपयोग में नहीं लाए जाते हैं, शादी समारोह हेतु यह सब बेकार हो चुके हैं कुछ समय पहले तक शहर के अंदर मैरिज हॉल में शादियां होने की परंपरा चली परंतु वह दौर भी अब समाप्ति की ओर है! अब शहर से दूर महंगे रिसोर्ट में शादियां होने लगी है। शादियों के आयोजन के लिए बड़े नामी-गिरामी सैवन स्टार होटल बुक करने की भी परिपाटी बनती जा रही है। इन होटलों में लाखों रुपए खर्च कर शादी का सैट खड़ा किया जाने लगा है। शादी के 2 दिन पूर्व से ही ये रिसोर्ट बुक करा लिए जाते हैं और शादी वाला परिवार वहां शिफ्ट हो जाता है। आगंतुक और मेहमान सीधे वहीं आते हैं और वहीं से विदा हो जाते हैं। इतनी दूर होने वाले समारोह में जिनके पास अपने चार पहिया वाहन होते हैं वहीं पहुंच पाते हैं और सच मानिए समारोह के मेजबान की दिली इच्छा भी यही होती है कि सिर्फ कार वाले मेहमान ही रिसेप्शन हॉल में आये। और वह निमंत्रण भी उसी श्रेणी के अनुसार देता है दो तीन तरह की श्रेणियां आजकल रखी जाने लगी है।

ऐसी शादियों को देखकर मध्यम व निम्न वर्ग भी शादियों में पैसे को पानी की तरह बहाने से जरा भी नहीं हिचकिचा रहे। यहां तक कि लोग शादी में अपना स्तर, रुतबा और झूठी शानो-शौकत का प्रदर्शन करने के लिए कर्ज लेकर भी महंगी शादियां आयोजित कर रहे हैं। एक मजेदार चीज और है जो शादी ड्रीम वैडिंग कही जाती थी, उसे टूटने में दो पल नहीं लगते। कल तक जहां तलाक इक्का-दुक्का सुनाई देते थे, वे आज सैंकड़ों गुना बढ़ गए हैं। किसको सिर्फ लेडीज संगीत में बुलाना है !किसको सिर्फ रिसेप्शन में बुलाना है। किसको कॉकटेल पार्टी में बुलाना है। और किस वीआईपी परिवार को इन सभी कार्यक्रमों में बुलाना है। इस आमंत्रण में अपनापन की भावना खत्म हो चुकी है। सिर्फ मतलब के व्यक्तियों को या परिवारों को आमंत्रित किया जाता है। भौतिकता की पराकाष्ठा के समय में जिसमें प्रत्येक कार्य व रिश्तों को धन की बुनियाद पर खड़ा किया जाने लगा है और वो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये घातक कदम साबित हो रहा हैं सम्प्रति विवाहों में धन का प्रदर्शन किन—किन तरीकों से होने लगा है सब कल्पनातीत है, आज इंसान को अपने धन की बाहुलता को सिद्ध करने का अवसर विवाह ही नजर आता है और वो ऐसा मान बैठा की विवाह से अच्छा कोई अवसर नहीं है जहाँ धनखर्च किया जाए? जबकि विवाह एक संस्कार है जिसमें मानवीय व सामाजिक मूल्यों की मर्यादा का पालन करते हुए सम्पन्न करना अपेक्षित होता है। इसलिए विवाह को सोलह संस्कारों में स्थान मिला है। इस संस्कार में रिश्तेदारों का मिलना जुलना शुभ माना जाता है मगर आजकल की शादियों में प्रत्येक परिवार अलग-अलग कमरे में ठहरते हैं जिसके कारण दूरदराज से आए बरसों बाद रिश्तेदारों से मिलने की उत्सुकता कहीं खत्म सी हो गई है। कहने को तो रिश्तेदार की शादी में आए हुए होते हैं परंतु अहंकार उनको यहां भी नहीं छोड़ता। वे अपना अधिकांश समय करीबियों से मिलने के बजाय अपने अपने कमरो में ही गुजार देते हैं। आज सब कुछ विपरीत हो रहा है न तो परवाह है रीति रिवाजों की न सामाजिक मूल्यों की बस यदि है तो मीनू के कितने प्रकार के व्यंजन है, पेय पदार्थ कितने हैं, बाहरी साज सज्जा कैसी है यदि इसमें कोई कमी रह जाती है तो सगे सम्बन्धी, मित्रगण अपनी प्रतिकूल टिप्पणी करने में देरी नहीं करते जबकि विवाह सामाजिक समरसता को उर्वर बनाने का माध्यम है।

**सत्यवान सौरभ**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, ( पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## गोला-बारूद लेकर पहला अमेरिकी विमान पहुंचा इजरायल

**यरुशलेम।** इजरायल की सेना ने कहा कि गाजा के सत्तारूढ़ गुट, हमास और लेबनान में आतंकवादियों के साथ जारी संघर्ष में देश की मदद के लिए गोला-बारूद ले जाने वाला पहला अमेरिकी विमान इजरायल पहुंचा। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डैनियल हागारी ने बुधवार को जारी बयान में कहा, विमान उन्नत गोला-बारूद लेकर मंगलवार रात इज़रायल के दक्षिणी नेगेव रेगिस्तान में नेवातिम एयरबेस पर उतरा।



# इजरायल-हमास संघर्ष में लेबनान भी कूदा

- लेबनान के हिजबुल्लाह समूह ने टैंकरोधी मिसाइलों से इजरायली सेना पर हमला किया
- इजरायली रक्षा मंत्री नाटो देशों को संघर्ष की ताजा स्थिति की जानकारी देंगे



**तेल अवीव,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के बीच जंग में लेबनान भी शामिल हो गया है और लेबनान के हिजबुल्लाह समूह ने टैंकरोधी मिसाइलों से इज़रायली सेना पर हमला किया जिसके बाद इज़रायली सेना ने लेबनान की ओर भी मोर्चा खोल दिया है। उधर इज़रायली हमले में हमास के दो बड़े कमांडरों के मारे जाने की खबर के बीच गुरुवार को ब्रुसेल्स में नाटो की एक महत्वपूर्ण बैठक में इज़रायली रक्षा मंत्री नाटो देशों को संघर्ष की ताज़ा स्थिति की जानकारी देंगे।

ताज़ा आंकड़ों के अनुसार इज़रायली फौज के हाथों कम से कम 900 फिलिस्तीनियों की मौत हुयी जबकि हमास ने शनिवार को संघर्ष शुरू होने के बाद से 1200 से अधिक इजरायलियों को मौत के घाट उतारा है। हमास ने शनिवार को गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला करके दुनिया को चौंका दिया है। इजरायल द्वारा सोमवार को पूरी तरह से नाकाबंदी करने के आदेश के बाद, गाजा पट्टी इलाके में पानी, खाद्य और ईंधन आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो गयी। हमास से जुड़े एक फिलिस्तीनी चैनल 'अल अक्सा' ने बुधवार को बताया कि गाजा पट्टी के दक्षिण में इजरायली हवाई हमले के दौरान हमास आंदोलन की सशस्त्र शाखा, अल-कसम ब्रिगेड के कमांडर के रिश्तेदार मारे गए। एक इजरायली युद्धक विमान ने अल-कसम के मुख्य कमांडर मोहम्मद अल-दीफ के भाई के घर को निशाना बनाया। चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, हमले में घर को पूरी तरह से नष्ट हो गया और हमले में खान यूनिस शहर में उनके भाई, साथ ही उनके भाई के बेटे और बेटी की मौत हो गयी है। हालांकि यह पता नहीं चल सका है कि बमबारी के समय ब्रिगेड कमांडर घर में मौजूद था या नहीं। चैनल ने यह भी बताया कि हमले के परिणामस्वरूप कई लोग घायल हो गए।

### तुर्की की दो एयरलाइनों ने इजरायल के लिए उड़ानें निलंबित की

अंकारा। गाजा पट्टी पर चल रहे संघर्ष के कारण तुर्की स्थित दो एयरलाइनों ने इजरायल से आने-जाने वाली उड़ानें निलंबित कर दी हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, तुर्की एयरलाइंस ने अगली सूचना तक उड़ानें निलंबित कर दी हैं। अपनी वेबसाइट के अनुसार, एयरलाइन का कहना है कि वह तेल अवीव फ्लाइटों वाले लोगों के लिए टिकट में कुछ बदलाव और रिफंड की अनुमति देगी।

### *हमास के हमलों का जवाब देना इजराइल का अधिकार : बाइडेन*



***वाशिंगटन डीसी।*** *अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि सप्ताहांत में हमास के हमलों का जवाब देना इजरायल का अधिकार और कर्तव्य है, जिसे उन्होंने 'सरासर दुष्ट कृत्य' करार दिया है। श्री बाइडेन ने कहा कि अमेरिका 'इजरायल के साथ खड़ा रहेगा' और उसे जो भी सहायता की आवश्यकता होगी वह प्रदान करेगा। श्री बाइडेन ने कहा कि हमलों में कम से कम 14 अमेरिकी मारे गए और अन्य अमेरिकी नागरिकों को बंधक बना लिया गया। एक ब्रीफिंग में मंगलवार को एक राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता ने कहा कि कम से कम 20 अमेरिकी लापता थे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि उनमें से कितने को हमास ने बंदी बना लिया है। समूह के उग्रवादियों ने शनिवार को गाजा पट्टी में कई स्थानों पर सीमा बाड़ को तोड़ दिया और सबसे गंभीर सीमा पार हमला किया, जिसका इज़राइल ने एक पीढ़ी में सामना किया है।*

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 12 अक्टूबर , 2023 आश्विन कृष्ण पक्ष 13**

### राशिफल

मेष -आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम की तुलना में कम फल की प्राप्ति होगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

वृषभ -आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

मिथुन -नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा। अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे।

कर्क -नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है। मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। निराशा और असंतोष की भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुंटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद-विवाद हो सकता है।

सिंह -आप में आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाज़ी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है।

कन्या -आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। शारीरिक थकान और मानसिक तनाव अधिक रहेगा। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी।

तुला -आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। इनकम में भी वृद्धि हो सकती है। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा। व्यापार स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप का हर काम आज सफलता से पूरा होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

धनु -आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। मन में चिंता रह सकती है। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी। गलत कामों से दूरी बनाए रखें।

मकर -आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

कुंभ -रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है।

मीन -आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। आज आपके मनोबल और आत्मविश्वास में दृढ़ता का अनुभव होगा। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव और वाणी में उग्रता रह सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## एर्दोगन व पुतिन ने इजरायल-फिलिस्तीनी तनाव पर की चर्चा

**अंकारा,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ फोन पर बातचीत की और फिलिस्तीन-इजरायल के बीच चल रहे तनाव पर चर्चा की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने तुर्की के संचार निदेशालय द्वारा जारी एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि मंगलवार को फोन पर बातचीत के दौरान एर्दोगन और पुतिन ने तनाव को फैलने से रोकने के उपायों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। फोन पर बातचीत में एर्दोगन ने पुतिन से कहा कि नागरिक बस्तियों को निशाना बनाना चिंताजनक है और तुर्की इस तरह के कदमों का स्वागत नहीं करता है। इसमें कहा गया है कि एर्दोगन ने क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा, पुतिन ने अपनी ओर से इजरायल और गाजा पट्टी में नागरिक पीड़ितों की संख्या में विनाशकारी वृद्धि पर चिंता व्यक्त की। इसमें कहा गया है कि दोनों नेताओं ने तत्काल युद्धविराम और बातचीत प्रक्रिया को फिर से शुरू करने की आवश्यकता भी दोहराई। हमास ने शनिवार को गाजा पट्टी से सटे इजरायली शहरों पर एक हमला किया था।

## चीन समेत 15 देश यूएन मानवाधिकार परिषद के सदस्य निर्वाचित



**बीजिंग,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। 78वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 अक्टूबर को चीन समेत 15 देशों को यूएन मानवाधिकार परिषद का सदस्य निर्वाचित किया। वे इस साल के अंत में कार्यकाल समाप्त करने वाले देशों कि जगह लेंगे। इस बार निर्वाचित यूएन मानवाधिकार परिषद के सदस्य अफ्रीका में बुरुंडी, कोत दिव्वोर, घाना, मालावी, एशिया और प्रशांत क्षेत्र में चीन, इंडोनिशिया, जापान, कुवैत, पूर्वी यूरोप में अल्बानिया, बुल्गारिया, लैटिन और कैरेबियन क्षेत्र में ब्राजील, क्यूबा, दोमिनिका, पश्चिमी यूरोप और अन्य इलाके में फ्रांस और नीदरलैंड हैं। उनमें से चीन, कोत दिव्वोर, क्यूबा, फ्रांस और मालावी लगातार निर्वाचित हैं। 15 देशों का कार्यकाल 1 जनवरी 2024 से शुरू होगा, जो तीन साल तक चलेगा।

### ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार चीन में हिरासत में रहने के बाद स्वदेश लौटी

**बीजिंग।** पत्रकार चेंग लेई चीन में तीन साल से अधिक समय तक हिरासत में रहने के बाद ऑस्ट्रेलिया लौट आई हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधान मंत्री एंथनी अल्बानीज ने उनकी रिहाई की घोषणा करते हुए कहा, हवाई अड्डे पर विदेश मंत्री पेनी वोंग ने उनसे मुलाकात की। चेंग लेई (48) चीन के सरकारी अंग्रेजी भाषा टीवी स्टेशन सीजीटीएन के लिए एक बिजनेस रिपोर्टर के रूप में काम कर रही थीं, जब उन्हें 13 अगस्त 2020 को गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन पर 'विदेशों में अवैध रूप से देश के रहस्यों की आपूर्ति' करने का आरोप लगाया गया। उनके आरोप कभी सार्वजनिक नहीं किए गए।

## यूरोपीय संघ ने एलन मस्क को दी चेतावनी

### हमास के हमले के बाद एक्स पर फैल रहा है 'दुष्प्रचार'



**लंदन,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूरोपीय संघ ने सोशल मीडिया साइट एक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन मस्क को चेतावनी देते हुए कहा है कि इजराइल पर हमास के हमले के बाद दुष्प्रचार फैलाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' का इस्तेमाल किया जा रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट में बताया गया कि पहले ट्विटर के नाम से जानी जाने वाली सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में, यूरोपीय संघ ने कहा कि चेतावनियों के बावजूद हिंसक और आतंकवादी सामग्री को नहीं हटाया गया है – जैसा कि यूरोपीय संघ के कानून के अनुसार आवश्यक है। श्री मस्क ने कहा कि उनकी कंपनी ने कार्रवाई की है, जिसमें ताजा बनाये गये हमास- संबद्ध खातों को हटाना भी शामिल है। उन्होंने यूरोपीय संघ से कथित उल्लंघनों की सूची मांगी। यूरोपीय संघ के आंतरिक बाज़ार के आयुक्त थिएरी ब्रेटन ने श्री मस्क को लिखे अपने पत्र में जिस दुष्प्रचार का उल्लेख किया है , उसका विवरण नहीं दिया गया है।

उन्होंने हालांकि कहा कि सोशल मीडिया साइट पर फर्जी और हेरफेर किये गये चित्रों और तथ्यों के उदाहरण व्यापक रूप से रिपोर्ट किए गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया साइट पर साझा किये गये अपने पत्र में लिखा, इसलिए मैं आपको तत्काल यह सुनिश्चित करने के लिए आमंत्रित करता हूं कि आपका सिस्टम प्रभावी हैं और उठाए गये उपायों के बारे में मेरी टीम को रिपोर्ट करें। उनका पत्र फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास द्वारा इज़राइल पर हमले के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें सैकड़ों निवासियों की मौत हो गई और दर्जनों बंधक बन गए। इसके जवाब में इजरायली सेना ने गाजा पर मिसाइल हमलों की बरसात कर दी, जिसमें 900 से अधिक लोग मारे गए हैं। श्री मस्क ने 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा, हमारी नीति यह है कि सब कुछ खुला और पारदर्शी है, एक दृष्टिकोण जिसे मैं जानता हूं कि यूरोपीय संघ समर्थन करता है। कृपया उन उल्लंघनों को सूचीबद्ध करें जिनका आपने एक्स पर उल्लेख किया है, ताकि जनता उन्हें देख सके।

## नाइजीरिया में विश्वविद्यालय की चार छात्राएं अगवा

**अबुजा,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य नाइजीरिया में नसरवा स्टेट यूनिवर्सिटी की कम से कम चार छात्राओं का बंदूकधारियों ने अपहरण कर लिया है। स्थानीय पुलिस ने ये जानकारी दी है। नसरवा में पुलिस के प्रवक्ता रामहान नानसेल ने बताया कि अगवा की गई सभी महिलाएं हैं। देश की राजधानी अबुजा से 50 किमी दूर केफ़ी शहर में विश्वविद्यालय परिसर के बाहर उनके छात्रावास से अपहरण कर लिया गया। मंगलवार तड़के उनके छात्रावास पर हमला किया गया था। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने नानसेल के हवाले से कहा कि पुलिस कर्मियों और सैनिकों ने आसपास की झाड़ियों में तलाशी लेकर हमले का जवाब दिया, लेकिन अपहरणकर्ताओं और छात्राओं का पता नहीं लगाया जा सका। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने अपहरणकर्ताओं की तलाश के आदेश दिए हैं ताकि छात्राओं को सकुशल बचाया जा सके।

## आज का इतिहास

1279 – निचिरेन ने अपने दाई-गोहोनज़ोन की रचना की।
1492 – क्रिस्टोफर कोलंबस अमेरिका के पास बहामास द्वीपसमूह में उतरे। उसे लगा कि वह भारत पहुंच गया है।
1692 – मैसाचुसेट्स के गवर्नर विलियम फिप्स ने सलेम विच ट्रायल को समाप्त करने वाला एक पत्र भेजा।
1711 – कैरेल छठी हैब्सबर्ग रोमन कैथोलिक सम्राट का ताज पहनाया गया।
1776 – ब्रिटिश ब्रिगेड ने ब्रॉन्क्स में थोरग नेकस रोड की सुरक्षा करना शुरू कर दिया।
1792 – अमेरिका की खोज करने वाले क्रिस्टोफर कोलम्बस को मेरीलैंड के बाल्टीमोर में पहला स्मारक समर्पित किया गया।
1792 – न्यू वर्ल्ड में आने के 300 साल बाद न्यू यॉर्क सिटी में संयुक्त राज्य में पहला कोलंबस दिवस समारोह आयोजित किया गया।
1798 – फ्रांस के कब्जे वाले बोएरेनक्रिज के खिलाफ फ्लेमिश विद्रोह आरम्भ हुआ।
1799 – जैनने गेनेविएवे लबरोस्से 900 मीटर की ऊंचाई से एक पैराशूट के साथ एक गुब्बारा से कूदने वाली पहली महिला बनी।
1815 – नेपल्स के पूर्व राजा जोआचिम मूरत को मृत्यु की सजा सुनाई।
1822 – ब्राजील के पेड्रो-प्रथम को ब्राजील का संवैधानिक सम्राट घोषित किया गया।
1847 – जर्मन आविष्कारक और उद्योगपति वर्नर वॉन सीमेंस ने सीमेंस एजी और हल्स्के को की स्थापना की।
1850 – पहली महिला चिकित्सा विद्यालय (महिला मेडिकल कॉलेज ऑफ पेन्स) खोला गया।
1854 – लिंकन यूनिवर्सिटी की आश्मुन संस्थान के रूप में स्थापना की गयी।

**तैयारी** *पीएमएल-एन 21 अक्टूबर की रैली के लिए कार्यकताओं में भर रही है जोश*

## नवाज शरीफ की 21 अक्टूबर को होगी घर वापसी

**लाहौर, 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने लाहौर में तीन रैलियों को रद्द करने का फैसला किया है, जो पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ के 21 अक्टूबर को घर वापसी से पहले कार्यकर्ताओं में इस बड़े कार्यक्रम से पहले जोश भर रही है। पंजाब में पीएमएल-एन के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक यह निर्णय खुद श्री शरीफ के निर्देश पर लिया गया था, जो इस महीने के अंत में लाहौर पहुंचेंगे और मीनार-ए-पाकिस्तान में एक सभा को संबोधित करेंगे।**

पीएमएल-एन नेता ने समाचार पत्र डॉन को बताया, नवाज शरीफ ने पार्टी अध्यक्ष शहबाज शरीफ को निर्देश दिया कि वह अपनी वापसी से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को थकने ने दें। पार्टी नेताओं को उनकी घर वापसी को ऐतिहासिक बनाने के लिए हर जगह बैठकें करते रहना चाहिए और कार्यकर्ताओं के साथ अच्छा समन्वय स्थापित करना चाहिए।

पार्टी के भीतर मतभेदों की खबरों के बीच पीएमएल-एन के शीर्ष नेता ने जूनियर शरीफ से 21 अक्टूबर के रैली को सफल बनाने के लिए पंजाब, खासकर लाहौर के कुछ नेताओं के बीच पनपे मतभेदों को तुरंत सुलझाने के लिए भी कहा है। श्री नवाज शरीफ की घर वापसी के लिए कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ाने के लिए लाहौर में ख्वाजा साद रफीक, राणा मशहूद और रियाज़ मलिक के निर्वाचन क्षेत्रों में तीन रैलियों की योजना बनाई गई थी। मुख्य आयोजक मरियम नवाज को लाहौर में इन रैलियों को संबोधित करना था। पीएमएल-एन को लाहौर में सात रैलियां करनी थीं, लेकिन उसने इस महीने की शुरुआत में दो रैलियां रद्द कर दीं और अब बाकी तीन सभाएं भी रद्द कर दी गईं। श्री नवाज 'चिकित्सा आधार' पर लाहौर उच्च न्यायालय से चार सप्ताह की जमानत हासिल करने के बाद नवंबर 2019 में लंदन के लिए रवाना हुए। अपने प्रस्थान से पहले वह अल-अजीजिया मिल्स भ्रष्टाचार मामले में लाहौर में सात साल की जेल की सजा काट रहे थे। इस महीने की शुरुआत में पीएमएल-एन नेता राणा सनाउल्लाह ने कहा था कि श्री नवाज को स्वदेश लौटने से पहले सुरक्षात्मक जमानत मिल जाएगी और रैली को संबोधित करने के बाद अल-अजीजिया भ्रष्टाचार मामले में अदालत में आत्मसमर्पण किया जाएगा। पीएमएल-एन सूचना सचिव मरियम औरंगजेब ने हालांकि स्पष्ट किया है कि रैली के बाद श्री नवाज शरीफ रायविंड के जाति उमरा स्थित अपने घर जाएंगे।



■ मीनार-ए-पाकिस्तान में एक सभा को संबोधित करेंगे नवाज

## सुडोकू 6342


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 3 | 5 | | |
| | | | | | | | 1 | |
| 2 | | | | 1 | 5 | | | 9 |
| 5 | | | | 2 | 8 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 2 | | |
| 1 | | | 9 | 7 | | | | 3 |
| 7 | | | 1 | 5 | | | | 6 |
| | 2 | | | | | | | |
| | | 4 | 2 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6342



**बायें से दायें:-**

१. बदचलन, दुश्चरित्र, कुकर्मी
३. खजाना, धनागार
५. न्यारा, सबसे अलग तरह का
६. किसी चीज का मजा मिलने पर उसे फिर खाने-करने की इच्छी
७. हरियाली युक्त
८. किसी व्यक्ति-वस्तु, इमारत की सुरक्षा में लगे लोगों का दल
१३. प्रशंसा, तारीफ़
१५. सूचना
१६. शिक्षा, उपदेश, लाभप्रद राय (उर्दू)
१७. एक राक्षसी जिसने कृष्ण को दूध पिलाकर मारना चाहा
१८. सरलता
२०. सूर्य
२२. नया ऊगा हुआ
२३. नयापन

**ऊपर से नीचे:-**

१. गाली, अपशब्द
२. चापलूस
३. शोरगुल
४. करीब-करीब
५. जो किसी से न डरे
९. जिसे नुकसान न हुआ हो
१०. प्रेम, प्यार (उर्दू)
११. होश, चेतना
१२. स्वेच्छाचारिता
१४. विभाग, हुक्म करने की जगह (उर्दू)
१७. इबादत, आराधन
१९. निवासी (उर्दू)
२०. आखिर, अवसान
२१. डूबा हुआ, मग्न

### वर्ग पहेली-6341



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### खतरनाक लिडिया तूफान ने दी मेक्सिको के प्रशांत तट पर दस्तक

**मेक्सिको सिटी,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। खतरनाक लिडिया तूफान मेक्सिको तट से टकराया है, जिसके कारण 140 मील प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अंतर्देशीय दिशा में बढ़ने के बाद तूफान कमजोर हो गया है। अमेरिका के नेशनल हरिकेन सेंटर (एनएचसी) ने इसे श्रेणी दो की स्थिति में अपग्रेड कर दिया है। नायरिट राज्य के एक अधिकारी ने कहा कि एक वैन पर एक पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। लिडिया स्थानीय समयानुसार 18:00 बजे से ठीक पहले छोटे समुद्र तट वाले शहर लास पेनिटास में पहुंचा। एनएचसी ने बताया कि स्थानीय समय के अनुसार 21:00 बजे तक लिडिया जलिस्को राज्य के अंतर्देशीय शहर मस्कोटा के पास से गुजरते समय 105 मील प्रति घंटे (165 किमी/घंटा) की रफ्तार से हवाएं लगातार चला रही थीं। केंद्र ने कहा कि लिडिया 17 मील प्रति घंटे (28 किमी/घंटा) की गति से पूर्व-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा है और पश्चिम-मध्य मेक्सिको के ऊंचे इलाके में आगे बढ़ते समय इसके तेजी से कमजोर पड़ने की संभावना है।

# प्रादेशिकी

### बदरीनाथ पहुंचं पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना

**चमोली,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सुरेश रैना बुधवार को बदरीनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना में भाग लिया। इस दौरान बदरीनाथ धाम के प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह रावल से आशीर्वाद लेने पहुंचे। इस दौरान उन्हें वहां देख धाम में दर्शन करने पहुंचे यात्रियों की भीड़ लग गई। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि मौसम साफ होने के बाद अब बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ रही है। अभी तक 15,24,798 तीर्थयात्री बदरीनाथ धाम पहुंच चुके हैं। वहीं, सोमवार तक कुल 16,09,913( सोलह लाख नौ हजार नौ सौ तेरह) तीर्थयात्री केदारनाथ धाम पहुंचे।

## राज्य आंदोलनकारियों के आश्रितों को भी मिलेगा आरक्षण

**देहरादून,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा की प्रवर समिति की बैठक में बुधवार को उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी आरक्षण बिल पर चर्चा की गई। चर्चा के बाद विधेयक के फाइनल ड्राफ्ट को विधिक राय के लिए भेजा गया है। इसके बार एक और आखिरी बैठक के बाद उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी आरक्षण बिल अपने अंतिम स्वरूप में आ जाएगा। विधेयक में राज्य आंदोलनकारियों के आश्रितों को भी आरक्षण दिया गया है। बुधवार को विपक्ष की मौजूदगी में राज्य आंदोलनकारी और उनके आश्रितों को राजकीय सेवाओं में आरक्षण संबंधी विधेयक 2023 को लेकर गठित की गई प्रवर समिति की बैठक आयोजित की गई। इससे पहले सोमवार को रखी गई बैठक में विपक्ष के विधायक नहीं पहुंचे थे, जिस वजह से बैठक को स्थगित करना पड़ा था। बुधवार को विधानसभा में समिति के सभापति कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति के सदस्य और राज्य आंदोलनकारी रहे विधायक विनोद चमोली, उमेश शर्मा काऊ, मुन्ना सिंह चैहान के अलावा विपक्ष से उप नेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी और मोहम्मद शहजाद मौजूद रहे। बैठक के बाद प्रवर समिति के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि सरकार द्वारा राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों को सरकारी सेवाओं में आरक्षण दिए जाने को लेकर लगातार काम किया जा रहा है। मॉनसून सत्र में सरकार विधेयक लेकर आई थी। विधेयक को और अधिक व्यावहारिक और न्यायिक प्रक्रिया के तहत बनाने के लिए इसे प्रवर समिति को सौंपा गया है। प्रवर समिति विधेयक के सभी पहलुओं पर गहनता से विचार विमर्श और जांच कर राज्य आंदोलनकारी और उनके आश्रितों के लिए एक बेहतर आरक्षण बिल लेकर आ रही है। उन्होंने कहा कि प्रवर समिति का यह भी प्रयास है कि इस विधेयक के आने के बाद यह किसी भी तरह के न्यायिक और संवैधानिक प्रक्रिया के तहत ना फंसे, इसके लिए अभी से इस पर पूरा होमवर्क किया जा रहा है। प्रवर समिति के सदस्य और राज्य आंदोलनकारी रहे विधायक विनोद चमोली ने बताया कि प्रवर समिति द्वारा राज्य आंदोलनकारी और उनके आश्रितों को आरक्षण दिए जाने को लेकर तैयार हो रहे इस बिल पर बेहद विस्तार पूर्वक कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा आरक्षण विधेयक में किसी भी तरह की सेवाओं में किसी भी न्यायिक प्रक्रिया का सामना ना करना पड़े, इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक राज्य आंदोलनकारी को राजकीय सेवाओं में दिए जाने वाले रियायत में किसी भी तरह का कोई विधेयक या कानून नहीं था। केवल शासनादेश के आधार पर सारा काम हुआ है। इसी वजह से इन्हें न्यायिक प्रक्रिया का सामना करना पड़ा है।

- प्रवर समिति की बैठक में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी आरक्षण बिल पर चर्चा
- जल्द राज्य आंदोलनकारी आरक्षण बिल आएगा अंतिम रूप में



### आरक्षण को लेकर बनेगी अलग से कैटेगरी


विनोद चमोली ने बताया कि राज्य आंदोलनकारी और उनके आश्रितों के आरक्षण को लेकर अलग से कैटेगरी बनाई गई है। अलग कैटेगरी बनाए जाने के बाद किसी भी आयोग और राजकीय सेवा नियोजन प्रक्रिया में समस्या नहीं आएगी। उनके द्वारा इस आरक्षण को केवल अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में ही नहीं, बल्कि लोक सेवा चयन आयोग में भी लागू करवाए जाने की मांग रखी गई है। इसके अलावा पूर्व में राज्य आंदोलनकारी के केवल एक आश्रित को ही आरक्षण में सम्मिलित किए जाने का प्रावधान था। लेकिन अब इसे बदलकर परिवार के हर एक सदस्य को आंदोलनकारी का आश्रित माना गया है। विशेष तौर से पुत्री बहू और परिवार की सभी महिलाओं को इस विधायक के तहत राज्य आंदोलनकारी का आश्रित माना गया है।

### प्रवर समिति में सुधार

इस पूरी प्रक्रिया पर विपक्ष का भी अपना अलग स्टैंड है। प्रवर समिति में मौजूद विपक्ष के विधायक और उप नेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी का कहना है कि कांग्रेस राज्य गठन के बाद से ही लगातार राज्य आंदोलनकारी के लिए काम कर रही है। कांग्रेस ने ही पूर्व में राज्य आंदोलनकारी को तमाम रियायतें दी हैं। उन्हें राजकीय सेवाओं में सम्मिलित किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा सरकार आधी-अधूरी तैयारी के साथ मॉनसून सत्र में राज्य आंदोलनकारी और उनके आश्रितों को लेकर आरक्षण का विधेयक लेकर आई थी, उस पर विपक्ष ने आपत्ति जताई थी। जिसके बाद सदन ने विधेयक को प्रवर समिति को भेजा है।

## कर्मचारी हड़ताल पर, विकास कार्य हो रहे ठप : महेंद्र धर्माणी

**शिमला,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने सुक्खू सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं और पूरे प्रदेश में अव्यवस्था का वातावरण है। पंचायतीराज और ग्रामीण विकास विभाग के कर्मचारी आन्दोलन पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि आपदा के बाद जहाँ नुकसान का आंकलन कर उसकी रिपोर्ट पेश की जानी थी वहीं तीन महीने बीतने के बाद भी आपदा का आंकलन नहीं हो रहा। आज 3300 पंचायतों में ग्राम सभाएं नहीं हो पाई है और विकास के काम ठप्प पड़े हैं।इतने अव्यवस्था में मंत्री और सीएम भी गंभीर नहीं दिख रहे है।



- कर्मचारीं आंदोलन से विकास कार्य ठप, लोगों के प्रति संवेदनहीन है सरकार

उन्होंने कहा प्राकृतिक आपदा से पूरे प्रदेश में हुए जान माल के नुकसान के कारण प्रदेश की जनता परेशान है, क्योंकि जिन पंचायत के माध्यम से इस नुकसान का आकलन व रिपोर्ट तैयार की जानी है, उन पंचायत के लगभग 4700 कर्मचारी जिला परिषद के पिछले कई दिनों हड़ताल पर हैं। पंचायत कर्मचारी के हड़ताल पर जाने से गांव और गरीब के कार्य ठप हो गए हैं। जिसके कारण आम जनता में सरकार के प्रति रोष है।

उन्होंने कहा अब सर्दी का मौसम प्रारंभ हो गया है। प्रदेश के कई हिस्से में बर्फबारी के कारण और भी मुश्किल हो जाएगी, ऐसे में सरकार की राहत जरूरतमंद लोगों तक नहीं पहुंचने से दूर दराज और पहाड़ी क्षेत्र के लोगों को बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ेगा। भाजपा प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार जिला परिषद कर्मचारी की समस्याओं का हल निकालने में पूरी तरह से असफल रही है। पहली कैबिनेट में जिला परिषद कर्मचारियों को पंचायती राज विभाग व ग्रामीण विकास विभाग में नियमित करने का आश्वासन दिया था। लेकिन नौ माह से ज्यादा समय हो गया लेकिन सरकार ने अभी तक उन कर्मचारियों की शुद्ध तक नहीं ली बढ़ गई हैं।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सरकार को जिला परिषद के अंतर्गत काम कर रहे प्रदेश के हजारों कर्मचारियों द्वारा गांव व आम जनता के विकास में उनकी भूमिका को समझना चाहिए अन्यथा गांव के विकास कार्य और आपदा के उपरांत पात्र लोगों को मिलने वाली सहायता नहीं मिल पाएगी। इन कर्मचारियों के आंदोलन पर होने के कारण प्रदेश की ज्यादातर पंचायत में दो अक्तूबर को पंचायत की आम सभा तक नहीं हो पाई।

## सार संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर

**देहरादून।** देर रात कार कंटेनर की टक्कर से एक की मौत हो गयी जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत देर रात्रि में कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की सेंट्रियो मॉल के बाहर एक कार का एक्सीडेंट हो गया है, उक्त सूचना पर डालनवाला पुलिस एवं कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर एक कंटेनर ट्रक से टकराकर बलेनो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी, जिसमें कार सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये थे, जिन्हें पुलिस द्वारा तत्काल उपचार हेतु मैक्स हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों द्वारा कार चालक सृजन पांडे को मृत घोषित किया गया, कार सवार दूसरे व्यक्ति सिद्धार्थ मेनन का मैक्स अस्पताल में उपचार चल रहा है, मृतक थल सेना में कैप्टन के पद पर नियुक्त थे। कंटेनर चालक एक्सीडेंट के पश्चात मौके से फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत

**हल्द्वानी।** अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर उनका पंचनामा पर पोस्टमार्टम करा कर उनके परिजनों को सौंप दिया है इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा है जानकारी के अनुसार शिवालिक विहार मुखानी 39 वर्षिये विक्रम सिंह पुत्र भगवान सिंह बाजार से अपने घर की ओर जा रहा था तभी कुसुम खेड़ा तिराहा पर एक सांड ने उसके ऊपर हमला बोल कर उसे पटक दिया ये देख स्थानीय लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन सांड ने उसे देखते ही देखते गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद सांड भागता हुआ नजर आया लोगो ने घायल को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उधर हिमालिया फार्म बरेली रोड निवासी 33 वर्षीय वर्षीय रोहित गुप्ता पुत्र हिरदेश गुप्ता ने बीती रात उस समय विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिस वक्त उसके घर में कोई नहीं था जब उसकी मां करीब 9 बजे घर पहुंची तो उसने देखा की रोहित गुप्ता बेसुध पड़ा है उसने अपने छोटे पुत्र को दूरभाष पर सूचना देकर उसे घर बुलाया और रोहित को उपचार के लिए सूचना तिवारी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से दोनों ही परिवारों के घर में कोहराम मच गया रोहित के भाई ने बताया कि उसकी पत्नी अपनी पुत्री को लेकर किसी कार्य से राजस्थान गई है।

### सुडोकू 6344 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 2 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 4 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 | 6 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 1 | 4 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 5 | 8 | 2 | 6 |

## महंगाई पर लोगों को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रही भाजपा : प्रतिभा

**शिमला,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह महंगाई पर लोगों को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि देश मे भाजपा के तानाशाही निर्णयों व नीतियों की बजह से देश में महंगाई व बेरोजगारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूर्व भाजपा सरकार ने जिस प्रकार से सरकारी खजाने को खाली किया वह किसी से छुपा नही है। 70 हज़ार करोड़ से ऊपर का कर्ज व 10 हजार करोड़ की देनदारियां प्रदेश कांग्रेस सरकार को भाजपा से विरासत में मिली हैं।



प्रतिभा सिंह ने आज एक बयान में कहा कि प्राकृतिक आपदा के चलते प्रदेश विकट आर्थिक स्थिति से गुज़र रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता राहत के नाम पर झूठी बयानबाजी कर अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने का काम कर रहें है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने भी प्रदेश की ओर अपनी पूरी आंखे मूंद रखी है। उन्होंने कहा कि आपदा पर भाजपा का दोहरा चरित्र है। कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश के साथ केंद्र की भाजपा सरकार भेदभाव कर रही है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आपदा प्रभावित लोगों के लिये 4500 करोड़ का राहत कोष स्थापित कर एक बहुत बड़ा कदम उठाया है जो बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार प्रभावित लोगों की पीड़ा को भलीभांति समझती है और इसी पीड़ा को दूर करने के लिये पूरी कांग्रेस सरकार दिन रात काम कर रही है। प्रतिभा सिंह ने भाजपा नेताओं को सलाह दी है कि उन्हें प्रदेश में राहत,प्रभावित लोगों के पुनर्वास के साथ साथ भूस्खलन से ध्वस्त हुई सड़को,पुलों व भवनों के पुर्ननिर्माण में प्रदेश सरकार को पूरा सहयोग देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के भाजपा सांसदों व नेताओं को प्रधानमंत्री से मिल कर इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करवा कर विशेष आर्थिक मदद की मांग करनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि भाजपा को ऊलजलूल बयानबाज़ी से कुछ भी हासिल होने वाला नही। प्रदेश की जनता ने उन्हें पूरी तरह नकार दिया है और आने वाले लोकसभा चुनावों में भी उसे प्रदेश में हार का मुंह देखना पड़ेगा।

## परमार्थ निकेतन पहुंचे मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चैहान

**ऋषिकेश,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान इन दिनों उत्तराखंड प्रवास पर है। बुधवार को उन्होंने परमार्थ निकेतन पहुंचकर स्वामी सदानंद सरस्वती से भेंट की। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान देवभूमि के दर्शन को आ गए थे।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान सोमवार को देहरादून एयरपोर्ट पर उतरने के बाद ऋषिकेश के निकट बद्रीनाथ मार्ग स्थित होटल आनंद काशी में पहुंचे थे। मंगलवार का दिन उन्होंने यहां होटल तथा गंगा के तट पर एकांत में बिताया।

बुधवार सुबह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान अपने परिवार के साथ परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंचे। आश्रम आगमन पर ऋषि कुमारों ने उनका पुष्प वर्षा व मंगलाचरण के साथ स्वागत किया। इस दौरान सीएम काफी खुश नजर आए। चुनावों की तारीखों के ऐलान के बाद सीएम शिवराज देवभूमि पहुंचे हैं।

## कांग्रेस सरकार प्रदेश में नशीले पदार्थों के तस्करों को नापने की तैयारी में

**शिमला,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार प्रदेश में नशीले पदार्थों के तस्करों को नापने की तैयारी में है। नशा तस्करों पर नकेल कसने के मकसद से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एनडीएस एक्ट की मानक संचालन प्रक्रिया को जारी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एसओपी मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध गतिविधियों से निपटने के लिए तैयार की गई है। इसमें आरोपी को हिरासत में लेने , हिरासत के आदेशों को निष्पादित करने और गैर.कानूनी रूप से अर्जित संपत्तियों को जब्त करने की विस्तृत प्रक्रिया बताई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी से समाज के लिए खतरा उत्पन्न होता है जो हम सभी के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस खतरे से निपटना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों को रोकने के लिए एक समर्पित विशेष कार्य बल कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मार्गदर्शन करने के लिए एक सलाहकार बोर्ड भी स्थापित किया गया है। सुक्खू ने कहा कि ड्रग तस्करों की गतिविधियों का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। ये अवैध कार्य अत्यधिक संगठित तरीके से किए जाते हैं और गुप्त रूप से ड्रग तस्करी का पैमाना काफी बड़ा होता हैए इसलिए ऐसी गतिविधियों की प्रभावी रोकथाम तथा इसमें संलिप्त लोगों की धरपकड़ नितांत आवश्यक होती है।



मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना , प्रधान सचिव भरत खेड़ा , पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू , सचिव गृह डॉ अभिषेक जैन , अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सतवंत अटवाल और अभिषेक त्रिवेदी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## मुलायम सिंह की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**देहरादून,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय आहवान पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक देश के पूर्व रक्षा मंत्री व तीन बार के उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री निवर्तमान में लोकसभा सांसद रहे मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्य तिथि पर उत्तराखण्ड समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय परेड ग्राउण्ड देहरादून पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां प्रातः से ही मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजली देने वालों का तांता लगा रहा।

सर्वप्रथम उत्तराखण्ड समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ,सपा.महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव आभा बर्थवाल सपा. उत्तराखण्ड महासचिव अतुल शर्मा नेअपने तमाम साथियों के साथ मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण एव पुष्प अर्पित कर श्रंधाजलि अर्पित की। शोक सभा को सम्बोधित करते हुए सपा. उत्तराखण्ड प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव जैसा नेता सदियों में एक आद ही पैदा होता है।नेता से लेकर उन्हें जितनी भी उपाधि मिली हैं ।सब उनके कार्यों के कारण ही मिली है चाहे उसमें धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव हो। चाहे जिसका जलवा कायम हे उसका नाम मुलायम है ।नेता सुभाष चन्द बॉस के बाद किसीको नेता की उपाधि मिली तो वह थे। मुलायम सिंह यादव इसी के साथ ही सिद्दीकी ने कहा मुलायम सिंह यादव उत्तराखण्ड के सबसे बड़े हितेषी थे ।

उन्होंने यहाँ की भौगोलिक व आर्थिक परस्तिथि को देखते हुए उत्तराखण्ड अलग राज्य बनाने का सपना देखा था। जिसके लिये उन्होंने कोशिक क्मेटी व बर्थवाल कमेटी का गठन करके उत्तराखण्ड राज्य बनाने की शुरुआत करने के साथ साथ दो बार उत्तर प्रदेश के दोनों सदनों विधानसभा व विधान परिषद से उत्तराखण्ड का बिल पास कराके केंद्र सरकार को भेजा। लेकिन जिस उत्तराखण्ड का सपना मुलायम सिंह यादव एवं यहां की जन्ता ने देखा था।

## कांग्रेस की सरकार टायर्ड व रिटायर्ड लोगों को दे रही एक्सटेंशन : संदीपनी भारद्वाज

**शिमला,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश के बागवानी मंत्री का ब्यान व भाजपा पर आरोप की भारत में अघोषित आपातकाल चला हुआ है दुर्भाग्य पूर्ण है। उन्होंने कहा कि वे भूल गए हैं कि आपातकाल उनकी प्रिय नेत्री इंदिरा गाँधी ने लगाया जिसकी पीड़ा विपक्ष व देशवासियों ने झेली है। उस वक्त सभी विपक्षी पार्टियों ने एक साथ खड़े हो कर कांग्रेस को शिकस्त दी थी। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो आज आतंकवादी संगठन हमास का समर्थन कर रही है, जो हमास कश्मीर में आतंकवादियो का समर्थन करता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जगत सिंह नेगी भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा ने उनके पीछे ई दी और सी बी आई लगा रखी है वो बेबुनियाद हैं । ई दी और सी बी आई उन लोगों के गिरेबान पर हाथ डाला है जिन लोगों ने 70 साल के शासन में देश के गरीबों का पैसा चूसा है।आज वो रिश्वतखोरी, चोर बाज़ारी लोगों के बीच आ रही है तो आप को पीड़ा क्यों हो रही है। इस मे आपके एक प्रिय नेता भी हैं जो अभी जमानत पर हैं।



उन्होंने ने कहा कि जहाँ तक सरकारी नौकरियों में एक्सटेंशन देने का सवाल है आप अपने गिरेबान में झांक कर देखो आपने 70 साल में अधिकारियों को एक्सटेंशन ही नहीं दी बल्कि आपने बहुत से अधिकारियों को सुपरसीड करके उनको फायदे दिए हैं।

उन्होंने ने कहा कि आप अपने विधायकों को घूमने के लिए विदेश भेज रहे हैं। आपका कहना है कि वो ब्राजील में मार्केटिंग यार्ड की मैनेजमेंट देखने जा रहे हैं। अगर अकेडमिक टूर करना था तो वहाँ के पशु धन को देखते तो बात समझ आती थी, लेकिन आपने मार्केटिंग यार्ड का ट्रांसपोटेशन देखना है तो हिंदुस्तान से ऊपर की आबादी का देश चीन है। वहाँ से समझ के आते तो समझते कि 140 करोड़ की आबादी के मार्केटिंग यार्ड के ट्रैफिक को कैसे देखा जाए।ब्राजील जैसे छोटे देश मे आप क्या मार्केटिंग यार्ड में ट्रैफिक को देखना चाहते हैं? इन दौरों पर आप हिमाचल की जनता का जो पैसा विदेशी दौरों पर ख़र्च कर रहे हैं वो दुर्भाग्यपूर्ण है।

## नाबालिग का कटा 38500 का चालान

**चमोली,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। नाबालिग बेटे को वाहन देना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। पुलिस ने उक्त वाहन सीज कर 38,500 रूपये का चालान काट दिया है।

बीते रोज गोपेश्वर थाना पुलिस द्वारा चैंकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान जब वरिष्ठ उप निरीक्षक दिनेश पंवार द्वारा वाहन संख्या यूके 07 बीएक्स 6950 को रोक कर चैक किया गया तो पाया कि वाहन एक नाबालिक चला रहा था। जिस पर पुलिस ने नाबालिक वाहन चालक के अभिभावक को थाने बुला कर नाबालिक को उनके सुपुर्द किया गया तथा नाबालिक वाहन चालक के अभिभावक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 38,500 रूपये का चालान कर वाहन को सीज कर दिया गया है। अभिभावक को मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुए सख्त निर्देश दिए गए कि भविष्य में अपने नाबालिक बच्चों को वाहन न दे।

## हेमकुण्ड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**चमोली,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब और लक्ष्मण लोकपाल मंदिर के कपाट बुधवार को शीतकाल के लिए बंद हो गए। कपाट दोपहर डेढ़ बजे शुभ मुहूर्त में बंद किए गए। इस पावन अवसर के साक्षी बनने के लिए करीब दो हजार से ज्यादा तीर्थयात्री हेमकुंड पहुंचे थें। सुबह ही गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की ओर से कपाट बंद होने की प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई थी।

प्रात 10 बजे सुखमणि साहिब पाठ के साथ ही श्री हेमकुण्ड साहिब के कपाट बन्द की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई, जिसके पश्चात गुरु वाणी, शबद कीर्तन, साल की अंतिम अरदास तथा हुक्मनामा पढ़ने के पश्चात आखिरी में पंच प्यारों और सेना के इंजीनियर कोर की बैंड की अगुवाई में श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी को सर्च खंड में सुशोभित किया जाएगा। तदोउपरान्त दोपहर 1 बजे शीतकाल के लिए श्री हेमकुंड साहिब के कपाट बन्द किए गए। इस अवसर पर लगभग 2500 से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने की इस अलौकिक बेला के साक्षी बने।




पुलिस ने पवित्र निशान साहिब एवं कपाट बंद होने के अवसर पर मौजूद सभी यात्रियों को सकुशल गोविन्दघाट लाया गया। इस वर्ष 20 मई को प्रारम्भ हुई श्री हेमुकण्ड साहिब की यात्रा में 1 लाख 80 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री हेमकुण्ड साहिब के सकुशल दर्शन किये। जिनकी सुरक्षा हेतु पुलिस अधीक्षक चमोली रेखा यादव के कुशल नेतृत्व में चमोली पुलिस एवं एसडीआरएफ ने बर्फबारी, कड़कती ठंड, बारिश एवं आपदा के समय विपरीत परिस्थिति में मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी करते हुए श्री हेमुकण्ड साहिब की यात्रा पर आये श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल एवं सुगम बनाया गया। सभी श्रद्धालुओं ने जनपद पुलिस की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा व आभार प्रकट किया गया।

- पूर्ण विधि विधान एवं अंतिम अरदास साथ बंद हुए कपाट
- मधुर धुन व पंच प्यारों की अगुवाई की गई कार्रवाई

### पहाड़ों में हुई सीजन की पहली बर्फबारी

**चमोली।** उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट बदली। केदारनाथ धाम में सुबह से बादल छाए रहे दोपहर के बाद ऊपरी चोटियों में बरसात के साथ हिमपात शुरू हो गया वहीं हेमकुंड, नीलकंठ और नर नारायण पर्वत पर सीजन का पहला हिमपात होने से ठंड बढ़ गई है। केदार घाटी में पहले से ही तापमान काफी नीचे चल रहा था वहीं अब बारिश के बाद सर्दी बढ़ गई है। दोपहर बाद बारिश और ऊंची चोटियों पर हुई बर्फबारी का नजारा लोगों के लिए बेहद दिलकश था तो वहीं बदरीनाथ धाम में भी बारिश ने ठंड बढ़ा दी है। चमोली जनपद में मंगलवार को ऊंची चोटियों पर हुई बर्फबारी के बाद बुधवार को सुबह से चटक धूप खिली हुई है। हेमकुंड साहिब के साथ ही बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में भी मौसम सुहावना हो गया है। वहीं, ठंड भी बढ़ने लगी है।

## लंबे समय बाद उत्तराखण्ड में 40 रेंजर्स के तबादले

**देहरादून,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। वन विभाग में प्रदेश भर के 40 रेंजर्स को स्थानांतरित किया गया है। इस दौरान लंबे समय से एक ही जगह पर तैनात रेंजर्स की जिम्मेदारियों को बदला गया है। खास बात यह है कि हाई कोर्ट नैनीताल की तरफ से भी मार्च में वन क्षेत्राधिकारियों को क्षेत्रीय रेंज में तैनाती दिए जाने के निर्देश दिए गए थे। लिहाजा इन आदेशों के अनुरूप भी विभिन्न वन क्षेत्र अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान 10 वन क्षेत्राधिकारियों को प्रभारी सहायक वन संरक्षक बनाया गया था, जबकि हाल ही में तमाम वन प्रभागों में पेड़ों के कटान की आवाज उठाने के बाद कई वन क्षेत्राधिकारियों पर भी कार्रवाई की गई थी। इस स्थिति के कारण कई जगह वन क्षेत्राधिकारियों की भी कमी देखी जा रही थी। प्रदेश में खाली विभिन्न प्रभागों को देखते हुए भी वन क्षेत्राधिकारियों के स्थानांतरण किए गए हैं। हालांकि यह माना जा रहा था कि इस दौरान एसीएफ के स्थानांतरण भी किए जाएंगे, लेकिन फिलहाल वन विभाग की तरफ से वन क्षेत्र अधिकारियों को ही स्थानांतरित किया गया है।

वन विभाग की तरफ से जिन क्षेत्रों में वन क्षेत्राधिकारियों की बेहद ज्यादा कमी महसूस की जा रही थी, वहां पर वन क्षेत्राधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त जनहित और प्रशासनिक आधार पर भी तबादले किए गए हैं।

# प्रादेशिकी

## जिलाधिकारी के हाथों सम्मान पाकर बेटियों के चेहरे खिले

**फर्रुखाबाद,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला अधिकारी की अध्यक्षता में जीजीआईसी कॉलेज फतेहगढ़ में समारोह/महोत्सव के रूप में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस एवं कन्या महोत्सव। जिलाध्यक्ष भाजपा रूपेश गुप्ता, जिलाधिकारी संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, मुख्य विकास अधिकारी ने कैक कटवाकर नवजात बेटियों का मनाया जन्मोत्सव। जन्मोत्सव पर नवाजात बेटियों को मिठाई, कपड़े एवं बेबी केयर किट वितरित की गई। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के अन्तर्गत स्कूली छात्राओं ने नाटक की प्रस्तुतियां दी। जिलाधिकारी द्वारा बेटियों की प्रस्तुति देख सराहना की गई। कार्यक्रम में तायकोंडो में गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाली बेटियों एवं बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाली बेटियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित।

# लघु उद्योग ही अर्थव्यवस्था की रीढ़ : योगी

## मुख्यमंत्री ने लघु उद्योग भारती के उद्यमी महा अधिवेशन में उद्यमियों से किया संवाद



> लघु उद्योगों से ही संभव होगा रोजगार सृजन और परिवारों का आर्थिक स्वावलंबन : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ/आगरा,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश उद्यमी महा अधिवेशन में शिरकत करने पहुंचे।

आगरा में पहली बार प्रदेशभर के 5 हजार से अधिक लघु उद्यमियों ने प्रतिभाग किया। लघु उद्यमियों को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि लघु उद्योग अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है। लघु उद्योगों से ही रोजगार सृजन और परिवारों का आर्थिक स्वावलंबन संभव है। साथ ही उद्यमियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि प्रदेश में कानून से खिलवाड़ करने वालों को छोड़ा नही जाएगा, चाहे वो कोई भी हो। मुख्यमंत्री ने लघु उद्योग भारती के उद्यमी महा अधिवेशन में प्रदेशभर से आए उद्यमियों का ब्रजभूमि में प्रदेश सरकार की ओर से हृदय से स्वागत किया। उन्होंने उद्यमियों से संवाद करते हुए कहा कि ये मेरे लिए अमूल्य क्षण है। आज लघु उद्यमियों के साथ तीन महीने में अंदर आज तीसरी बार लघु उद्यमियों से संवाद करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आपने 21 से 25 सितंबर के बीच में ग्रेटर नोएडा में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो को देखा होगा। इसमें लघु उद्योग भारती भी सरकार की सहयोगी थी। इसमें उत्तर प्रदेश के 2000 से अधिक एग्जीबिटर्स पूरे कार्यक्रम के भागीदार बने थे।

वहीं विदेशों से भी 500 से अधिक बायर्स ने ट्रेड शो में शिरकत की थी। चार दिनों में 5 लाख से अधिक बायर आए थे, उन्होंने उत्तर प्रदेश की सामर्थ्य को देखा था। मुख्यमंत्री ने हाल ही में भदोही में आयोजित हुए इंटरनेशनल कारपेट एक्सपो का जिक्र करते हुए कहा कि पहले वहां के उद्यमियों को देखकर लगा कि कैसे उनकी उपेक्षा होती थी। भारत प्रतिवर्ष 17 हजार करोड़ का कारपेट एक्सपोर्ट करता है। जिसमें अकेले भदोही, मिर्जापुर और वाराणसी से 10 हजार करोड़ रुपए का कारपेट का एक्सपोर्ट होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु उद्योग अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है। कम खर्च में पर्यावरण के सभी मानकों को पूरा करते हुए कम स्थान में ज्यादा रोजगार का सृजन और ज्यादा परिवारों को आर्थिक स्वावलंबन की ओर अग्रसर करना, यह सब लघु उद्योग के माध्यम से ही संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि यूपी तो प्राचीन काल से ही लघु उद्योगों की आधारभूमि रही है। अलग- अलग प्रकार के उद्योग, अलग- अलग क्षेत्रों में रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐसे लघु उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए मोदी जी के प्रेरणा से हमारी सरकार ने 2018 में एक जिला, एक उत्पाद की योजना की शुरुआत की थी।

## मथुरा पहुंचे योगी, श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर किया दर्शन-पूजन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को मथुरा पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही सीएम योगी श्री बांके बिहारी मंदिर गए। वहां उन्होंने लीलाधारी भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए। उसके बाद वह श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे, जहां उन्होंने दर्शन-पूजन किया। इसके अलावा सीएम योगी ने बांके बिहारी मंदिर के दर्शन एवं गोवर्धन परिक्रमा हेतु संचालित की जाने वाली गोल्फ कार्टों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे वृंदावन और गोवर्धन में यातायात व्यवस्था को पटरी पर आएगी और श्रद्धालुओं को सहूलियत होगी। यह गोल्फ कार्ट उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद द्वारा खरीदी गई हैं।

## डीएवी के अध्यापकों व छात्रों को किया गया सम्मानित



**मेरठ,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। शास्त्री स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में बुधवार को भारत विकास परिषद द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विजय जंडियाल, अध्यक्ष, भारत विकास परिषद, शास्त्री नगर शाखा, मेरठ, राकेश बिंदल, सचिव, रंजना करियाना, महिला संयोजिका, विश्वनाथ मित्तल, ऑडिटर, लक्ष्मी बिंदल, प्रधानाचार्या अपर्णा जैन, डॉ. विनीत त्यागी, सुनीता सिंह उपस्थित थे। गुरु वंदन, हेतु 20 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में डीएवी विद्यालय में कार्यरत अंग्रेजी विषय की अध्यापिका रेनू गंभीर तथा छात्र अभिनंदन हेतु कक्षा बारहवीं की सोनाली शर्मा तथा कक्षा दसवीं की खुशी त्यागी को सम्मानित किया गया। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष विजय जंडियाल ने अपनी संस्था के लक्ष्य को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया तथा पांच स, सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण से अवगत कराया।

## उत्तर प्रदेश नगरीय निकायों में स्वच्छता जनादेश सर्वेक्षण अभियान का शुभारंभ

- 22 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में चलेगा स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान
- 14 हजार पार्षदों से ली जाएगी उनके वार्ड के स्वच्छता कार्यक्रमों की जानकारी

**लखनऊ,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। योगी सरकार ने स्वच्छता के लिए विगत डेढ़ वर्षों में अनेक अभियान चलाए हैं। सफाई के लिए अभी 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवाड़ा चलाया गया। इसी क्रम में अब योगी सरकार ने 11 से 22 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिका और नगर पंचायतों में 'स्वच्छता जनादेश सर्वेक्षण- 2023' अभियान का शुभारंभ किया है। अभियान के दौरान सभी निकायों के पार्षद अपने वार्ड में स्वच्छता से संबंधित 20 सवालों का जवाब देने के साथ ही अपने सुझाव भी देंगे। प्रदेश के सभी निकायों में 10 दिन चलने वाले इस स्वच्छता जनादेश सर्वेक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के नगरीय निकायों से करीब 14 हजार पार्षद हिस्सा लेंगे। ये पार्षद उनके वार्ड में स्वच्छता को लेकर किए जा रहे कार्यों, स्वच्छता की स्थिति और विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों के विषय में अपना सुझाव डिजिटली प्रदान करेंगे। इसके लिए नगर विकास विभाग की ओर से एक क्यूआर कोड जेनरेट किया गया है, जिसे स्कैन करके पार्षद वेबपेज पर 20 बिंदुओं पर जानकारी देकर अपने वार्ड के विषय में अवगत कराएंगे। साथ ही सभी पार्षद दी गई जानकारी के साथ अपने वार्ड की स्वच्छता के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी देंगे। वार्डों में स्वच्छता अभियान को और प्रभावी व सफल बनाने के संबंध में उनसे सुझाव भी लिए जाएंगे। पार्षदों को जिन 20 सवालों पर अपने सुझाव देना है, उनमें उनके जिले, नगर निकाय, वार्ड, वार्ड संख्या जैसे सामान्य सवालों के साथ स्वच्छता से संबंधित सवाल भी है। इसमें वार्ड में कूड़ा गाड़ी के संचालन, गीला और सूखा कूड़ा अलग अलग करने, वार्ड में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन होना , वार्ड में प्रतिदिन कूड़े वाली गाड़ी का आना जैसे सवाल होंगे।

इसी तरह वार्ड में स्वच्छता कार्यक्रमों को लेकर भी जानकारी मांगी गई है, जैसे कि वार्ड में प्रतिदिन झाड़ू लगना, कूड़ेदान का उपलब्ध होना, कूड़ेदान की समय-समय पर सफाई होना, नाली और तालाब साफ सुथरे होना आदि। इसके अलावा वार्ड में प्लास्टिक और पॉलिथीन पर प्रतिबंध, जगह-जगह कचरे के ढेर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी मांगी गई है।

## सार संक्षेप

### मेरठ कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ

**मेरठ।** मेरठ कॉलेज मेरठ में आंतरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 6 दिवसीय छात्र-छात्रा अभिप्रेरण दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रोफेसर योगेश कुमार ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दीपक मीणा, कार्यक्रम के संरक्षक डॉक्टर ओपी अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर आरके गुप्ता, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्या अंजलि मित्तल एवं पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर युद्धवीर सिंह का हार्दिक अभिनंदन किया। आईक्यूएसी समन्वयक प्रोफेसर अर्चना सिंह ने दीक्षारंभ के बारे में विस्तार से समझाया कि यह कार्यक्रम उनके उज्जवल भविष्य के उत्थान में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दीपक मीणा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए समझाया कि पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें अपनी कुशलता को विकसित करने के लिए अलग-अलग हुनर सीखना चाहिए ताकि उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके। जिलाधिकारी महोदय ने अपने विषय में सभी विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार बीटेक करने के पश्चात् सिविल सर्विसेज की तैयारी की तथा बी.टेक के विषयों से अलग भूगोल विषय का चयन मेन्स के लिए किया। विद्यार्थियों को यह भी बताया कि सफलता के लिए बुद्धिमत्ता के साथ-साथ कठिन परिश्रम करना भी आवश्यक है।

### हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे वकील

**मवाना।** पश्चिम यूपी में वकीलों की चली आ रही हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर वकीलों के प्रदेश व्यापी आंदोलन को लेकर बुधवार को मवाना बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सड़क जाम की और फ्लैग मार्च कर तहसील तिराहे पर प्रदर्शन किया। अधिवक्ता बुधवार को न्यायिक कार्यो से विरत रहे। मवाना बार एसो.के अध्यक्ष श्रीवल्लभ ने कहा कि प्रत्येक माह के दूसरे बुधवार को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यो से विरत रहेंगे। प्रत्येक शनिवार को पूर्ण रूप से हड़ताल पर रहेंगे। चौथे बुधवार को वार्ता की जाएगी।

### सामाजिक कुरीतियों से बचने को कानून की जानकारी जरूरी

**मवाना।** आर्य कन्या इंटर कॉलेज मवाना में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या सुनीता कुमारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बालिकाओं के लिए बनाए गए कानून के बारे में उन्हें जानकारी दी। बताया कि बालिकाएं आज किस-किस क्षेत्र में कार्य कर रही है, और कहां से कहां तक पहुंच रही है। बालिकाओं के लिए विधिक साक्षरता, आवश्यक है, क्योंकि वह घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, यौन शोषण और बाल विवाह आदि जैसी बुराइयों का शिकार होती है, इसीलिए उन्हें महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है।


### सूचना

मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्वाजों में नाम त्रुटिवश संस्कार दर्ज हो गया है। जबकि अन्य सभी अभिलेखों में उसका नाम संस्कार चौधरी (Sanskar Chaudhary) दर्ज है। मेरे पुत्र को संस्कार चौधरी के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**-सुनील कुमार पुत्र श्री महावीर सिंह, निवासी ग्राम व पोस्ट शोल्दा, तहसील मवाना, जिला मेरठ।**


## स्कूली छात्रों को दी सड़क यातायात नियमों की जानकारी



> घायल व्यक्तियों की मदद करने के लिए किया प्रेरित

**मेरठ,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। किला रोड स्थित एस आर इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों को यातायात पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर स्वतंत्र चौहान, प्रधानाचार्या श्वेता चौहान, शिक्षा निदेशक एस मैथ्यु, ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर श्रीरामचंद्र दयाल, आर टी ओ प्रशिक्षक अमित तिवारी इनकी टीम के सदस्य हैड कांस्टेबल नमित एवं प्रार्थना सहित विद्यालय के सभी छात्र एवं शिक्षक गढ़ उपस्थित थे। इस अवसर पर अंकित तिवारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें रोड पर किस तरफ चलना चाहिए। एक ही रोड पर हमें दाएं चलना चाहिए फुटपाथ पर बाएं चलना चाहिए। हॉर्न कब बजाना चाहिए। क्रिकेटर रिषभ पंत का उदहारण देते हुए छात्रों को सड़क सम्मोहन की जानकारी दी। छात्रों को सदैव घायल व्यक्तियों की मदद करने के लिए प्रेरितकिया। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर राम चंद्र दयाल ने भी छात्रों को सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अन्य जानकारी दी।

## झटपट बिजली कनेक्शन योजना में गडबड़झाला

- इस योजना में दो माह से लम्बित है कनेक्शन
- संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल ने की शिकायत

**मवाना,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन मवाना का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को उपखंड अधिकारी रामपरसू पटेल से मिला और उन्हें नए कनेक्शन देने में सामने आ रहर खामियों का निदान कराने की मांग की। कई माह से आवेदन किए गए नए कनेक्शन जारी नहीं किए जा रहे हैं। इसमें बिजली विभाग के कर्मचारी अड़चन पैदा कर रहे हैं।

व्यापारियों ने चेताया कि पिछले छह माह में आवेदन किए गए झटपट कनैक्शनों की जाचं कराएंगे तो विभागीय कार्य शैली की पोल खुल जाएगी। मजबूर होकर व्यापार मंडल को आंदोलन करना पड़ेगा। उपखंड अधिकारी रामू पटेल व अवर अभियंता मवाना से मिलने वाले व्यापारियों नदीम, शैवाल दुबलिश, मांगेराम मित्तल सोनू सूर्या, अमित रस्तोगी ने बताया कि झटपट बिजली कनेक्शन योजना के तहत उपभोक्ता ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके दस दिनों में बिजली कनेक्शन देने के आदेश है। अब कनेक्शन लेने के लिए उपभोक्ता को किसी भी सरकारी कार्यालय में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। घर बैठे ही आनलाइन कनेक्शन पा सकेंगे। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि सरकार की इस योजना को बिजली कर्मी पलीता लगा रहे हैं। मवाना नगर में चार-पाचं माह से किए गए आवेदन लम्बित पड़े हुए हैं, कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। अफसर इस समस्या को सुनने को तैयार नहीं है। व्यापारियों ने एसडीओ रामपरसू पटेल को दिए ज्ञापन में कहा कि झटपट कनैक्शन योजना के अर्न्तगत ऑनलाईन कनैक्शनों को देने में धांधली की जा रही है। उपभोक्ता को बार-बार बुलाकर परेशान किया जा रहा है। उपभोक्ता कनैक्शन लेने के लिये ऑनलाईन अप्लाई करके सभी कागज उपखण्ड अधिकारी के कार्यालय में जमा करा दिये गये हैं। इसका पता लगाने के लिए छह माह में ऑनलाइन मांगे गए कनेक्शनों की जांच कर सकते हैं। रात्रि में लाईनमैनों की संख्या कम होने के कारण छोटे से छोट फाल्ट भी ठीक करने में घंटों लग जाते है। बताया कि पूनम रस्तौगी पत्नी अमित रस्तोगी के घरेलू कनेक्शन पर 23 मई 2023 को चौक मीटर लगवाया था उसके बाद 29 जुलाई 2023 को चौक मीटर की रिपोर्ट लगाकर उपभोक्ता का बिल बना दिया गया जिसे उपभोक्ता ने जमा कर दिया। परन्तु अगले महीने जो बिल आया उसमें उपभोक्ता का लोड 8 किलोवाट दिखाकर 130 यूनिट का बिल 9916 दिया गया है।

## मोहनपुरी नाले पर अतिक्रमण देख भड़के मेयर



**मेरठ,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। बुधवार को महापौर हरिकांत अहलूवालिया मोहनपुरी में नाले की पटरी पर अतिक्रमण का निरीक्षण करने पहुंचे। मौके पर पहुंच कर अतिक्रमण की स्थिति को देखा और मौजूद जेई प्रवीन कुमार को जल्दी ही अतिक्रमण हटाने और वहाँ सड़क का निर्माण कराने को कहा। पार्षद उत्तम सैनी ने बताया कि लगातार निगम में अधिकारियों से अतिक्रमण की शिकायत की जा रही है लेकिन निगम अधिकारी आंखों पे पट्टी बांध कर बैठे हैं। मौके पर महानगर उपाध्यक्ष विवेक रस्तोगी, पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉ.चरण सिंह लिसाड़ी, पार्षद संजय सैनी, पवन चौधरी, नितिन मित्तल, सुनील राय, इंद्रजीत सिंह, शुभम पटेल आदि रहे।

## अमेठी को मिलेगी सवा छह सौ करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

### योगी कल करेंगे विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के संसदीय क्षेत्र अमेठी पर योगी सरकार मेहरबान है। जिससे अमेठी में विकास कार्यों के लिए सरकारी खजाने का मुंह खुला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अमेठी में सवा छह सौ करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद जनसभा के पहले 8 हजार खिलाड़ियों को एक साथ विजेता पुरस्कार देंगे। अमेठी में तीन हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास पहले हो चुका है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के अपर सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छवा छह सौ करोड़ रुपए की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसमें 500.86 करोड़ की 278 योजनाओं का शिलान्यास और 112.57 करोड़ रुपए की 159 योजनाओं का लोकार्पण करेंगे। प्रस्तावित शिलान्यास योजनाओं में कारागार निर्माण 176.12 करोड़ रुपए, पुलिस 225.28 करोड़ रुपए, सांसद निधि 0.78 करोड़ रुपए, जिला पंचायत 35.33 करोड़ रुपए से 266 योजनाएं, पशुपालन विभाग 6.40 करोड़ रुपए, लोक निर्माण विभाग 56.94 करोड़ रुपए की है। जबकि लोकार्पण योजनाओं में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण 2.90 करोड़ रुपए की 16 परियोजनाएं, सांसद निधि 2.18 करोड़ रुपए में 25 परियोजनाएं, जिला पंचायत 17.14 करोड़ रुपए की 101 परियोजनाएं, बेसिक शिक्षा 1.91 करोड़ रुपए, लोकनिर्माण विभाग 87.95 करोड़ रुपए से 15 परियोजनाएं, महिला कल्याण 0.49 करोड़ रुपए और कुल 112.57 करोड़ रुपए से 159 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। विजय गुप्ता ने बताया कि 13 अक्टूबर को सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का समापन होना है। एक महीने से चल रही खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, राज्य मंत्री गिरीश यादव, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और आधा दर्जन से ज्यादा सांसद विधायक अमेठी के कौहार में मौजूद रहेंगे।

## जीटीबी के छात्रों ने शतरंज प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



**मेरठ,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। वेस्ट एण्ड रोड स्थित गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने रोटरी क्लब मेरठ द्वारा आयोजित मेरठ इंटर स्कूल बॉयज एण्ड गर्ल्स शतरंज प्रतियोगिता 2023 के वर्ग अंडर 17 में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जीत हासिल की। प्रतियोगिता में जीत हासिल कर स्कूल का ही नहीं वरन् अपने शहर का भी नाम रोशन किया साथ ही अपने माता-पिता का सिर भी गर्व से ऊंचा किया। उक्त प्रतियोगिता 7 व 8 अक्टूबर को दयावती मोदी एकेडमी मोदीपुरम् मेरठ में सम्पन्न हुई। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविश्य की कामना की।

## शोभित में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित



**मेरठ,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज विभाग के सेंटर फॉर साइकोलॉजी एंड ह्यूमन बिहेवियर ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कैंप का आयोजन किया।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2023 का उद्देश्य श्मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है इस थीम के माध्यम से लोगों और समुदायों को एकजुट करना है ताकि सभी के मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने, जागरूकता बढ़ाने और क्रियाएं करने का कार्य किया जा सके। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कैंप में अनुभवी काउंसलर्स ने छात्र-छात्राओं के एंजायटी लेवल, डिप्रेशन लेवल, मानसिक स्वास्थ्य और समायोजन से संबंधित समस्याएं मापी गईं। इसके साथ-साथ, एंजायटी और डिप्रेशन को कैसे कम किया जा सकता है, उसके लिए भी उन्हें काउंसलिंग दी गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ.जयानंद ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2023 एक अवसर है।

**आयोजन** — *राष्ट्रीय रस्साकशी चैम्पियनशिप में वेंक्टेश्वरा की टीम का स्वर्ण पर कब्जा*

## मेडल लाकर देश का मान बढ़ा रहीं हैं बेटियां : डॉ. सुधीर

**मेरठ, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान की एमबीए की छात्रा एवं राष्ट्रीय रस्साकशी टीम की कप्तान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अजहा खान की टीम द्वारा राष्ट्रीय चौम्पियनशिप जीतकर गोल्ड लाने पर संस्थान परिसर में एक शानदार कार्यक्रम आयोजित कर बिटिया को सम्मानित किया गया। अजहा खान ने पिछले सप्ताह अरुणाचल प्रदेश के तमांग में आयोजित राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में गोल्ड जीतकर मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू एवं केंद्रीय मंत्री भारत सरकार किरन रिजिजू के हाथों सम्मान ग्रहण किया।**



- खेल प्रतिभा में भी आगे निकल रहे मेधावी : डा.राजीव
- वीजीआई संस्थान में बिटिया को किया गया सम्मानित

संस्थान परिसर में उसके सम्मान में शानदार कार्यक्रम आयोजित कर संस्थान प्रबन्धन एवं शिक्षकों ने बधाई देते हुए उसे पगडी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संस्थान के डॉ. सीवी रमन सभागार मे आयोजित सम्मान समारोह का शुभारम्भ समूह चौयरमेन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर समूह चौयरमेन के प्रधान सलाहकार डॉ. वीपीएस अरोड़ा, सीईओ अजय श्रीवास्तव, ग्रुप एडवाईजर आरएस शर्मा, प्रभारी कुलपति राकेश यादव, कुलसचिव प्रो. पीयूष पाण्डेय, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरिधर, डॉ. एसएन साहू, डॉ. एलएस रावत, प्रो. तेजपाल सिह, डॉ. राजवर्द्धन, डॉ. विवेक सचान, डॉ. रामकुमार, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. अनिल कुमार जायसवाल, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. राहुल, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. रामयश सिंह, एसएस बघेल, अरूण गोस्वामी, विकास श्रीवास्तव, संजीव राय, मेरठ परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिह, प्रीतपाल, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## जनपदीय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से

### तैयारियां जोरों पर, किया गया निरीक्षण

**मवाना,** 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। ए एस इंटर कॉलेज मवाना में 67 वीं जनपदीय एथलेटिक्स बालक एवं बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता के उद्घाटन से पहले बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक मेरठ राजेश कुमार सिंह, मंडलीय क्रीड़ा सचिव डॉ.सुशील कुमार सिंह, जिला समन्वयक भूपेंद्र कुमार ने प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह के साथ तैयारियों का जायजा लिया। 12 अक्टूबर को 10:00 राज्यसभा सांसद विजयपाल सिंह तोमर, जल शक्ति मंत्री दिनेश खटीक, पूर्व एमएलसी चौधरी जगत सिंह बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। इस बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता में जनपद के नौ क्षेत्र से माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड के द्वारा संचालित समस्त विद्यालयों के करीब छह सौ खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक व क्रीड़ा सचिव ने बताया कि जनपदीय एथलेटिक्स बालक एवं बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिताओं की तैयारियां पूरी हो गई है। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में व्यवस्थाओं का दायित्व अंग्रेजी माध्यम व हिंदी माध्यम के छात्र-छात्राओं के हाथों सौंप दिया। कुमारी प्रियांशी को विद्यालय का हिंदी माध्यम का हेड गर्ल तथा कुमारी वैशाली को स्पोर्ट्स कप्तान घोषित किया गया है। साथ ही हाउस कैप्टन भी बनाए गए हैं।

### मैं ऐसी भूमिकाएं करना पसंद करूंगा जिनमें ग्रे शेड्स हों : वरुण शर्मा

**मुंबई,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। अपनी मासूम मुस्कान और चूचा के किरदार के लिए जाने जाने वाले अभिनेता वरुण शर्मा ने कहा कि वह ग्रे शेड वाले किरदार निभाना पसंद करेंगे। वरुण ने कहा, 'मैं ऐसी भूमिकाएं करना पसंद करूंगा जिनमें ग्रे शेड हों। दिलचस्प बात यह है कि फुकरे से पहले, जब मैं थिएटर करता था, मैंने कभी कॉमेडी करने का प्रयास नहीं किया था। मैं हमेशा एंटोन चेखव और अंधा युग और अश्वत्थामा जैसे प्ले करता था।' वरुण, जिन्होंने एक दशक पहले 2013 में 'फुकरे' से अपनी शुरुआत की थी, ने साझा किया कि उन्होंने अपनी थिएटर जर्नी के दौरान सीरियस और ड्रामेटिक रोल्स निभाने का प्रयास किया।

# गंभीर बीमारियों से पीड़ित 40 प्रतिशत लोगों में होती है आत्महत्या करने की प्रवृति

**लखनऊ,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक शोध से यह बात सामने आई है कि मधुमेह जैसी पुरानी बीमारियों से पीड़ित, या हाल ही में बड़ी सर्जरी कराने वाले मरीजों में उन लोगों की तुलना में आत्महत्या करने की 40 प्रतिशत संभावना होती है जो बीमार नहीं हैं। इस शोध को लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि पुरानी बीमारियों से पीड़ित या बड़ी सर्जरी के बाद स्वस्थ हो रहे मरीजों की अचानक मौत का संभावित मानसिक बीमारी से संबंध होता है और ऐसे मरीज मरने से पहले संकेत देते हैं।

> एक शोध से यह बात सामने आई है कि मधुमेह जैसी पुरानी बीमारियों से पीड़ित, या हाल ही में बड़ी सर्जरी कराने वाले मरीजों में उन लोगों की तुलना में आत्महत्या करने की 40 प्रतिशत संभावना होती है जो बीमार नहीं हैं

**अध्यन**

केजीएमयू में मनोचिकित्सा विभाग के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ आदर्श त्रिपाठी ने कहा, 'यदि आप संकेतों को पहचानते हैं, तो मौतों को टाला जा सकता है।' उन्होंने कहा, हमारे ओपीडी में आने वाले ऐसे मरीजों को उनके उपचार करने वाले डॉक्टरों द्वारा रेफर किया जाता है और यहां तक कि उनके परिवार द्वारा भी समान अनुपात में लाया जाता है, जब वे किसी मानसिक समस्या को महसूस करने में सक्षम होते हैं। ये मरीज हमारे आसपास और यहां तक कि हमारे घरों में भी हो सकते हैं।' कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड हॉस्पिटल (केएसएसएससीआईएच) के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने कहा, पुरानी बीमारियों से पीड़ित अधिकांश लोग शुरू में पूछते हैं कि उपचार का नतीजा क्या होगा और वे इलाज से बच पाएंगे या नहीं।

केजीएमयू के एक योग्य मनोचिकित्सक और बलरामपुर अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग में वरिष्ठ सलाहकार रह चुके डॉ. शुक्ला ने कहा, एक सप्ताह में कम से कम एक या दो ऐसे मरीज अस्पताल की ओपीडी में आते थे, और मैं यह कह सकता हूं कि शुरुआती दिनों में हस्तक्षेप, 90 प्रतिशत से अधिक अच्छी प्रतिक्रिया देते हैं। केएसएसएससीआईएच में भी, मरीज उपचार के परिणाम के बारे में पूछते हैं। हम उनके डर के पीछे के कारण की पहचान करते हैं और उन्हें उपचार के लिए प्रेरित करते हैं।'

डॉ. त्रिपाठी ने कहा, 'पुरानी बीमारियां व्यक्ति को आगे के जीवन के बारे में आशंकित कर देती हैं। डिप्रेशन के जैविक कारण भी होते हैं। चिकित्सकीय रूप से, उच्च शर्करा के साथ, शरीर एक सेलुलर टोक्सिन छोड़ता है और जो लंबे समय में, अन्य महत्वपूर्ण अंगों के साथ-साथ मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। ये टोक्सिन मानसिक बीमारी का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा, 'मानसिक विकार ज्यादातर दर्द पैदा करने वाली बीमारियों या ऐसी बीमारियों से जुड़े होते हैं जिनमें उच्च मृत्यु दर की सूचना मिलती है, उदाहरण के लिए कैंसर। चिकित्सा विज्ञान में प्रगति के बावजूद लोग सोचते हैं कि अब यह अंत है। शीघ्र पता लगाने और उपचार से जीवित रहने की दर बढ़ जाती है लेकिन कई मामलों में, दवा के रूप में उपयोग किया जाने वाला टोक्सिन कोशिकाओं को प्रभावित करता है। मरीजों को भूलने की बीमारी भी हो सकती है। हेल्थसिटी अस्पताल के निदेशक और एक प्रख्यात संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जन डॉ. संदीप कपूर ने कहा, 'पुरानी बीमारियों में से एक गठिया है। जब कोई मरीज लंबे समय तक इस बीमारी को नजरअंदाज करता है और अत्यधिक दर्द के कारण अपने कमरे के अंदर भी चलने-फिरने की क्षमता खो देता है, तो वह अक्सर जीवन के बारे में नकारात्मक सोचता है।' मानसिक बीमारी का कारण बनने वाले कारणों की दूसरी श्रेणी दुर्घटनाओं से संबंधित है, जहां रोगी को बड़ी चोट लगती है, जिससे उनका जीवन बदल जाता है।



# इंडिया ज्वैलरी शॉपिंग फेस्टिवल पुरस्कार में मिलेंगे 35 करोड़ के आभूषण

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजीसी) ने त्योहारी सीजन के मद्देनजर 22 नवंबर तक चलने वाले इंडिया ज्वैलरी शॉपिंग फेस्टिवल की आज घोषणा की जो 15 अक्टूबर से शुरू होगा। इस दौरान कुल मिलाकर 35 करोड़ रुपए के आभूषण पुरस्कार में देने का भी ऐलान किया गया है।

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में यहां यह घोषणा की गयी। इस मौके पर श्री गडकरी ने कहा कि इस उद्योग में एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है और इससे देश को जीएसटी के रूप में राजस्व भी मिलता है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में घरेलू और विदेशी दोनों की मांग में बहुत संभावनाये दिख रही है। उन्होंने कहा कि जब वे एमएसएमई मंत्री थे तब आभूषण निर्यात बढ़ाने के लिए कई उपाय किये थे। देश में डिजाइन किये गये आभूषणों की वैश्विक स्तर पर बेहतर मांग है। इससे घरेलू स्तर पर तो लाभ हो रही है बल्कि विदेशी बाजार से भी मांग आयेगी और इससे देश को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में हर क्षेत्र की भागीदारी की जरूरत है।



15 अक्टूबर से 22 नवंबर तक देश भर के 300 शहरों में इसका संचालन किया। इसको डिवाइन सॉलिटेयरेसिस द्वारा प्रायोजित किया गया है। इस फेस्टिवल से बी2बी और बी2सी दोनों सेगमेंट को लाभ प्राप्त होगा, जहाँ व्यवसायी मालिक पंजीकरण शुल्क देकर और उनके लिए उपलब्ध कई सदस्यता योजनाओं में से एक का चयन करके इस फेस्टिवल का हिस्सा बन सकते हैं। ग्राहकों को 25000 रुपये की किसी भी खरीदारी पर एक सुनिश्चित कूपन और सीमित संस्करण वाला चांदी का सिक्का भी दिया जाएगा। विजेताओं को लगभग 35 करोड़ रुपये के आभूषण दिए जायेंगे। इसके अलावा, हर 5000 कूपन के सेट पर 25 ग्राम सोने का सिक्का जैसे अन्य आकर्षक पुरस्कार भी शामिल किये गए हैं। अन्य उपहारों में 1 किलो सोने के 5 पुरस्कार, 10 लाख के जड़ाऊ आभूषण के 5 पुरस्कार, 10 लाख के मंदिर आभूषण के 5 पुरस्कार, 5 लाख के हीरे और कीमती पत्थरों से जड़े आभूषण के 10 पुरस्कार, 2.5 लाख मूल्य के सोने के आभूषणों के 10 पुरस्कार और डिवाइन सॉलिटेयर्स की ओर से हीरे जड़ित सोने के सिक्के के 100 पुरस्कार शामिल हैं।

जीजेसी के निदेशक और आईजेएसएफ संयोजक दिनेश जैन ने कहा कि आईजेएसएफ 200 से ज्यादा शहरों से शामिल होने वाले 3000 खुदरा विक्रेताओं के जरिए 1,20,000 करोड़ रुपये का व्यवसाय करने की उम्मीद कर रहा है। इससे मोटे तौर पर व्यवसाय में लगभग 30-35 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इस महोत्सव से आभूषण उद्योग में रोजगार के बड़े अवसर उत्पन्न होने की भी उम्मीद है।




# 'टाइगर 3' से सलमान का नया लुक हुआ वायरल, पोस्टर ने मचायी धूम

**मुंबई,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस दिवाली पर बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अपनी बहुप्रतीक्षित 'टाइगर' फ्रेंचाइजी की तीसरी इंस्टॉलमेंट 'टाइगर 3' लेकर आ रहे हैं। इस कड़ी में बुधवार को फिल्म से सलमान खान का सोलो पोस्टर लॉन्च किया गया, और उस पर 'स्वैग' लिखा हुआ है। पोस्टर में सलमान के हाथ में बंदूक नजर आ रही है और उन्होंने लेदर जैकेट और कार्गो पैंट पहनी हुई है, साथ ही गले में स्कार्फ भी डाला हुआ है। उनका यह लुक दमदार दिख रहा है। वहीं उनके पीछे पुलिस की गाड़ियां भी दिखाई दे रही हैं। सुपरस्टार ने बताया कि फिल्म का ट्रेलर 16 अक्टूबर को जारी किया जाएगा।

> इस दिवाली पर बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अपनी बहुप्रतीक्षित 'टाइगर' फ्रेंचाइजी की तीसरी इंस्टॉलमेंट 'टाइगर 3' लेकर आ रहे

सलमान ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'टाइगर आ रहा है। ट्रेलर के लिए तैयार हो जाइए, पांच दिन बाद...16 अक्टूबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में ट्रेलर रिलीज हो रहा है।' इससे पहले मंगलवार को फिल्म से कैटरीना का पोस्टर जारी किया गया था। इसमें एक्ट्रेस को रस्सी से लटकते हुए और लेदर बॉडी-हगिंग सूट पहने हुए असॉल्ट राइफल से फायर करते हुए दिखाया गया है। 'टाइगर 3' का निर्माण आदित्य चोपड़ा ने किया है और इसका निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है। यह इस साल दिवाली की छुट्टियों के दौरान रिलीज होगी।

# दाग-धब्बे, मुंहासों से जब परेशान हुईं हॉलीवुड स्टार स्कारलेट जोहानसन, सुनायी दर्दनाक घटना



**लॉस एंजेलिस,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। हॉलीवुड स्टार स्कारलेट जोहानसन ने युवावस्था के दौरान मुंहासों जैसी समस्या से जूझने के बारे में खुलासा किया। 38 वर्षीय एक्ट्रेस ने साझा किया कि जब वह किशोरावस्था में थीं तो उन्हें स्किन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा था और हाल ही में जब उन्होंने अपनी पुरानी तस्वीरें देखीं तो उनकी पुरानी यादें ताजा हो गई।

एसशोबिज डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने स्टाइलिस्ट को बताया, 'मैं हमेशा चेहरे पर दाग-धब्बों से जूझती रही। मेरे भाई ने मुझे एक फैमिली प्रोग्राम की फोटो दिखाई, जब मैं शायद 19 या 20 साल का थी और मेरी स्किन क्वालिटी बिल्कुल अलग थी।' 'जब मैंने वह तस्वीर देखी, तो पुराने चीजें सब दिमाग में वापस आने लगी। वे सभी दर्दनाक यादें। मैं इतने लंबे समय तक अपने स्किन से संबंधित परेशानियों से जूझती रही। मैं सुबह काम करने के लिए कंसीलर पहनती थी।' 'लेकिन वह तब था जब मैं छोटी थी और उस समय मुंहासों का आना गंदी स्किन का संकेत था और आप वॉश कर दाग-धब्बों से छुटकारा पा सकते थे। यह सब बहुत नेगेटिव था। उस समय, मैं हर उस प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर रही था, जो मैंने विज्ञापन में देखा था।'

'मैं मुहांसों के सूखने और फिर रेडनेस और इर्रिटेशन के इन चक्रों से गुजरी। यह एक बिना रुके चलने वाला चक्र था। जब मैं 20 के दशक के मध्य में थी, तो मैं इसे और नहीं कर सकती था। मैंने लगातार ब्यूटी प्रोडक्ट्स का उपयोग करना शुरू कर दिया, मैंने मॉइस्चराइज करना शुरू कर दिया और एक सप्ताह के भीतर मेरी स्किन पूरी तरह से अलग हो गई।'

'ब्लैक विडो' स्टार ने अब स्किनकेयर ब्रांड 'द आउटसेट' लॉन्च किया है और बताया कि उनके सभी दोस्त उनके नए वेंचर के बारे में सुनकर उत्साहित है, क्योंकि उन्हें लगा कि यह कुछ ऐसा है जो उन्हें सालों पहले करना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'यह फनी है, क्योंकि जब मैंने अपने दोस्तों को बताया कि मैं एक स्किन केयर लाइन में बिजनेस शुरू कर रही हूं तो उन्होंने खुशी जाहिर की।

# वजन घटाने वालों के लिए अदा शर्मा की एक्सपर्ट एडवाइज, शेयर किया वीडियो

**मुंबई,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने एक मजेदार क्लिप शेयर की, जहां उन्होंने वजन कम करने की एडवाइज दी है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर जंगल में बंदरों को नाश्ता खिलाते हुए एक वीडियो शेयर की। उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं तो आपको अपना खाना किसी और को देना चाहिए। डिस्क्लेमर : आप एक महीने में 20 किलो वजन घटा सकते हैं (बशर्ते आपका सेंस ऑफ ह्यूमर 100 किलो का हो)।' अदा ने कहा, 'मुझे लगता है कि सेंस ऑफ ह्यूमर रखना आजकल एक अच्छा विचार है, जब बहुत से लोग खुद को इतनी गंभीरता से लेते हैं। मुझे सोशल मीडिया पर ऐसी चीजें शेयर करना पसंद है जो लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला दे।' उन्होंने आगे कहा, 'फ्लैट पेट होना और पतला होना बहुत जरूरी है, इसलिए मैंने सोचा कि मैं उन लोगों के लिए कुछ टिप्स शेयर करूं जो वर्कआउट नहीं करना चाहते।'



> एक्ट्रेस अदा शर्मा ने एक मजेदार क्लिप शेयर की, जहां उन्होंने वजन कम करने की एडवाइज दी

# पित्ताशय कैंसर का रोबोटिक पद्धति से उपचार

**जोधपुर** 11, अक्टूबर (एजेंसियां) राजस्थान में पहली बार रोबोटिक सर्जरी द्वारा पित्ताशय के कैंसर का पूर्ण इलाज किया गया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जोधपुर में सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. वैभव वार्ष्णेय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विभाग में आए जालौर जिले के 61 वर्षीय व्यक्ति की पूर्णरूप से रोबोटिक रेडिकल कोलेसिस्टेक्टोमी सर्जरी की गई। इस सर्जरी में मरीज की पित्ताशय, लिवर का एक हिस्सा हटा दिया गया। सर्जरी साढ़े तीन घंटे तक चली जो केवल चार आठ-मिमी छोटे चीरों और न्यूनतम रक्तस्राव के साथ की गई।

उन्होंने बताया कि मरीज ने अगले दिन से ही बिना किसी परेशानी के खाना लेना शुरू कर दिया और दो दिनों के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्होंने कहा कि




राजस्थान में पहली बार रोबोटिक सर्जरी द्वारा पित्ताशय के कैंसर का पूर्ण इलाज किया गया है।

एम्स जोधपुर के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर माधवानंद कर ने पूरी सर्जिकल टीम को बधाई देते हुए कहा कि हेपेटोबिलरी कैंसर के इलाज के लिए मिनिमली इनवेसिव विधि रोगियों के लिए बहुत ही सुरक्षित और फायदेमंद है। रोबोटिक विधि का उपयोग करके सर्जरी छोटे चीरों के माध्यम से की जा सकती है। ऑपरेशन के बाद मरीज को अपेक्षाकृत दर्द कम होता है, जिससे उसकी रिकवरी जल्दी से होती है। पेट पर सर्जरी के छोटे चीरे होने के कारण कुछ ही महीनों के बाद वे चीरे स्पष्ट नहीं दिखते हैं। इस कारण ही रोबोटिक सर्जरी के बाद बिना किसी देरी के कैंसर कीमोथेरेपी भी शुरू की जा सकती है।

एम्स जोधपुर सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग नियमित रूप से मिनिमली इनवेसिव विधि (रोबोटिक और लेप्रोस्कोपिक तकनीक) का उपयोग करके आहार नाल, पेट, लीवर, अग्न्याशय, छोटी और बड़ी आंत के कैंसर के लिए सर्जरी कर रहा है। पित्ताशय का कैंसर दुनिया भर में एक बहुत ही घातक और तेजी से फैलने वाली बीमारी है। प्रारंभिक अवस्था में पित्ताशय के कैंसर के लक्षण अस्पष्ट होते हैं, पित्ताशय के कैंसर का एक सामान्य लक्षण पेट के दाहिने ऊपरी हिस्से में दर्द होना है।

# जागेश्वर धाम को 20 क्विंटल फूलों से सजाया मन्दिर



**जागेश्वर धाम,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां) उत्तराखंड के अल्मोड़ा जनपद में स्थित जागेश्वर धाम मन्दिर में गुरुवार को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पूजा, अर्चना कार्यक्रम से ठीक पहले बुधवार को बीस क्विंटल पुष्पों से मन्दिर को सुसज्जित कर दिया गया।

श्री मोदी का मंदिर द्वार पर मुख्य पुरोहित पण्डित हेमन्त भट्ट के नेतृत्व में कुल 11 आचार्य स्वस्ति वाचन कर, आशीर्वाद देंगे। राज्यपाल सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वागत करेंगे। तत्पश्चात, प्रधानमंत्री श्री ज्योतिर्लिंग जागेश्वर मंदिर में पूजा.अर्चना कर हनुमान जी, माता पुष्टि देवी, मृत्युंजय व केदारनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए परिक्रमा करते हुए वापस आयेंगे। यह पूरा कार्यक्रम लगभग 25 मिनट तक चलेगा। जिला प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से आज से ही बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के मंदिर परिसर में प्रवेश पर रोक लगा दी है। जबकि गुरुवार को श्री मोदी के कार्यक्रम तक स्थानीय श्रद्धालुओं का भी मंदिर परिसर में प्रवेश निरुद्ध रहेगा। पहली बार मंदिर के मुख्य पुजारी सहित सभी 11 आचार्य तथा पुरोहितों का जांच एजेंसियों ने कोरोना टेस्ट, ब्लड ग्रुप व टेस्ट पुलिस वेरीफिकेशन, आधार कार्ड सहित सभी की बारिकी से जांच की गई है। मंदिर के मुख्य पुरोहित पंडित हेमंत भट्ट ने बताया कि प्रधानमंत्री गुरुवार को प्रात: लगभग 10.30 बजे आयेंगे। वह लगभग 25 मिनट तक पूजा में भाग लेंगे। उनके साथ केवल दिल्ली से आया हुआ फोटोग्राफर रहेगा। बाकी किसी की भी अंदर आने की अनुमति नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के आने के तीन घंटे पूर्व पूजा स्थल पर पुजारी सहित 11 आचार्य बैठ जाएंगे। जो कार्यक्रम की समाप्ति के बाद ही मंदिर परिसर से बाहर आ सकेंगे। उन्होंने बताया कि इतिहास में पहली बार इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज तक हमने पूरे जीवन में इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कभी नहीं देखी थी।

# चुनौतियों के साथ खुशी भी लाती है सर्दी कश्मीर में

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 11 अक्तूबर (देशबन्धु)। जैसे ही शरद ऋतु की पत्तियां गिरती हैं और तापमान गिरता है, कश्मीर के निवासी आने वाली सर्दियों के लिए खुद को तैयार करना शुरू कर देते हैं। सर्दियों की शुरूआत के साथ ही कश्मीर का सुंदर परिदृश्य, जो अपनी प्राचीन सुंदरता और शांत आकर्षण के लिए जाना जाता है, एक शीतकालीन वंडरलैंड में बदल जाता है, लेकिन यह अपने साथ कई चुनौतियां भी लाता है जिनका निवासियों को सामना करना पड़ता है।

कश्मीर में मौसम में अभी से काफी बदलाव आना शुरू हो गया है। दिन छोटे हो गए हैं, और शरद ऋतु की कुरकुरा, ठंडी हवा आ गई है। पिछले कुछ हफ्तों में कश्मीर में तापमान में लगातार गिरावट आई है, जो सर्दियों की शुरुआत का संकेत है। दिन का अधिकतम तापमान गिर गया है, जबकि रातें काफी ठंडी हो गई हैं।

सर्दियों के आगमन के सबसे उल्लेखनीय संकेतों में से एक जीवंत शरद ऋतु के पत्तों का धीरे-धीरे गायब होना है, क्योंकि पर्णपाती पेड़ आने वाले लंबे, ठंडे महीनों की तैयारी में अपने पत्ते गिरा देते हैं। बदलता मौसम निवासियों को याद दिलाता है कि उन्हें आने वाली चुनौतीपूर्ण सर्दी के लिए तैयार रहना चाहिए। तैयारियों में जलाऊ लकड़ी, गर्म करने का तेल और गर्म कपड़े जैसी आवश्यक चीजें जमा करना शामिल है। इस क्षेत्र के कई घर अभी भी गर्म रहने के लिए कांगड़ी (गर्म अंगारों से भरे मिट्टी के बर्तन) जैसी पारंपरिक हीटिंग विधियों पर निर्भर हैं, और सर्दियां आते ही इनकी मांग बढ़ जाती है।

कश्मीर में दूरदराज के इलाकों की ओर जाने वाली सड़कें, जो अक्सर भारी बर्फबारी के दौरान कट जाती हैं, उनका भी रखरखाव किया जा रहा है और पूरे मौसम में पहुंच सुनिश्चित करने के लिए मलबे को हटाया जा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाएं और अस्पताल सर्दियों में मरीजों की आमद के लिए तैयारी कर रहे हैं, क्योंकि ठंड से संबंधित बीमारियां अधिक प्रचलित हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को टीकाकरण, परतों में कपड़े पहनना और अत्यधिक ठंड के दौरान घर के अंदर रहकर फ्लू और शीतदंश जैसी सामान्य सर्दियों की बीमारियों के खिलाफ सावधानी बरतनी चाहिए।

अधिकारी का दावा था कि प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए भी पूरी लगन से काम कर रहा है कि बिजली और पानी की आपूर्ति जैसी आवश्यक सेवाएं पूरे सर्दियों में निर्बाध रहें। यह बात अलग है कि बिजली कटौती अभी से कश्मीरियों का परेशान किए जा रही है।

जबकि कश्मीर में सर्दियों का मौसम निस्संदेह चुनौतियां पेश करता है, यह वह समय भी है जब क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता अपने चरम पर होती है। बर्फ से ढके पहाड़, जमी हुई झीलें और परिदृश्य की शांत शांति एक अद्वितीय आकर्षण पैदा करती है जो दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करती है। कई होटल और गेस्टहाउस पहले से ही आगामी महीनों के लिए पूरी तरह से बुक हो चुके हैं, क्योंकि पर्यटक कश्मीरी सर्दियों के जादू का अनुभव करने की तैयारी कर रहे हैं।

जैसे ही कश्मीर में सर्दी दस्तक दे रही है, निवासी लचीलेपन और दृढ़ संकल्प के साथ ठंड का सामना करने के लिए तैयार हैं। वे मानते हैं कि हालांकि आने वाले महीने चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं, लेकिन इस मौसम के दौरान घाटी में मौजूद सुंदरता और समुदाय की भावना इसे साल का वास्तव में विशेष समय बनाती है। कश्मीर, जिसे पृथ्वी पर स्वर्ग के रूप में जाना जाता है, अपने शीतकालीन मौसम को धारण करने वाला है, और निवासी और आगंतुक दोनों उत्सुकता से परिवर्तन का इंतजार कर रहे हैं।



# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.90 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 2.15 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.14 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यूएस स्टील | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.50 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 0.51 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.22 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.09 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.05 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



नई दिल्ली, 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण तीन खनिजों की रॉयल्टी दर को मंजूरी

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण तीन खनिजों लिथियम, नायोबियम और रेयर अर्थ एलिमेंट्स (आरईई) के संबंध में रॉयल्टी की दर तय करने के लिए खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की दूसरी अनुसूची में संशोधन को बुधवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2023 हाल ही में संसद द्वारा पारित किया गया था और यह 17 अगस्त, 2023 से लागू हो गया है। संशोधन के जरिये अन्य बातों के अलावा, लिथियम और नायोबियम सहित छह खनिजों को परमाणु खनिजों की सूची से हटा दिया गया है, जिससे नीलामी के माध्यम से निजी क्षेत्र को इन खनिजों के लिए रियायतें देने की अनुमति मिल जाएगी। इसके अलावा, संशोधन में प्रावधान किया गया है कि लिथियम, नायोबियम और आरईई (यूरेनियम और थोरियम रहित) के साथ 24 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों (जो



अधिनियम की पहली अनुसूची के भाग डी में सूचीबद्ध हैं) के खनन पट्टे और समग्र लाइसेंस की नीलामी केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी।

रॉयल्टी की दर के मामले में केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी से केंद्र सरकार देश में पहली बार लिथियम, नायोबियम और आरईई के लिए ब्लॉकों की नीलामी करने में सक्षम होगी। ब्लॉकों की नीलामी में बोलीकर्ताओं के लिए खनिजों पर रॉयल्टी दर एक महत्वपूर्ण वित्तीय पक्ष है। इसके अलावा, इन खनिजों के औसत बिक्री मूल्य की गणना के लिए खान मंत्रालय द्वारा प्रणाली भी तैयार की गई है, जो बोली मापदंडों के निर्धारण को सक्षम करेगी।

अधिनियम की दूसरी अनुसूची विभिन्न खनिजों के लिए रॉयल्टी दरें तय करती है। दूसरी अनुसूची की मद संख्या 55 में यह प्रावधान है कि जिन खनिजों की रॉयल्टी दर विशेष रूप से उपलब्ध नहीं की गई है, उनके लिए रॉयल्टी दर औसत बिक्री मूल्य का 12 प्रतिशत होगी। इस प्रकार, यदि लिथियम, नायोबियम और आरईई के लिए रॉयल्टी दर विशेष रूप से उपलब्ध नहीं की जाती है, तो उनकी डिफ़ॉल्ट रॉयल्टी दर औसत बिक्री मूल्य का 12 प्रतिशत होगी। यह अन्य महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की तुलना में काफी अधिक है। साथ ही, 12 प्रतिशत की यह रॉयल्टी दर अन्य खनिज उत्पादक देशों के बराबर नहीं है। इस प्रकार, लिथियम, नायोबियम और आरईई की उचित रॉयल्टी दर निम्नानुसार निर्दिष्ट करने का निर्णय लिया गया है- लिथियम - लंदन मेटल एक्सचेंज मूल्य का तीन प्रतिशत, नायोबियम - औसत बिक्री मूल्य का तीन प्रतिशत (प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों दोनों के लिए), आरईई- रेयर अर्थ ऑक्साइड के औसत बिक्री मूल्य का एक प्रतिशत है।

## जेफ बेजोस की ब्लू ओरिजिन ने की लगभग 40 कर्मचारियों की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। जेफ बेजोस द्वारा संचालित एयरोस्पेस कंपनी ब्लू ओरिजिन ने अपने एंटरप्राइज टेक्नोलॉजी विभाग में लगभग 40 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। सूत्रों के हवाले से द इंफॉर्मेशन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि तीन दर्जन से ज्यादा कर्मचारियों को कंपनी से जाने के लिए कहा गया है। छंटनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोग्राम मैनेजर शामिल हैं।

यह छंटनी ऐसे समय में हो रही है, जब बॉब स्मिथ की जगह अमेजन डिवाइस एंड सर्विस चीफ डेव लिम्प सीईओ के रूप में ब्लू ओरिजिन में शामिल हो रहे हैं। लिम्प 4 दिसंबर से ब्लू ओरिजिन में सीईओ के रूप में पद ग्रहण करेंगे। वहीं स्मिथ स्मूथ ट्रांजिशन सुनिश्चित करने के लिए 2 जनवरी को पद छोड़ देंगे।

लिम्प कंपनी के कई स्पेस प्रोजेक्ट्स के एक महत्वपूर्ण फेज में ब्लू ओरिजिन में शामिल हुए। ब्लू ओरिजिन ने इस साल की शुरुआत में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चंद्र लैंडर बनाने के लिए 3.4 बिलियन डॉलर का नासा कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया था। इस बीच, यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने एक साल से अधिक समय पहले ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड सबऑर्बिटल



व्हीकल में आई विफलता की अपनी जांच बंद कर दी है।

विफलता सितंबर 2022 में आई जब पश्चिमी टेक्सास में ब्लू ओरिजिन के प्रक्षेपण स्थल से एक मानवरहित अनुसंधान मिशन रवाना हुआ और प्रक्षेपण के कुछ सेकंड बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एफएए के बयान में कहा, ब्लू ओरिजिन को सार्वजनिक सुरक्षा को प्रभावित करने वाली सभी सुधारात्मक कार्रवाइयों को लागू करना होगा और एफएए से एक लाइसेंस संशोधन प्राप्त करना होगा जो अगले न्यू शेपर्ड लॉन्च से पहले सभी सुरक्षा और अन्य लागू नियामक आवश्यकताओं को संबोधित करता है।

## चालू वित्तवर्ष में 9 अक्टूबर तक प्रत्यक्ष कर संग्रह 22 प्रतिशत बढ़कर 9.57 लाख करोड़ रुपये हो गया : केंद्र

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्तवर्ष में 9 अक्टूबर तक भारत का प्रत्यक्ष कर संग्रह साल-दर-साल 21.82 प्रतिशत बढ़कर 9.57 लाख करोड़ रुपये हो गया। प्रत्यक्ष कर संग्रह - रिफंड का शुद्ध - 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों के कुल बजट अनुमान का 52.50 प्रतिशत था। प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़ों से संकेत मिलता है कि सकल संग्रह 11.07 लाख करोड़ रुपये था, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान सकल संग्रह से 17.95 प्रतिशत अधिक था। आंकड़ों के अनुसार, सकल राजस्व संग्रह के मामले में कॉर्पोरेट आयकर (सीआईटी) की वृद्धि दर 7.30 प्रतिशत और व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) की वृद्धि दर 29.53 प्रतिशत रही। वित्त मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है, जहां तक सकल राजस्व संग्रह के संदर्भ में कॉर्पोरेट आयकर (सीआईटी) और व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) की वृद्धि दर का सवाल है, सीआईटी के लिए विकास दर 7.3 प्रतिशत है जबकि पीआईटी के लिए 29.53 प्रतिशत (केवल पीआईटी)/ 29.08 प्रतिशत (एसटीटी सहित) है। रिफंड के समायोजन के बाद सीआईटी संग्रह में शुद्ध वृद्धि 12.39 प्रतिशत है और पीआईटी संग्रह में 32.51 प्रतिशत (केवल पीआईटी)/ 31.85 प्रतिशत (एसटीटी सहित पीआईटी) है।

## मारुति सुजुकी की आईडीबीआई बैंक के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने आज इन्वेंट्री फंडिंग के लिए आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के साथ समझौता किया। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि नया समझौता देश भर में 4000 से अधिक मारुति सुजुकी बिक्री आउटलेटों को उनकी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए व्यापक इन्वेंट्री फंडिंग विकल्पों के साथ सशक्त बनाएगा।

साझेदारी पर मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी, विपणन और बिक्री शशांक श्रीवास्तव ने कहा, हम इन्वेंट्री फंडिंग के लिए विशेष वित्तपोषण समाधान के साथ अपने डीलर भागीदारों की सहायता करने के लिए आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं। हमने देश भर में अपने





डीलर भागीदारों के लिए क्यूरेटेड उत्पाद और एंड-टू-एंड कार्यशील पूंजी समाधान विकसित करने में आईडीबीआई बैंक के साथ मिलकर काम किया है।

हमारे डीलर पार्टनर हमारे व्यवसाय की रीढ़ हैं, और हम बढ़ते भारतीय यात्री वाहन बाजार को संबोधित करने के लिए उनकी क्षमताओं को बढ़ाने में उनका समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैंक के प्रबंध निदेशक राकेश शर्मा ने कहा, ऑटोमोटिव क्षेत्र में मार्केट लीडर एमएसआईएल के साथ साझेदारी करके हमें खुशी हो रही है। आईडीबीआई बैंक अपनी 1900 से अधिक शाखाओं और अपने बड़े ग्राहक आधार के भरोसे के साथ एमएसआईएल को उसकी तीव्र विकास यात्रा में समाधान प्रदान करने के लिए अच्छी स्थिति में है। आईडीबीआई बैंक की आपूर्ति-श्रृंखला वित्त एमएसआईएल के डीलरों को उनके व्यवसाय के विकास के लिए अनुकूल शर्तों पर कार्यशील पूंजी वित्त तक आसान पहुंच प्रदान करेगी। बैंक अपने ग्राहकों के साथ-साथ सहयोगी भागीदारों को मूल्य वर्धित सेवाएं प्रदान करने के लिए अपनी संपूर्ण प्रक्रियाओं और उत्पादों को लगातार अधिक कुशल, लचीला, पारदर्शी और डिजिटल बना रहा है।

### सार संक्षेप

#### इंश्योरेंसदेखो ने जुटाये 492 करोड़

**नई दिल्ली।** इंश्योरटेक कंपनी इंश्योरेंसदेखो ने सीरीज बी फंडिंग राउंड में 492 करोड़ रुपये अर्थात 6 करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाई है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह उसके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। जुटाई गई पूंजी में इक्विटी और ऋण दोनों ही विकल्प शामिल हैं और कंपनी मौजूदा निवेशकों का भरोसा बनाए रखने के साथ ही इस दौर में नए प्रमुख निवेशकों को अपने साथ जोड़ने में कामयाब रही है। 2023 में गुरुग्राम में शुरू हुए इस स्टार्टअप के लिए यह दूसरा फंडिंग राउंड है। इसके साथ ही कंपनी अब तक कुल 20 करोड़ डॉलर से अधिक की पूंजी जुटा चुकी है। जापानी दिग्गज मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप, इंक. (एमयूएफजी), यूरोपीय निवेश प्रमुख यूराजियो प्रबंधित अपने इंश्योरटेक फंड के माध्यम से बीएनपी परिबास कार्डिफ, भारत-केंद्रित बीम्स फिनटेक फंड और योगेश महनसरिया फैमिली ऑफिस नए निवेशकों के रूप में इसमें शामिल हुए हैं। इंश्योरेंसदेखो के मौजूदा निवेशकों टीवीएस कैपिटल, गोल्डमैन सैक्स एसेट मैनेजमेंट और अवतार वेंचर्स ने भी निवेश करते हुए कंपनी ने अपने भरोसे का प्रदर्शन किया है। फरवरी में, इंश्योरेंसदेखो ने सीरीज ए फंडिंग में 15 करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाई थी, जो दक्षिण एशिया में किसी इंश्योरटेक द्वारा जुटाई गई सबसे बड़ी रकम थी। इस फंडिंग राउंड से जुटाई गई पूंजी का इस्तेमाल अपनी मार्केटिंग गतिविधियों को बढ़ाने, भारत के भीतरी इलाकों में अपनी वितरण उपस्थिति को और विस्तारित करने, अपने तकनीकी प्लेटफॉर्म को बढ़ाने, इन-ऑर्गेनिक विकास के अवसरों का पता लगाने के साथ रिइंश्योरेंस जैसी नई पहल को आगे बढ़ाने में किया जाएगा, ताकि भारत में बीमा क्षेत्र का लोकतांत्रिकरण और उसमें क्रांतिकारी बदलाव लाया जा सके।

#### मच्छरजनित बीमारियों से बचाओ के लिए प्राकृतिक स्प्रे


**नई दिल्ली।** सुरक्षित और प्रभावी तरीके से बीमारी फैलाने वाले कीटों से छुटकारा पाना हमेशा से मुश्किल रहा है। अब होम एवं पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स के प्रतिष्ठित निर्माता मिडास हाइजीन ने मार्केट में अनोखा इन्सेक्ट रेपेलेन्ट स्प्रे लक्ष्मण रेखा लॉन्च किया है। मिडास हाइजीन इंडस्ट्रीज़ प्रा. लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ प्रणय कपूर ने कहा कि सालों की रीसर्च के बाद हमें लक्ष्मण रेखा का लॉन्च करते हुए बेहद गर्व हो रहा है। यह एक प्राकृतिक समाधान है जो 100 फीसदी सुरक्षा देता है। श्री कपूर के मुताबिक लक्ष्मणरेखा का उपयोग बीमारी फैलाने वाली मक्खियों, मच्छरों, कॉकरोच और खटमल से छुटकारा पाने के लिए किया जा सकता है। यह प्रोडक्ट मकड़ी, चींटी और छिपकली को भगाने के लिए भी कारगर है। उन्होंने आगे कहा कि आयूष के तहत पंजीकृत लक्ष्मण रेखा घर को हर्बल खुशबू देता है, ऐसे में इसके इस्तेमाल के बाद आप घर में सहज महसूस करते हैं। यह बाज़ार में उपलब्ध अन्य ज़हरीले प्रोडक्ट्स की तुलना में सुरक्षित है, साथ ही किफ़ायती भी है।

## फेड के मिनट्स जारी होने से पहले बाजार गुलजार

**मुंबई** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिजर्व की मौद्रिक नीति बैठक के मिनट्स और महंगाई के आंकड़े जारी होने से पहले विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार गुलजार रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 393.69 अंक अर्थात 0.60 प्रतिशत की छलांग लगाकर 66473.05 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 119.60 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की तेजी लेकर 19809.45 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.55 प्रतिशत चढ़कर 32,224.58 अंक और स्मॉलकैप 0.77 प्रतिशत मजबूत होकर 37,969.94 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3822 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2351 में लिवाली जबकि 1337 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 37 कंपनियों में तेजी जबकि 12 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के सभी 20 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.05, सीडी 0.80, ऊर्जा 0.62, एफएमसीजी 0.85, वित्तीय सेवाएं 0.43, हेल्थकेयर 0.53, इंडस्ट्रियल्स 0.60, आईटी 0.02, दूरसंचार 1.36, यूटिलिटीज 0.80, ऑटो 0.98, बैंकिंग 0.29, कैपिटल गुड्स 0.32, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.41, धातु 0.44, तेल एवं गैस





0.67, पावर 0.35, रियल्टी 0.74, टेक 0.05 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.30 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी रही। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.05, जापान का निक्केई 0.60, हांगकांग का हैंगसेंग 1.29 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.12 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी के डैक्स में टिकाव रहा।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 297 अंक की तेजी लेकर 66,376.42 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 66,592.16 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली होने से यह दोपहर बाद 66,299.79 अंक के निचले स्तर पर आ गया। अंत में पिछले दिवस के 66,079.36 अंक की तुलना में 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 66,473.05 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी 77 अंक चढ़कर 19,767.00 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,839.20 अंक के उच्चतम जबकि 19,756.95 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,689.85 अंक के मुकाबले 0.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,811.35 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 24 कंपनियों में विप्रो ने सबसे अधिक 3.29 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही अल्ट्रासिमको 2.09, रिलायंस 1.58, हिंदुस्तान यूनीलीवर 1.57, नेस्ले इंडिया 1.15, एनटीपीसी 1.14, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.10, एचडीएफसी बैंक 0.92, एक्सिस बैंक 0.68, टाटा मोटर्स 0.52, एलटी 0.42, मारुति 0.30, पावरग्रिड 0.28, टेक महिंद्रा 0.23 और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.07 प्रतिशत की बढ़त पर रहे। वहीं, एचसीएल टेक 1.24, एसबीआई 0.56, टीसीएस 0.52, टाटा स्टील 0.24, इंडसइंड बैंक 0.14 और इंफोसिस ने 0.09 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## बांड के जरिए 10,000 करोड़ रुपये जुटाएगा बैंक ऑफ बड़ौदा

**मुंबई,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। बैंक ऑफ बड़ौदा के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने बुधवार को बुनियादी ढांचे और किफायती आवास के वित्तपोषण के लिए दीर्घकालिक बांड के जरिए 10,000 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज को एक फाइलिंग में कहा, निदेशक मंडल ने आज आयोजित अपनी बैठक में बुनियादी ढांचे और किफायती आवास के वित्तपोषण के लिए 2023-24 और उससे आगे कुल मिलाकर 10,000 करोड़ रुपये तक के दीर्घकालिक बांड जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। आरबीआई ने मंगलवार को बैंक ऑफ बड़ौदा को बॉब वर्ल्ड मोबाइल एप्लिकेशन पर अपने ग्राहकों को शामिल करने से रोक दिया था। ग्राहकों को शामिल करने के तरीके में कुछ गड़बड़ी की आशंका थी।

केंद्रीय बैंक ने कहा था कि बॉब वर्ल्ड एप्लिकेशन पर बैंक के ग्राहकों की आगे की भागीदारी आरबीआई की संतुष्टि के अनुसार देखी गई कमियों के सुधार और बैंक द्वारा संबंधित





प्रक्रियाओं को मजबूत करने के अधीन होगी। इससे बैंक के शेयर वैल्यू में 3 प्रतिशत की गिरावट आ गई।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा कि उसने पहले ही आरबीआई की चिंताओं को दूर करने के लिए कदम उठा लिए हैं। उसने कहा, हमने पहचाने गए किसी भी गैप को दूर करने के लिए और कदम उठाए हैं और हम उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए आरबीआई के साथ मिलकर काम करेंगे। इसने यह भी कहा कि उसे उम्मीद नहीं थी कि आरबीआई की कार्रवाई का उसके समग्र व्यापार और विकास योजनाओं पर कोई प्रभाव पड़ेगा।

## सरसों, मूंगफली और वनस्पति तेल सस्ता

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव गिर गए वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा आठ रिंगिट फिसलकर 3533 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.01 सेंट की बढ़त लेकर 53.24 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में चुनिंदा खाद्य तेलों में गिरावट का रुख रहा। सरसों तेल 73 रुपये, मूंगफली तेल 146 रुपये और वनस्पति तेल के भाव 67 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6150-6250, दाल चना 7150-7250, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9900-10000, अरहर दाल 10000-10100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## अत्याधुनिक क्वांटम-प्रौद्योगिकी समर्थित हरित हाइड्रोजन उत्पादन

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ने एक नई उच्चप्रवाह क्षमता क्वांटम समर्थित हरित हाइड्रोजन उत्पादन प्रौद्योगिकी विकसित की है। यह हरित हाइड्रोजन उत्पादन को बड़ी मात्रा में बढ़ावा दे सकती है। उत्पादन की गई हाइड्रोजन गैस की उच्च शुद्धता के कारण, ईंधन का उपयोग बिना अतिरिक्त शुद्धिकरण के किया जा सकता है। इससे प्रौद्योगिकी की लागत किफायती हो जाती है। यह परिवर्तनकारी नवाचार ऊर्जा उत्पादन से लेकर परिवहन और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अनुप्रयोग संभावनाएं उपलब्ध कराएगा।

उन्होंने अगली पीढ़ी के क्वांटम-संचालित फोटो-उत्प्रेरक को उच्च प्रोटॉन उपलब्धता और गतिशीलता वाले चार्ज ट्रांसफर सिस्टम के साथ प्रस्तुत किया और ऊर्जा उत्पादन के लिए क्वांटम उत्प्रेरक अनुप्रयोग भी प्रदान किए। विश्वविद्यालय की ग्रीन केपलरेट टीम द्वारा यह प्रौद्योगिकी विकसित की गई है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय का कहना है



कि डॉ. सोमनाथ गराई और प्रोफेसर एस. श्रीकृष्णा की टीम द्वारा विकसित इस प्रौद्योगिकी ने पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा विकल्पों के रूप में ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग का प्रदर्शन किया। ग्रीन केपलरेट टीम ने भंडारण मुक्त प्रत्यक्ष हाइड्रोजन अंतर-दहन इंजन प्रौद्योगिकियों की परिकल्पना की है। इस टीम ने डीएसटी द्वारा वित्त पोषित इस चालू परियोजना के एक हिस्से के रूप में इंजन क्षमताओं और कार्यात्मकताओं की विभिन्न रेंज के ऑटोमोबाइल में भी इसका प्रदर्शन किया है।

विश्वविद्यालय का कहना है कि इस प्रौद्योगिकी का पेटेंट, हाइड्रोजन और फ्यूल सेल प्रोग्राम, स्वच्छ ऊर्जा अनुसंधान पहल के तहत 'बुस्टिंग द एच2 इकोनॉमी बाई हार्नेसिंग मैरिट ऑफ क्वांटम एनकैप्सुलेशन कैमिस्ट्री, आगमेंटिड काइनेटिक्स फॉर वॉटर स्पिलेटिंग रिएक्शन अंडर कन्फाइनमेंट' नामक परियोजना के तहत लंबित है। अत्याधुनिक फोटोकैमिकल-रिएक्टर डिज़ाइन में सौर ऊर्जा को अधिकतम करने के लिए अंतर्निहित इलुमिनेशन असेंबली और बाहरी अवतल परावर्तक पैनल की सुविधा मौजूद है। इस टीम ने एक सतत इलेक्ट्रॉन युक्त प्रोटॉन आपूर्ति प्रणाली का निर्माण किया है, जो औद्योगिक धातु-अपशिष्ट का उपयोग करके एक इलेक्ट्रॉन इंजेक्टर तंत्र से प्रेरित है, जिसके द्वारा कठिन अनुकूलन के बाद, प्रयोगशाला पैमाने पर ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन की अधिकतम दर लगभग एक लीटर मिनट प्रति 10 ग्राम तक अर्जित की गई है।

# खेल जगत

## उभरती खेल प्रतिभाओं का मार्गदर्शन करेंगी साइना

**हैदराबाद** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल को दक्षिण भारत की प्रमुख बैडमिंटन कोचिंग अकादमी 'बैडमिंटन प्रोस' ने अपना मेंटर नियुक्त किया है। साइना इस उद्यम में हमवतन राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक विजेता और ओलंपियन पारुपल्ली कश्यप और राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आरएमवी गुरुसाई दत्त के साथ शामिल हो गई हैं। 'द बैडमिंटन प्रोफेशनल्स' के तत्वावधान में 'बैडमिंटन प्रोस' की सह-स्थापना विजय लैंसी, सीईओ, थॉमस क्यूपर, अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी और आईआईएम कलकत्ता ग्रेजुएट ने अर्जुन पुरस्कार विजेता और ओलंपियन अनूप श्रीधर के साथ मिलकर की है। यह अकादमी हैदराबाद, बैंगलोर और मुंबई में स्थित हैं। मेंटर के रूप में साइना उभरती खेल प्रतिभाओं के विकास में सहयोग करेंगी, जिससे उन्हें मानसिक दृढ़ता बनाने और उनके खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद मिलेगी।



# कप्तान शाहिदी और ओमरजई की शतकीय भागीदारी से अफगानिस्तान का भारत के खिलाफ चुनौतीपूर्ण स्कोर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत के सदाबहार अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (3/39) की रफ्तार के साथ दिखाई धार के बावजूद कप्तान बाएं हाथ के हशमतुल्लाह शाहिदी( 80 रन, 88 गेंद, एक छक्का, आठ चौके) और अजमतुल्लाह ओमरजई (62 रन, 69 गेंद, चार छक्के, दो चौके) की शुरू के तीन विकेट सस्ते में गंवाने के बाद आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप मैच में जवाबी हमला बोलते हुए चौथे विकेट की मात्र 128 गेंद में मात्र 121 रन की तेज भागीदारी की बदौलत टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करने वाले अफगनिस्तान ने यहां अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 272 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। फिरोजशाह कोटला की सपाट पिच पर भारत के उपकप्तान हार्दिक पांडया (2/43) ने रहमतुल्लाह गुरबाज (21 रन, तीन चौके, एक छक्का) को धीमे बाउंसर पर शार्दूल ठाकुर के हाथों कैच कराने के बाद अजमतुल्लाह ओमरजई को धीमी गेंद पर बोल्ड उनकी और कप्तान शाहिदी की खतरनाक होती भागीदारी को तोड़ अफगानिस्तान को विशाल स्कोर बनाने से रोक दिया। अफगानिस्तान का ओमरजई को बल्लेबाजी में नबी से उपर पांचवें नंबर पर भेजने का फैसला खासा कारगर रहा।

जसप्रीत बुमराह ने अपने चौथे ओवर की चौथी गेंद पर अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान (22 रन, 28 गेंद, चार चौके) को आउट कर भारत के पहली कामयाबी दिलाने के बाद मारधाड़ वाले ओवरों में अपने दूसरे स्पैल में अपने छठे नजीबुल्लाह जादरान(2) को विराट कोहली के हाथों और इससे अगले ओवर में मोहम्मद नबी (19 रन, एक चौका, 27 गेंद) को एलबीडब्ल्यू आउट और फिर अपने दसवें व अंतिम तथा पारी के अंतिम पूर्व की पहली गेंद पर खतरनाक होते दिखे राशिद खान (16 रन, 12 गेंद, एक चौका, एक छक्का) पर स्वीपर कवर पर कुलदीप यादव के हाथों लपकवाया। दरअसल जडेजा और कुलदीप दोनों ही राशिद के कैच के लिए दौड़े लेकिन अंतत कुलदीप ने अपने दूसरे प्रयास में गेंद को लपकने में कोई गलती नहीं जमकर खेल रहे अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी को बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव (1/40) ने रिवर्स स्वीप करने पर मजबूर कर एलबीडब्ल्यू आउट किया। शार्दूल ठाकुर ने रहमत शाह (16) को एलबीडब्ल्यू आउट किया।

अजमतुल्लाह ओमरजई ने संभल कर आगाज करने के अचानक गियर बदला और खासतौर पर बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के पांचवें ओवर में दो छक्के जड़ कुल 14 रन लिए और फिर बाएं हाथ के रवींद्र जडेजा को निशाने लिया। ओमरजई ने कप्तान हशमतुल्लाह शाहिद ने 118 गेंदों में चौथे विकेट की शतकीय भागीदारी कर अफगानिस्तान की पारी संभाली। बर्डथे बॉय हार्दिक पांडया ने अपने दूसरे स्पैल के पहले ओवर में चतुर गति परिवर्तन से तूफानी अंदाज पकड़ चुके ओमरजई (62 रन, 69गेंद, चार छक्के, दो चौके को धीमी गेंद से छकाया और गेंद उनके बल्ले को छका कर उनका ऑफ स्टंप उड़ा ले गई और इसके साथ ही उनके कप्तान हशमतुल्लाह के साथ खतरनाक होती भागीदारी के 35 ओवर में टूटने से अफगानिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 184 रन हो गया।ओमरजई(50 रन, एक छक्का, 62 गेंद, चार छक्के, एक चौका) ने अपना अर्द्धशतक पारी के 32 वें ओवर में मोहम्मद सिराज की गेंद पर दो रन लेकर पूरा किया और अफगाानिस्तान के स्कोर तीन विकेट पर 161 रन पर पहुंचाया। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने पहले हार्दिक की गेंद को स्लैश कर चौका जड़ अपना अर्द्धशतक 57 गेंद खेल कर चार चौकों की मदद से पूरा किया और इससे ठीक पहले उन्होंने एक रन जोड़ कर ओमरजई के साथ शतकीय भागीदारी पूरी की थी।

बर्थडे बॉय भारत के उपकप्तान हार्दिक पांडया के तीसरे ओवर में तेज बाउंसर को हुक करने की कोशिश में रहमतुल्लाह गुरबाज (21 रन, 28 गेंद, एक छक्का, तीन चौके) ने हुक करने की कोशिश की इस पर डीप फाइन लेग पर मैदान से बाहरी गेंद को शार्दूल ठाकुर ने लपका वापस भीतर मैदान की ओर उछाल शानदार कैच लपक कर अफगानिस्तान का स्कोर 12.4 ओवर में दो विकेट पर 63 रन कर दिया। गुरबाज ने आउट होने से पहले अफगानिस्तान की पारी का पहला छक्का शार्दूल के पहले ओवर में जड़ा था। रहमत शाह (16 रन, 22गेंद, तीन चौके) अगले ओवर में शार्दूल ठाकुर की गेंद ड्राइव करने में चूके और गेंद सीधे उनके पैड पर लगी और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट घोषित इस पर रहमत ने डीआरएस लिया लेकिन फैसला यही रहा और अफगानिस्तान का स्कोर 13.1 ओवर में तीन विकेट पर 63 रन हो गया। मजबूत शुरुआत करने की कोशिश करती दिखती अफगानिस्तान की टीम ने पहले पॉवरप्ले में 10 ओवर मे मात्र इब्राहिम जारदान का विकेट खोकर 48 रन बनाने के बाद अगले 3.1 ओवर में 15 रन और जोड़ कर पहले रहमतुल्लाह गुरबाज और फिर रहमत शाह के विकेट गंवा मुश्किल में पड़ गई। एक संयोग यही रहा कि हार्दिक और शार्दूल ने अपना अपना पहला विकेट अपने अपने तीसरे ओवर में लिया। अफगानिस्तान से दसवें से 20 ओवर के बीच दो विकेट खोए और मात्र 35 रन जोड़े इससे अगले यानी 20 से 30 ओवर में अफगानिस्तान ने सबसे तेज 64 रन जोड़ अपने स्कोर को तीन विकेट पर 147 रन पर पहुचाया और इस दौरान अजमतुल्लाह ओमरजई और कप्तान हशमतुल्लाह शाहिद ने भारत के दोनों स्पिनरें कुलदीप यादव और रवींद्र ज़डेजा को खासा निशाना बनाने के साथ बुधवार को बराबर शॉर्ट गेंद करने वाले तेज तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की गेंदों की जमकर धुनाई कर खूब चौके जोडे। अफगानिस्तान ने शुरू पहले दस ओवर में एक विकेट खोकर 48 रन बनाए थे।

अफगानिस्तान ने पहले 50 रन 62 गेंदों और 100 रन 24 ओवर में पूरे किए। ओमरजई ने बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के पांचवें और पारी के 24 वें ओवर की दूसरी और चौथी गेंद पर छक्का तीसरे विकेट के लिए 70 गेंदों में कप्तान हशमतुल्ला शाहिदी के साथ चौथे विकेट के लिए 50 रन की भागीदारी कर अफगानिस्तान की पारी को मजबूती दी। कुलदीप ने अपने पांचवें में दो छक्कों सहित 14 रन दिए और उनका पहला स्पैल रहा 5-0-23-0 ।

भारत के लिए गेंदबाजी आक्रमण का आगाज अनुभवी जसप्रीत बुमराह ने दिल्ली गेट छोर से किया। विकेटकीपर बल्लेबाज रहमतुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने अफगानस्तिान की पारी का आगाज किया। बुमराह ने अफगानिस्तान के दोनों सलामी बल्लेबाजों के खिलाफ ऑफ स्टंप या उससे कुछ बाहर गेंद रखी। बुमराह को ऑफ स्टंप के जरा बाहर गेंद कराने का लाभ मिला और उनके चौथे ओवर की चौथी गेंद ऑफ स्टंप पर गिर कर जरा ही बाहर निकली गेंद को आक्रामक अंदाज में आगाज करने वाले सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान(22 रन, 28 गेंद, चार चौके) ने रोकने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों में जा समाई और अफगानिस्तान ने पहला विकेट 6.4 ओवर में 32 रन पर खो दिया। बुमराह का स्पेल रहा 4-0-9-1 । उनके शुरू के चार ओवर में मात्र एक चौका इब्राहिम जादरान ने उनकी गेंद को दूसरी स्लिप के उपर से तेज स्लैश कर जड़ा। बुमराह की जगह गेंद दिल्ली गेट छोर से बर्थडे बॉय हार्दिक पांडया ने संभाली। मोहम्मद सिराज ने गेंद को आगे रखकर जादरान और गुरबाज को ड्राइव करा आउट करने की कोशिश में अपने शुरू के चार ओवर में छह चौके खाए कवर और मिडविकेट के बीच से खाए। अफगानिस्तान के लिए पारी का पहला छक्का शार्दूल ठाकुर की गेंद को उनके पहले ही ओवर में गुरबाज ने मिडविकेट के उपरसे उड़ा कर लगाया। अफगानिस्तान ने अपने 50 रन 10.2 ओवर में पूरे किए तब गुरबाज 21 और रहमत शाह पांच रन पर थे।



## भारत-अफगानिस्तान का मैच देखने के लिए उमड़ी भीड़

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)।। भारत में क्रिकेट खेल नहीं, जुनून है लेकिन इस मामले में भी दिल्ली वालों की बात अलग है। चूंकि मंच वर्ल्ड कप का है और दिल्ली के हिस्से में टीम इंडिया का एक ही मैच आया है, इसलिए दिल्लीवालों का एक्साइटमेंट लेवल हाई होना तो बनता है। पूरी दुनिया में दिल्ली की गर्मी बदनाम है, लेकिन भला ये क्रिकेट फैंस और उनके फेवरेट क्रिकेटरों के बीच कैसे आ सकती है। ये बात हम हवा में नहीं कह रहे हैं, इस बात की गवाही भारत और अफगानिस्तान के बीच वर्ल्ड कप-2023 का 9वां मैच दे रहा है, जो दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जा रहा है।




भीषण उमस व दोपहर में हो रही तेज धूप ने दिल्ली वालों का हाल बिगाड़ रखा है। मगर, भारतीय क्रिकेट फैंस इन चीजों को नजरअंदाज कर अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी टीम का समर्थन करने भारी संख्या में पहुंचे हैं। डीडीसीए के एक अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि उन्हें उम्मीद है कि शाम तक फैंस की गिनती और बढ़ जाएगी। इस बीच एक युवा क्रिकेट प्रशंसक ने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि गर्मी है या बारिश या कुछ भी हो। जब टीम इंडिया की बात आती है, तो हम उनका समर्थन करने के लिए मौजूद रहेंगे। एक अन्य प्रशंसक ने कहा, गर्मी की किसे परवाह है? आइए भारत के लिए जयकार करें। इससे पहले, जब टूर्नामेंट शुरू हुआ था तो गत चैंपियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहले मैच को देखने के लिए नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कम लोगों के आने के बाद मीम्स का दौर चल रहा था। हालांकि, जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ा, ऐसा लगा कि यह गति पकड़ रहा है और अधिक लोगों को स्टेडियम की ओर आकर्षित कर रहा है।

## राष्ट्रीय शूटिंग शिविर कर्णी सिंह रेंज में शुरू

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। 19वें एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के ठीक एक हफ्ते बाद भारतीय शूटिंग टीम आगामी 15वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप (एएससी) की तैयारी के लिए राष्ट्रीय शिविर में वापस आ गई है। यह चैंपियनशिप अतिरिक्त महत्व रखती है, क्योंकि वे कुल 24 पेरिस ओलंपिक कोटा स्थानों की पेशकश करेंगे जो राइफल, पिस्टल और शॉटगन श्रेणियों में 12 व्यक्तिगत ओलंपिक स्पर्धाओं में समान रूप से विभाजित हैं।



भारतीय टीम पहले ही निशानेबाजी में सात पेरिस कोटा जीत चुकी है और चांगवोन में 17 में से अधिक से अधिक कोटा हासिल करना चाहेगी।

सीनियर टीम में 17 कोच और आठ सहयोगी स्टाफ के साथ शिविर में कुल 38 निशानेबाज हैं। दूसरी ओर जूनियर टीम में 36 निशानेबाजों के साथ 12 कोच और पांच सहयोगी स्टाफ सदस्य हैं।

शिविर हाई-परफॉर्मेंस निदेशक डॉ. पियरे ब्यूचैम्प के साथ-साथ विदेशी कोच थॉमस फार्निक (राइफल), मुंखबयार दोर्जसुरेन (पिस्टल), मार्सेलो ड्राडी (ट्रैप) और एन्नियो फाल्को (स्कीट) की देखरेख में चलाया जाएगा। शिविर की अवधि विभिन्न समूहों के लिए उनके चांगवोन कार्यक्रम के आधार पर होती है। 15वीं एएससी में प्रतियोगिताएं 24 अक्टूबर से शुरू होंगी और फाइनल इवेंट 1 नवंबर को निर्धारित हैं।

## भारत-पाक मुकाबले के लिए पीसीबी प्रमुख जका अशरफ जल्द आएंगे इंडिया



**लाहौर,** 11 अक्टूबर (आईएएनएस)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत के खिलाफ होने वाले टीम के मैच को देखने के लिए गुरुवार को भारत आएंगे।

जका अशरफ ने यह फैसला पाकिस्तानी मीडिया कर्मियों को आईसीसी विश्व कप-2023 को कवर करने के लिए भारतीय वीजा के लिए अपने पासपोर्ट जमा करने की अनुमति मिलने के बाद लिया है। पीसीबी प्रमुख ने कहा, मैंने भारत की अपनी यात्रा में देरी कर दी और मैं इस बात की पुष्टि मिलने के बाद यात्रा कर रहा हूं कि पाकिस्तान के पत्रकारों को मेगा इवेंट को कवर करने के लिए वीजा प्राप्त करने के लिए अपने पासपोर्ट जमा करने के लिए कहा गया है। मुझे खुशी है कि विदेश कार्यालय के साथ मेरी बातचीत से अच्छा परिणाम हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने टीम के परफॉर्मेंस पर कहा, %%विश्व कप में अब तक खिलाड़ियों ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है और दोनों मैच जीते हैं उससे मैं बेहद खुश हूं। पीसीबी प्रबंधन समिति और पूरा देश मौजूदा विश्व कप में सफल अभियान के लिए खिलाड़ियों के साथ मजबूती से खड़ा है।

पाकिस्तान ने विश्व कप में अब तक अपने दोनों मैच जीते हैं। ये मैच हैदराबाद में खेले गए, जहां पाकिस्तान ने नीदरलैंड और श्रीलंका को हराया। अब ये टीम अहमदाबाद में भारत से भिड़ेगी जो टूर्नामेंट के लीग चरण में सबसे बड़ा मुकाबला होगा।

## भारत-पाक से पहले शाहीन अफरीदी को फॉर्म में लौटना अहम : वकार

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनिस ने विश्व कप-2023 के दो मैचों में शाहीन अफरीदी के खराब प्रदर्शन की ओर इशारा किया और कहा कि टीम को इस बात पर काम करने की जरूरत है कि आखिर यह तेज गेंदबाज क्या गलती कर रहा है। मोहम्मद रिजवान (131) और अब्दुल्ला शफीक (113) के शानदार शतकों की बदौलत पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ मैच में विश्व कप का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल कर मंगलवार को टूर्नामेंट में अपना लगातार दूसरा मैच जीत लिया।

हालांकि, पाकिस्तान के गेंदबाजों ने संघर्ष किया जिससे श्रीलंका ने 50 ओवर में 344 रन बनाए। कुसल मेंडिस और सदीरा समाराविक्रमा के



> पाकिस्तान के लिए कोई भी मैच तब आसान हो जाता है जब शाहीन शुरुआती विकेट लेने में कामयाब रहते हैं। पिछले कुछ वर्षों में वो लगातार ऐसा करते भी आएं है लेकिन इन दिनों वो खराब फॉर्म में हैं। वो बहुत कोशिश कर रहे हैं मगर वो कामयाब नहीं हो रहे
> : वकार यूनिस

शतकों ने एक मजबूत लक्ष्य निर्धारित किया, जिससे यह एक विजयी स्कोर जैसा लग रहा था। इस मैच में अफरीदी पाकिस्तान के लिए सबसे महंगे गेंदबाज रहे। उन्होंने 9 ओवर में 66 रन दिए और सिर्फ एक विकेट हासिल किया। टूर्नामेंट में शाहीन खराब फॉर्म में नजर आ रहे हैं जिसका खामियाजा उनकी टीम को उठाना पड़ा। वकार यूनिस ने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए कहा, पाकिस्तान के लिए कोई भी मैच तब आसान हो जाता है जब शाहीन शुरुआती विकेट लेने में कामयाब रहते हैं। पिछले कुछ वर्षों में वो लगातार ऐसा करते भी आएं है लेकिन इन दिनों वो खराब फॉर्म में हैं। वो बहुत कोशिश कर रहे हैं मगर वो कामयाब नहीं हो रहे। उन्होंने पैड पर गेंदबाजी करते हुए, ऑफ स्टंप के बाहर और ओवर द विकेट की कोशिश की है लेकिन सफल नहीं हो रहे। पूर्व तेज गेंदबाज ने अनुमान लगाया कि शाहीन शायद किसी परेशानी से जूझ रहे होंगे जिसके बारे में टीम प्रबंधन को उनसे बात करनी चाहिए।

उनका फॉर्म में लौटना टीम के लिए अहम है क्योंकि अब पाकिस्तान को भारत के खिलाफ खेलना है। शाहीन का रिकॉर्ड भारत के खिलाफ शानदार रहा है। इसलिए, वह टीम का एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है पाकिस्तान का अगला मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत से होगा।

## शतकवीर कोहली, डी कॉक व मलान ने आईसीसी रैंकिंग में लगायी छलांग


**दुबई,** 11 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईसीसी एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप में शतकों की झड़ी ने बल्लेबाज रैंकिंग पर जबरदस्त प्रभाव डाला है। ताजा रैंकिंग में विराट कोहली, क्विंटन डी कॉक और डेविड मलान शीर्ष दस बल्लेबाजों की फेहरिस्त में शामिल हो चुके हैं।

गौरतलब है कि भारत में खेले जा रहे आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के शुरुआती आठ मैचों में दस शतक लग चुके हैं। श्रीलंका के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के डी कॉक के धमाकेदार शतक ने सलामी बल्लेबाज को एक पायदान ऊपर उठा कर छठा स्थान दिलाया है।

आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट विश्व कप के शुरुआती मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच पलटने वाली 85 रनों की पारी के बाद भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने दो पायदान ऊपर चढ़ कर सातवां स्थान हासिल किया है वहीं बांग्लादेश के खिलाफ 140 रन की मैच जिताऊ पारी खेलने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज मलान ने सात पायदान की छलांग लगायी है और अब वह आठवें स्थान पर है।

मलान अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 711 पर काबिज हो चुके है और कोहली से मात्र चार अंक पीछे हैं जबकि पाकिस्तान के इमाम-उल-हक से छह अंक आगे निकल आये हैं। इमाम तीन स्थान गिरकर नौवें स्थान पर आ गए हैं। भारत के कीपर-बल्लेबाज केएल राहुल 15 पायदान चढ़कर 19वें स्थान पर आ गये है जबकि दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला खिलाड़ी






एडेन मार्कराम 11 स्थान ऊपर उठकर अब 21वें स्थान पर हैं। श्रीलंका के खिलाफ 10 और नीदरलैंड के खिलाफ पांच रन बनाने वाले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम फिलहाल वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं जबकि शुभमन गिल बीमारी के कारण बाहर रहते हुए भी दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। शीर्ष गेंदबाजों ने भी क्रिकेट विश्व कप पर तत्काल प्रभाव डाला है। पिछली रैंकिंग में मोहम्मद सिराज के साथ स्थान साझा करने वाले ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड अब आईसीसी पुरुष वनडे बॉलिंग रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं। भारत के खिलाफ 3/38 विकेट लेने के बाद हेज़लवुड 669 से 682 रेटिंग अंक पर पहुंच गए, जिसमें रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर के शुरुआती विकेट भी शामिल थे। स्पिनर रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव के दम पर भारत ने वह मैच छह विकेट से जीता था जिन्होने ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी क्रम को तोड़ते हुए उन्हें 199 रनों तक सीमित करने में मदद की थी। सिराज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क का आखिरी विकेट लिया और 6.3 ओवर में 1/26 रन बनाए, लेकिन गेंदबाजी रैंकिंग में पांच अंक गिरकर दूसरे स्थान पर आ गए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 42 रन पर दो विकेट लेने वाले कुलदीप तीन पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि जडेजा (3/28) 22 स्थान ऊपर चढ़े हैं, लेकिन अभी भी शीर्ष 40 गेंदबाजों से बाहर हैं। न्यूजीलैंड के तेज तर्रार ट्रेंट बोल्ट दो स्थान ऊपर चढ़ कर तीसरे स्थान पर आ गये है और मैट हेनरी चार स्थान ऊपर उठकर पांचवें स्थान पर हैं।

बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन आईसीसी पुरुष वनडे ऑलराउंडर में शीर्ष स्थान पर हैं। उन्होने विश्व कप के शुरुआती दो मैचों में चार विकेट लिये थे। मिचेल सेंटनर 2/37 के स्कोर के बाद शीर्ष 10 में ऊपर चढ़ने वाले एकमात्र ऑलराउंडर हैं। इंग्लैंड के ख़िलाफ़ 5/59 और तेज़-तर्रार नाबाद 36 रन की पारी के साथ उन्हे प्लेयर-ऑफ़-द-मैच चुना गया था।

## सार संक्षेप

### बास्केटबॉल चैंपियंस लीग में इजरायल के शुरुआती मुकाबले स्थगित

**जेरूसलम।** बास्केटबॉल चैंपियंस लीग में अगले सप्ताह होने वाले इजरायली टीमों के शुरुआती मैच इजरायल में सुरक्षा स्थिति के कारण स्थगित कर दिए गए हैं। इंटरनेशनल बास्केटबॉल फेडरेशन (फीबा) और इज़राइल बास्केटबॉल एसोसिएशन (आईबीबीए) ने मंगलवार को अलग-अलग बयानों में यह घोषणा की। फीबा के निर्णय में हापोएल जेरूसलम और एसएल बेनफिका के बीच ग्रुप जी का खेल शामिल है, जो शुरू में इज़राइल में 17 अक्टूबर के लिए निर्धारित था जबकि ग्रुप एफ में टेलीकॉम बॉन और हापोएल होलोन के बीच मैच जर्मनी में अगली शाम खेला जाना था। फीबा ने जारी बयान में कहा कि इजरायल में परिस्थितियाँ अनुकूल होने पर नई तारीखों की घोषणा की जायेगी। यह निर्णय आईबीबीए से विचार विमर्श के बाद लिया गया है। इस बीच यूरोपीय हैंडबॉल महासंघ के अनुसार महिला हैंडबॉल यूरो 2024 क्वालीफायर में इज़राइल के दो शुरुआती मैच, बुधवार को स्लोवाकिया के खिलाफ और शनिवार को जर्मनी के खिलाफ भी स्थगित कर दिए गए है। इज़राइल हैंडबॉल एसोसिएशन ने कहा कि इज़राइल में अधिकांश महिला और पुरुष टीमों के विदेशी खिलाड़ी सुरक्षा स्थिति के कारण देश छोड़ चुके हैं।

### सिंधु ओकुहारा को हराकर आर्कटिक ओपन के अगले राउंड में पहुंची

**वांटा।** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने आर्कटिक ओपन 2023 महिला एकल स्पर्धा के पहले दौर में जापान की नोजोमी ओकुहारा को हराकर अगले राउंड में पहुंच गयी है। सिंधु ने फिनलैंड के वांटा में एनर्जिया एरिना 3 के कोर्ट पर मंगलवार को खेले गये बीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबले में जापान की ओकुहारा को 21-13, 21-6 से शिकस्त दी। सिंधु आर्कटिक ओपन बैडमिंटन 2023 के महिला एकल के राउंड ऑफ 32 मैच में ओकुहारा को हराकर अगले राउंड में पहुंच गई है। भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी ने शानदार शुरुआत की और ब्रेक तक 11-6 के स्कोर के साथ 5 अंकों की बढ़त हासिल कर ली। ब्रेक के बाद भी पीवी सिंधु ने गेम पर अपना नियंत्रण बरक़रार रखा और नोज़ोमी के ख़िलाफ़ कोर्ट पर अपना वर्चस्व कायम करते हुए पहला गेम 21-13 से जीत लिया। दूसरे गेम में भी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने शानदार लय जारी रखते हुए ब्रेक तक 8 अंक की बड़ी बढ़त के साथ अपनी जापानी प्रतिद्वंदी पर दबाव बनाए रखा और ओकुहारा को कोई मौक़ा नहीं दिया तथा 21-6 से दूसरा गेम जीतकर मैच को अपने नाम किया। उल्लेखनीय है दोनों खिलाड़ियों के बीच यह 19वां मुक़ाबला था जिसमें जीतने के साथ ही भारतीय खिलाड़ी हेड-टू-हेड आंकड़ों में नोज़ोमी ओकुहारा के ख़िलाफ़ 10-9 से आगे हो गईं हैं। दोनों दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ियों के बीच विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में भी दो बार मुक़ाबला हुआ है जहां दोनों ने एक-एक बार जीत दर्ज की है।